CMYK

अधिकतम :41°C
न्यूनतम: 27°C
तापमान

सेंसेक्स
82,530.74
25,061.10

सोना 95,100
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, शुक्रवार 16 मई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 195 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 17 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**शुभांशु शुक्ला आठ जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## कश्मीर: सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के दक्षिणी हिस्से में अवंतीपोरा में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद नादेर, त्राल इलाके में घेराबंदी की गई और तलाशी अभियान शुरू किया गया, जिसके बीच तड़के मुठभेड़ शुरू हुई। मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए। हालांकि तीनों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और न ही यह जानकारी मिल पाई है कि वे किस आतंकवादी संगठन से जुड़े हैं। तलाशी अभियान अभी जारी है। मंगलवार के बाद से दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच हुई यह दूसरी मुठभेड़ है।

## अमित शाह ने घायल सुरक्षाकर्मियों से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर नक्सल विरोधी अभियान में घायल सुरक्षाकर्मियों से यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स में जाकर मुलाकात की और उनका हाल चाल पूछा। श्री शाह दोपहर को एम्स में ट्रामा सेंटर गए और वहां भर्ती सुरक्षाकर्मियों से बातचीत की तथा उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उनके साथ छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा भी थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने सुरक्षाकर्मियों से बात की सफल अभियान के लिए उनकी सराहना की।

## डा. अजय कुमार ने यूपीएससी अध्यक्ष का पद संभाला

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय के पूर्व सचिव डा. अजय कुमार ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग-यूपीएससी के अध्यक्ष पद के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। आयोग के सबसे वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने उन्हें शपथ दिलाई। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी कानपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक करने के बाद डा. अजय कुमार ने अमेरिका के मिनेसोटा विश्वविद्यालय से एप्लाइड इकोनॉमिक्स में एमएस और मिनेसोटा विश्वविद्यालय के कार्लसन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में पीएचडी की है।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को सौंपा डोजियर

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 प्रतिबंध समिति में पाकिस्तान के आतंकवादी गिरोह लश्कर-ए-तैयबा के संगठन टीआरएफ पर प्रतिबंध लगवाने के मकसद से आई एक भारतीय तकनीकी टीम ने संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की और टीआरएफ के बारे में एक डोज़ियर सौंपा। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने भारतीय तकनीकी टीम की यात्रा के बारे बताया कि संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय के प्रभारी अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोनकोव और आतंकवाद निरोधक सीटीईडी की सहायक महासचिव नतालिया गेरमैन ने भारत के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की।

# समूचे आतंकी ढांचे के खात्मे तक सिंधु जल संधि पर रहेगी रोक

## विदेश मंत्री एस.जयशंकर का पाकिस्तान को करारा जवाब

**कहा: कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी**

**पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को दो टूक शब्दों में कहा कि सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी, जब तक पाकिस्तान स्थायी तौर पर सीमापार आतंकवाद खत्म नहीं करता। कश्मीर पर सिर्फ पाकिस्तान के अवैध कब्जे को खाली कराने को लेकर बात होगी।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने यहां होंडुरास के नए दूतावास का उद्घाटन के अवसर पर मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारे लिए यह बहुत अच्छी बात है कि हमारे पास होंडुरास का नया दूतावास है। होंडुरास उन देशों में से एक है, जिन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले के समय मजबूत एकजुटता व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के दोषियों की जवाबदेही तय करने के हमारे पक्ष को वास्तव में बहुत अधिक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन मिला। हमारे पक्ष में एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रस्ताव था, जिसमें कहा गया था कि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और 7 मई को उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से जवाबदेह ठहराया गया। एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हमारे संबंध और व्यवहार पूरी तरह से द्विपक्षीय होंगे। यह वर्षों से राष्ट्रीय सहमति है, और इसमें बिल्कुल भी बदलाव नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ बातचीत केवल आतंकवाद पर होगी। पाकिस्तान के पास आतंकवादियों की एक सूची है, जिसके आधार पर आतंकवादियों को पकड़ कर हमें सौंपने और आतंकवादियों के बुनियादी ढांचे को बंद करने की आवश्यकता है। वे जानते हैं कि उन्हें क्या करना है। हम उनके साथ आतंकवाद के बारे में चर्चा करने के लिए तैयार हैं। ये वे वार्ताएं हैं, जो संभव हैं। सिंधु जल संधि पर पुनर्विचार करने के पाकिस्तान के अनुरोध के बारे में पूछे जाने पर डा. जयशंकर ने कहा कि सिंधु जल संधि पर रोक है और तब तक रोक जारी रहेगी जब तक पाकिस्तान द्वारा सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से नहीं रोका जाता। कश्मीर पर चर्चा के लिए केवल एक ही बात बची है, वह है पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली करना। हम इस चर्चा के लिए तैयार हैं। अमेरिका के साथ टैरिफ संबंधी मुद्दों के बारे में चर्चा करने पर विदेश मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता -शेष पृष्ठ दो पर



## पाकिस्तान के परमाणु हथियार आईएईए की निगरानी में रखे जाएं: राजनाथ

**श्रीनगर।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की निगरानी में रखा जाना चाहिए।



रक्षा मंत्री श्रीनगर में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने कई बार भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है।

आज श्रीनगर की धरती से मैं पूरी दुनिया के सामने यह सवाल उठाना चाहता हूं कि क्या ऐसे गैरजिम्मेदार और दुष्ट देश के हाथों में परमाणु हथियार सुरक्षित हैं? मेरा मानना है कि पाकिस्तान के परमाणु हथियारों को आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी) की निगरानी में रखा जाना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि भारत के बारे में पूरी दुनिया जानती है कि हमने हमेशा शांति को प्राथमिकता दी है। हम कभी भी युद्ध का समर्थन नहीं करते हैं, लेकिन जब ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो हमारे बलों को पूरे देश में सम्मान के साथ देखा जाता है।

## सेना प्रमुख ने की ऑपरेशन सिंदूर में सैनिकों की बहादुरी और सतर्कता की सराहना

**श्रीनगर।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एलओसी पर पूरा नियंत्रण रखने के लिए सैनिकों की वीरता, ऊर्जा और सतर्क कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने यह बात उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में एलओसी पर तैनात सैनिकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने उच्च स्तर की परिचालन तैयारियों को बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया और सैनिकों से किसी भी चुनौती का निर्णायक ताकत के साथ जवाब देने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। सेना के एडीजीपीआई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि जनरल द्विवेदी ने श्रीनगर स्थित चिनार कोर के डैगर डिवीजन के अग्रिम ठिकानों का दौरा किया।

## कर्नल सोफिया कुरैशी मामले में विजय शाह को अंतरिम राहत देने से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मप्र के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के मामले में प्रदेश उच्च न्यायालय के निर्देश के खिलाफ रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया और कहा कि इस मामले पर शुक्रवार (आज) को सुनवाई की जाएगी। उच्च न्यायालय ने मंत्री की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर स्वत: संज्ञान लेकर राज्य सरकार को उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिया था। श्री शाह की ओर से उसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई है। शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने गुरुवार को इस याचिका का उल्लेख किए जाने पर कहा कि मंत्री शाह ने ऐसी टिप्पणी की है जो गैर-जिम्मेदाराना है।

# नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर अंतरिम रोक बरकरार रहेगी

**20 मई की सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे बहस के लिए दिए जाएंगे**

**वक्फ संशोधन कानून की विवादित धाराओं पर रोक का जारी रहना एक आशाजनक प्रगति: मौलाना मदनी**



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई अगले सप्ताह मंगलवार को करने का आदेश दिया।

अगली सुनवाई में अदालत, अंतरिम स्टे से संबंधित पक्षकारों की दलीलों को सुनेगी। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दाखिल याचिकाओं पर बहस के लिए वकीलों को दो-दो घंटे का समय दिया जाएगा, और विपक्षी और पक्ष को जवाब देने के लिए भी दो घंटे का समय दिया जाएगा। अदालत ने यह स्पष्ट किया कि बहस के लिए वकीलों की नियुक्ति पक्षकारों पर छोड़ दी गई है, लेकिन दोनों पक्ष तय समय के अनुसार ही बहस कर सकेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि उन्होंने एक संक्षिप्त नोट तैयार किया है, जिसके आधार पर ही बहस की जाएगी। कपिल सिब्बल द्वारा तैयार नोट का जवाब केंद्र सरकार सोमवार तक अदालत में दाखिल करेगी, इस बात की पुष्टि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश को दी है। अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगा। कपिल सिब्बल के अनुरोध पर अदालत ने केंद्र सरकार द्वारा विवादित धाराओं पर दी गई आश्वासन को अगली सुनवाई तक बरकरार रखने का आदेश दिया है। गुरुवार को भी अदालत में वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में दाखिल याचिका पर बहस करने की अनुमति मांगी गई, जिसे मुख्य न्यायाधीश ने अस्वीकार कर दिया और कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## बांके बिहारी मंदिर की धनराशि को कॉरिडोर बनाने पर खर्च कर सकेगी यूपी सरकार

**नई दिल्ली।** उप्र सरकार वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर की धनराशि (फंड) का उपयोग कॉरिडोर विकास के लिए कर सकेगी। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को अनुमति देते हुए कहा कि वह इस धनराशि से कॉरिडोर के लिए मंदिर के आसपास पांच एकड़ भूमि खरीद सकती है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया है कि जिस भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, उसका मंदिर के देवता के नाम पर पंजीकरण कराना होगा। कोर्ट ने कॉरिडोर के लिए राज्य सरकार की 500 करोड़ रुपये की विकास योजना को ध्यान में रखते हुए बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट की सावधि जमा राशि के उपयोग की अनुमति दे दी। वृंदावन के श्रीबांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर निर्माण मामले में 20 नवम्बर 2023 को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार की याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि कॉरिडोर का निर्माण हो, लेकिन इसमें मंदिर फंड का इस्तेमाल न करें। सरकार अपने स्तर से इसका खर्च वहन करे।

## भारत-पाक सीजफायर पर पांच दिन बाद ट्रम्प का यू-टर्न



**पहले कहा था सीजफायर कराया, अब बोले- मैंने सिर्फ मदद की**

**दोहा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 5 दिन बाद भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराने के अपने बयान से पलट गए हैं। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता नहीं कराई, लेकिन मैंने मदद की है।

ट्रम्प ने कहा कि मैं ये नहीं कहता कि ये मैंने किया, लेकिन ये पक्का है कि पिछले हफ्ते भारत-पाकिस्तान के बीच जो हुआ, मैंने उसे सेटल करने में मदद की। भारत- पाकिस्तान के बीच और भी भयावह हमले हो सकते थे। दोनों देशों ने अचानक मिसाइल दागनी शुरू कर दी, लेकिन हमने सब सेटल कर दिया। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच मध्यस्थता का ऐलान किया था। उन्होंने कहा था कि मुझे यह ऐलान करते हुए खुशी हो रही है कि अमेरिका की मध्यस्थता में एक लंबी बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान पूर्ण और तत्काल युद्धविराम पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों को समझदारी दिखाने के लिए बधाई। डोनाल्ड ट्रम्प दोहा में अल उदीद एयरबेस पर अमेरिकी सैनिकों को संबोधित कर रहे थे, उनके पीछे मंच पर शक्ति के जरिये शांति का बैनर लगा था। मुझे उम्मीद है कि मैं यहां से बाहर नहीं निकलता और दो दिन बाद पता चलता कि मामला सुलझा नहीं है, लेकिन मामला सुलझ गया। मैंने दोनों से व्यापार को लेकर बात की। मैंने कहा कि युद्ध के बजाय व्यापार करें। पाकिस्तान बहुत खुश था, भारत बहुत खुश था।

# इस्लाम में बहु विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई



**हाईकोर्ट ने मौलवियों से कहा: वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश में कहा है कि इस्लाम में बहु-विवाह की अनुमति शर्तों के साथ दी गई है, लेकिन कुछ मुस्लिम स्वार्थ व सेक्स की पूर्ति के लिए शादी कर इस्लामी कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं।

कोर्ट ने मौलवियों से कहा है कि वह देखें कि इस्लामिक कानून का दुरुपयोग न होने पाए। कोर्ट ने कहा शरियत कानून के तहत मुस्लिम चार शादी कर सकता है बशर्ते सभी के साथ समान व्यवहार करें। शरियत में प्रतिबंधित शादी करने पर बातिल (शून्य) घोषित करने का प्रावधान है,ऐसी अर्जी की शरियत कानून के तहत परिवार अदालतों को सुनवाई कर तय करने का क्षेत्राधिकार है, जो बिना अधिकार मौलवियों द्वारा किया जा रहा है। कोर्ट ने कहा कि इस्लामिक कानून के अलावा अन्य कानूनों में शादी करने वाला यदि धर्म बदलकर इस्लाम अपनाकर दूसरी शादी करता है, तो यह द्विविवाह का अपराध माना जाएगा।

## मणिपुर में मुठभेड़ 10 उग्रवादी ढेर

**इंफाल।** मणिपुर के चंदेल जिले में गुरुवार को असम राइफल्स और उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ में 10 उग्रवादी मारे गए। भारत-म्यांमार बॉर्डर पर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। सेना की ईस्टर्न कमान ने बताया कि 14 मई को न्यू समताल गांव के पास उग्रवादियों की गतिविधि की जानकारी मिली थी। इसके बाद असम राइफल्स की यूनिट ने सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान उग्रवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में 10 उग्रवादी मारे गए। इनके पास से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। इधर, सुरक्षाबलों ने मणिपुर के 4 जिलों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े सात उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां थोउबाल, काकचिंग, बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों से हुई हैं।

# जेएनयू की राह पर चला जामिया, तुर्की से की 'तौबा'

**विश्वविद्यालय ने हर तरह का समझौता किया निलंबित**





**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ भारत द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर में तुर्की ने पाकिस्तान को मदद की। इसके बाद देशभर में तुर्की का बहिष्कार किया जा रहा है।

इसी कड़ी में गुरुवार को जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली ने भी एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। जामिया ने तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी तरह के समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है। बुधवार को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) ने भी तुर्की के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया था। जामिया मिलिया इस्लामिया के एक्स अकाउंट पर पोस्ट डालकर इसकी जानकारी दी गई है, जिसमें लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर, तुर्की सरकार से संबद्ध किसी भी संस्थान के बीच किसी भी समझौता ज्ञापन (एमओयू) को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक निलंबित किया गया है। जामिया मिलिया इस्लामिया राष्ट्र के साथ मजबूती से खड़ा है।

## तुर्की की कंपनी का भारत में सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द

**नई दिल्ली।** भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान की जवाबी सैन्य कार्रवाई में उसकी मदद करने वाले तुर्किए के खिलाफ एक और सख्त कदम उठाते हुए गुरुवार को उसकी कंपनी सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सिक्योरिटी क्लियरेंस रद्द कर दी। नागर विमानन मंत्रालय ने एक आदेश जारी कर कहा कि ग्राउंड हैंडिलिंग एजेन्सी श्रेणी में सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का सिक्योरिटी क्लियरेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया जा रहा है। नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो के महानिदेशक ने कहा है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा के हितों को देखते हुए उठाया गया है। यह कंपनी दिल्ली और मुंबई हवाई अड्डों पर काम कर रही थी।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा परामर्श

## क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के लिए राष्ट्रपति व राज्यपालों के लिए कोई समयसीमा निर्धारित कर सकता है

शाह टाइम्स ब्यूरो



**पूछा: क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है**

**क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं?**

**क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना उचित है?**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय से इस सवाल पर आधिकारिक राय मांगी है कि क्या न्यायालय विधेयकों को मंजूरी देने या न देने के मामले में राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित कर सकता है।

राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 143(1) के तहत इस मुद्दे पर शीर्ष न्यायालय से राय मांगी है। राष्ट्रपति ने 13 मई को भेजे गए इस संदर्भ में 14 प्रश्नों पर न्यायालय की राय मांगी है। इनमें यह भी पूछा गया है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति द्वारा संवैधानिक विवेक का प्रयोग न्यायोचित है। उन्होंने पूछा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 200 और अनुच्छेद 201 के तहत किसी कानून को लागू किए जाने से पहले उस पर क्रमश: राज्यपाल और राष्ट्रपति के निर्णय न्यायोचित हैं? क्या न्यायालयों के लिए किसी विधेयक की विषय-वस्तु पर न्यायिक निर्णय लेना (किसी भी तरीके से कानून बनने से पहले) उचित है? इसमें यह भी पूछा गया कि क्या न्यायालय अनुच्छेद 142 के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग कर राष्ट्रपति/राज्यपाल के/द्वारा दिए गए आदेशों को किसी भी तरीके से प्रतिस्थापित कर सकता है। यह भी राय मांगी गई है कि क्या राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल की स्वीकृति के बिना लागू हो सकता है। संदर्भ में आगे पूछा गया कि क्या संविधान के अनुच्छेद 145(3) के प्रावधान के मद्देनजर, इस न्यायालय (शीर्ष अदालत) की किसी भी पीठ के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह पहले यह तय करे कि उसके समक्ष कार्यवाही में शामिल प्रश्न ऐसी प्रकृति का है, जिसमें संविधान की व्याख्या के रूप में महत्वपूर्ण कानूनी मुद्दा जुड़ा है और उसे कम से कम पांच न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष भेजा जाए। राष्ट्रपति ने यह भी जानना चाहा है कि क्या संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उच्चतम न्यायालय की शक्तियां प्रक्रिया संबंधी कानूनों तक के लिए ही सीमित हैं।

## केंद्र जल्द नए स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए: सुप्रीम कोर्ट

**300 पेंडिंग केस वाले जिलों को प्राथमिकता दें**

**इनकी कमी से मामले निपटने में देर हो रही**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सरकार को निर्देश दिया कि वह बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों के मामलों से निपटने के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पोक्सो कोर्ट बनाए।

कोर्ट ने कहा कि कई राज्यों ने स्पेशल पोक्सो कोर्ट बनाए हैं, लेकिन तमिलनाडु, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में केस पेंडेंसी के चलते और ज्यादा कोर्ट बनाए जाने की जरूरत है। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने कहा कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के मामलों के लिए स्पेशल कोर्ट कम होने के कारण मामले की जांच करने के लिए डेडलाइन का पालन नहीं हो पा रहा है। कोर्ट ने पोक्सो केस के लिए निर्धारित डेडलाइन के अंदर ट्रायल पूरा करने के अलावा निर्धारित अवधि के भीतर चार्जशीट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट और एमिकस क्यूरी वी गिरी और सीनियर एडवोकेट उत्तरा बब्बर को पोक्सो कोर्ट की स्थिति पर राज्यवार डीटेल देने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकारों से उन जिलों में दो कोर्ट बनाने को कहा जहां पोक्सो अधिनियम के तहत बाल शोषण के पेंडिंग मामलों की संख्या 300 से ज्यादा है।

## संक्षिप्त समाचार

### मप्र के मंत्री पर भाजपा के एक्शन का इंतजार: मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि कर्नल सोफिया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक्शन की पूरे देश को प्रतीक्षा है। सुश्री मायावती ने एक्स पर पोस्ट किया पहलगाम हत्याकाण्ड के बाद पाकिस्तान में आतंकियों के विरुद्ध सेना के आपरेशन सिंदूर की नायिका मुस्लिम महिला कर्नल को लेकर अभद्र टिप्पणी करने वाले मध्य प्रदेश के मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट की सख्ती के बाद कल देर रात दर्ज एफआईआर उचित, किन्तु भाजपा की ओर से एक्शन की देश को प्रतीक्षा। उन्होंने कहा कि देश में साम्प्रदायिक व जातिवादी द्वेष, नफरत, हिंसा व तनाव फैलाने वालों के खिलाफ, कोर्ट से पहले, राज्य सरकारों को बिना भेदभाव कार्रवाई करके अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाना जरूरी, वरना अपेक्षित विकास बाधित होता रहेगा, जो जन व देशहित में सही नहीं।

### सीएम योगी तिलक विरोधी: अखिलेश

**अमेठी।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने गुरुवार को अमेठी दौरे के दौरान यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ पर तीखा हमला बोला। उन्होंने योगी सरकार पर ब्राह्मण विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री तिलक विरोधी हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से कई मुद्दों पर बातचीत की। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने मुख्यमंत्री को लेकर ये टिपण्णी कर दी। सपा चीफ अखिलेश यादव ने कहा कि हमें अपनी बहादुर फौज पर गर्व है, हमारे फौजी दुनिया की जो फौजें हैं, उनसे कठिन परिस्थितियों में देश की सीमाओं की रक्षा करती हैं। कर्नल सोफिया के बारे में जो कहा भारतीय जनता पार्टी ने यही इनका चाल चरित्र चेहरा है।अखिलेश यादव ने कहा कि पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक भाई, आधी आबादी और जो पीड़ित हैं, दु:खी हैं, हम उसके साथ हैं। इससे पहले अखिलेश ने बीजेपी पर तंज भी खूब कसे और कहा कि भारतीय जनता पार्टी अमेठी में गुमशुदा है।

### बर्खास्त शिक्षकों ने राज्य शिक्षा विभाग मुख्यालय का किया घेराव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल शिक्षा विभाग के मुख्यालय 'विकास भवन' का शुक्रवार को हजारों बर्खास्त शिक्षकों ने घेराव कर अपनी बहाली की मांग की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बर्खास्त शिक्षकों का विरोध प्रदर्शन वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के संबंध में उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद उनकी नौकरी समाप्त किए जाने के खिलाफ था। शिक्षकों को कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश द्वारा बर्खास्त किया गया था, जिसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा था। गौरतलब है कि उच्च न्यायालय ने कथित नकद- नौकरी घोटाले के बाद सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 26,000 शिक्षकों को प्रभावित करने वाले एक फैसले के तहत वर्ष 2016 के पूरे पैनल की भर्ती रद्द कर दी थी। इस मामले में तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया था और वह अब न्यायिक हिरासत में हैं।

### सीड पार्क, नई दुग्ध नीति को मंजूरी के प्रस्तावों पर मंजूरी

# योगी कैबिनेट में 10 प्रस्तावों पर मुहर

**लखनऊ।**

यूपी कैबिनेट की गुरुवार को लखनऊ में हुई बैठक में सीड पार्क से लेकर नई दुग्ध नीति, पंचायत उत्सव भवन समेत कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज कैबिनेट में 10 अहम प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर के सफलता पर पर भी चर्चा हुई, जिसके बाद कैबिनेट द्वारा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को अभिनन्दन प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

कैबिनेट ने यूपी में सीड पार्क स्थापित करने को मंजूरी दी है। यह सीड पार्क भारत रत्न पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह जी के नाम पर होगा। इस पार्क को लखनऊ में 130.63 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा। इसके लिए 251.70 करोड़ की लागत आएगी। नगर विकास विभाग में अमृत योजना अंतर्गत निकायों के निकाय अंश को घटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अमृत योजना 1 में 7 निकायों के 90 करोड़ धनराशि के निकाय अंश को माफ किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी गई। उत्तरप्रदेश दुग्धशाला विकास एवं दुग्ध उत्पाद प्रोत्साहन नीति 2022 में संशोधन को मंजूरी दी गई है। इससे प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा।

नई दुग्ध प्रसंस्करण यूनिट स्थापना में पूंजीगत अनुदान 35 प्रतिशत किया जाएगा। औद्योगिक विकास विभाग के लिए मेसर्स आरसीसीपीएल रायबरेली को सब्सिडी में सुधार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। जेके सीमेंट प्रयागराज 450.92 करोड़, मून बेव. रेज लिमिटेड हापुड़ 469.61 करोड़, सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर 403.88 करोड़, ग्लोबल स्पिलट्स लिमिटेड लखीमपुर 399.74 करोड़, चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी दी गई। ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सभाओं के बैठकों आदि में होने वाले व्ययों के फंड को प्रोत्साहित करने की नीति को मंजूरी मिली। पंचायत उत्सव भवन के नामकरण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नागरिक उड्डयन विभाग में निदेशालय में संविदा पर कार्यरत कार्मिकों के पारिश्रमिक के पुनर्निधारण प्रस्ताव को मंजूरी मिली। कार्मिकों में (पायलट,को पायलट, इंजीनियर, एयरोनॉटिकल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट के कार्मिकों व तकनीकी गैर तकनीकी स्टाफ)को सातवें वेतन आयोग दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।

### सिल्वर पल्प एंड पेपर मिल मुजफ्फरनगर के लिए 403.88 करोड़ रुपये मंजूर



■ चांदपुर इंटरप्राइजेज 273.9 करोड़ को एलओसी दिए जाने को मंजूरी, लखनऊ में चौ. चरण सिंह के नाम पर होगा सीड पार्क

### यूपी में 30 करोड़ से ज्यादा की दवाएं जब्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी के निर्देश पर सरकार ने नकली दवाओं के गोरखधंधे के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग ने पूरे प्रदेश में छापेमारी अभियान चलाकर 30 करोड़ 77 लाख रुपये की नकली दवाएं जब्त की हैं। कार्रवाई के दौरान 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस रद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, 6 दवा निर्माण कंपनियों और 5 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं।

### सचिवालय कर्मियों के 25 फीसद तक बढ़े भत्ते

**लखनऊ।** यूपी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सचिवालय प्रशासन विभाग में तैनात अलग-अलग कैडर के कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम योगी ने इन कर्मचारियों और अधिकारियों के विशेष भत्तों में 25 फीसद की बढ़ोतरी की है। गुरुवार को वित्त विभाग ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिए हैं। योगी सरकार के इस फैसले से 3500 से अधिक कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। योगी सरकार के इस फैसले के बाद सचिवालय में कंप्यूटर तकनीशियन के विशेष भत्ते को अब 790 रुपये से बढ़ाकर 950 रुपये तक कर दिया गया है. इसके साथ ही सहायक समीक्षा अधिकारी और उनके समकक्ष वेतनमान अधिकारियों को जिन्हें अब तक विशेष भत्ते के तौर पर 1,070 रुपये दिए जाते थे, उसे बढ़ाकर 1,275 रुपये कर दिया गया है। इनके साथ ही समीक्षा अधिकारी का विशेष भत्ते में भी इजाफा किया गया है। इन अधिकारियों का विशेष भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 1,800 रुपये कर दिया गया है। सचिवालय के अनुभाग अधिकारी के पदों के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतनमान 1,880 रुपये से बढ़कर 2,250 रुपये हो गए है। सचिवालय सेवा के लिए विशेष भत्ता और उनके समकक्ष वेतन पैमाने के अधिकारियों को अब 1,940 रुपये दिए जाते थे, जिन्हें बढ़ाकर 2,350 रुपये से बढ़कर किए गए हैं। सचिवालय सेवा उपसचिव के विशेष भत्ते को 2,070 रुपये से बढ़ाकर 2,500 रुपये किया गया है। संयुक्त सचिव व उनके समकक्ष अधिकारियों का विशेष भत्ता 2,500 से 2,700 रुपये हो गया है। सचिवालय सेवा के विशेष सचिव और इसके समकक्ष वेतनमान के अधिकारी को 2,500 रुपये विशेष भत्ता मिलता था, जो अब बढ़कर 3,000 रुपये हो गया है।

## जाति जनगणना पर कांग्रेस के दबाव में झुके मोदी: राहुल गांधी

**दरभंगा, वार्ता**



■ तेलंगाना की तर्ज पर की जानी चाहिए जनगणना

कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन उनकी (श्री गांधी) ओर से लगातार जारी दबाव में आकर उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना कराने की घोषणा की है।

गांधी ने गुरुवार को यहां जिला प्रशासन के निर्देशों की अवहेलना करते हुए अंबेडकर छात्रावास में छात्रों को संबोधित किया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे। यह उनका दबाव था, जिसने मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि यदि राष्ट्रीय स्तर पर जाति गणना पूर्ण हुई, तो यह समाज के वंचित और उत्पीड़ित वर्ग के हित में होगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके। उन्होंने कहा कि तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई। अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए। गांधी ने कहा कि देश में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी), अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना और उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायपालि.का, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है। हालांकि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत सूचीबद्ध मजदूरों में उनकी संख्या सबसे अधिक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार को निजी संस्थानों में एससी, एसटी, ओबीसी और ईबीसी के लिए आरक्षण का प्रावधान करना चाहिए। इन वर्गों के आरक्षण के लिए कानून तो है, लेकिन इसे न तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और न ही बिहार में श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार लागू कर रही है।

## राहुल को संवाद करने से रोकने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि वह बिहार के दरभंगा में अम्बेडकर हॉस्टल में दलित तथा पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें रोका जा रहा है। हालांकि संविधान और लोकतंत्र में तानाशाही से कोई उन्हें रोक नहीं सकता है।

गांधी को दलित छात्रों से संवाद करने से रोकने की खबर आते ही कांग्रेस का गुस्सा भड़क गया और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार के इस प्रयास को तानाशाही करार दते हुए इसे निंदनीय करार दिया। उन्होंने कहा कि बिहार न्याय और क्रांति की धरती है और वहां की जनता इस तरह की तानाशाही बर्दाश्त नहीं करेगी। इससे पहले गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि बिहार में एनडीए की 'डबल इंजन धोखेबाज़ सरकार' मुझे अंबेडकर हॉस्टल में दलित और पिछड़े छात्रों से बातचीत करने से रोक रही है। संवाद कब से अपराध हो गया। नीतीश आप किस बात से डर रहे हैं। क्या बिहार में शिक्षा और सामाजिक न्याय की स्थिति छुपाना चाहते हैं। भारत लोकतंत्र है, संविधान से चलता है, न कि तानाशाही से, हमें सामाजिक न्याय और शिक्षा के लिए आवाज़ उठाने से कोई नहीं रोक सकता। खड़गे ने कहा कि अब क्या दलित, वंचित, पिछड़े वर्ग के छात्रों से संवाद करना संविधान के खिलाफ है। क्या उनकी शिक्षा, उनकी भर्ती परीक्षा और नौकरियों के बारे में उनसे बात. चीत करना कोई पाप है।



■ दलित और पिछड़ा वर्ग के छात्रों से संवाद करना चाहते थे राहुल

### सशस्त्र बलों की वीरता को सलाम करने को करेंगे जय हिंद सभाएं: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद सशस्त्र बलों की सशक्त जवाबी कारवाई को सलाम करने के लिए पार्टी देशभर जय हिंद सभाओं का आयोजन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर यह जानकारी देते हुए आज बताया कि कांग्रेस सशस्त्र बलों की सर्वोच्च वीरता और सफलता को सलाम करने के लिए पूरे भारत में 'जय हिंद सभा' आयोजित करेगी।

## लखनऊ में चलती एसी बस में आग, पांच लोग जिंदा जले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ पिता के सामने बेटा-बेटी की मौत, इमरजेंसी गेट नहीं खुला बिहार से दिल्ली जा रही थी

**लखनऊ।** लखनऊ में गुरुवार सुबह चलती एसी बस में आग लग गई। हादसे में 5 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। मृतकों में मां-बेटी, भाई-बहन और एक युवक है। बस में करीब 80 यात्री थे। स्लीपर बस बिहार के बेगूसराय से दिल्ली जा रही थी। हादसा सुबह 4.40 बजे आउटर रिंग रोड (किसान पथ) पर मोहनलालगंज के पास हुआ। उस वक्त ज्यादातर यात्री सो रहे थे।

यात्रियों ने बताया कि बस में अचानक धुआं भरने लगा। लोगों को कुछ समझ नहीं आया। कुछ ही मिनटों में आग की तेज लपटें उठने लगीं। बस के अंदर भगदड़ मच गई। ड्राइवर और कंडक्टर बस छोड़कर भाग गए। ड्राइवर की सीट के पास एक एक्स्ट्रा सीट लगी थी। ऐसे में यात्रियों को नीचे उतरने में दिक्कत हुई। कई यात्री फंसकर गिर गए। आसपास के लोगों ने पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां पहुंचीं, तब तक पूरी बस जल चुकी थी। दमकल ने करीब 30 मिनट में आग बुझाई। टीम अंदर पहुंची, तो जले हुए 5 शव मिले। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने कहा कि बस का परमिट 2023 में ही समाप्त हो चुका था। मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यात्री राम बालक महतो ने बस मालिक, ड्राइवर और क्लीनर के खिलाफ मोहनलालगंज थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि राम बालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

### बलरामपुर में ट्रक-कार में भिड़ंत, पांच मरे, आठ घायल

**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेश में बलरामपुर जिले के कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चकवा चौकी के पास गुरुवार देर रात हुई भीषण सड़्क दुर्घटना में बारात से लौट रहें एक ही परिवार के पांच लोगो की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार इटियाथोक थाना क्षेत्र के कस्बा से पिंटू कुमार अपने परिवार संग कार से श्रावस्ती जिले के भालुहिया वीरपुर गांव में बहन के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था उन्होंने बताया कि इस हादसे में अजय कुमार (35), फूल बाबू (35), विजय कुमार (40), शिवकुमार (22) और मासूम आदित्य (8) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि अन्य आठ लोग घायल हो गए।

### ट्रक की आटो में टक्कर छह की मौत, तीन गंभीर

**हरदोई।** यूपी के हरदोई में एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। ट्रक ने सवारियों से भरे ऑटोरिक्शा को टक्कर मार दी। आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो चुका था। सभी घायलों को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल आरोपी ट्रक ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी गई है। यह हादसा कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांगरमऊ संडीला मार्ग पर हुआ। हरदोई के पुलिस अधीक्षक नीरज जादौन ने बताया कि गुरुवार को सुबह पौने नौ बजे कासिमपुर थाना क्षेत्र के बांग. रमऊ संडीला मार्ग पर यह हादसा हुआ। इस दुर्घटना में तीन लोग गंभीर घायल हैं, जिसमें एक छोटा बच्चा भी शामिल है। दो को लखनऊ रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक, हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। सूचना पाकर संडीला सीओ सतेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर सीएचसी संडीला भेजा।


## अर्थ व्यापार

## चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता की प्रगति और स्थानीय स्तर पर महंगाई घटने से ब्याज दरों में कटौती होने की उम्मीद में हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शुक्रवार को शेयर बाजार में तूफानी तेजी रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1200.18 अंक अर्थात 1.48 प्रतिशत की छलांग लगाकर 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,530.74 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 395.20 अंक यानी 1.60 प्रतिशत उछलकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर 25062.10 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 44,625.55 अंक और स्मॉलकैप 0.94 प्रतिशत की तेजी लेकर 50,450.47 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2637 में तेजी जबकि 1327 में गिरावट रही, वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2942 कंपनियों के शेयरों में से 1980 में लिवाली जबकि 890 में बिकवाली हुई, वहीं 72 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 1.51, सीडी 1.57, ऊर्जा 1.15, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.15, हेल्थकेयर 0.71, इंडस्ट्रियल्स 1.62, आईटी 1.25, दूरसंचार 1.02, यूटिलिटीज 0.80, ऑटो 1.86, बैंकिंग 1.11, कैपिटल गुड्स 1.29, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.99, धातु 1.60, तेल एवं गैस 1.01, पावर 0.98, रियल्टी 1.87, टेक 1.36, सर्विसेज 1.85 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.14 प्रतिशत उछल गए। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.04 प्रतिशत चढ़ गया। वहीं जर्मनी का डैक्स 0.20, जापान का निक्केई 0.98, हांगकांग का हैंगसेंग 0.79 और चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.68 प्रतिशत की गिरावट रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 81,354.43 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 80,762.16 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं दमदार लिवाली की बदौलत कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,718.14 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 81,330.56 अंक के मुकाबले 1.48 प्रतिशत उछलकर 82,530.74 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी भी 28 अंक उठकर 24,694.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,494.45 अंक के निचले, जबकि 25,116.25 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,666.90 अंक की तुलना में 1.60 प्रतिशत की उड़ान भरकर 25,062.10 अंक हो गया। इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक की 0.16 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 29 कंपनियों में तेजी रही।



## खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल हुई महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे

विदेशी बाजारों की भारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से गुरुवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 69 रिंगिट लुढ़ककर 3831 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 3.00 सेंट गिरावट लेकर 49.42 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**समूचे आतंकी...**

चल रही है। ये जटिल वार्ताएं हैं। जब तक सब कुछ तय नहीं हो जाता, तब तक कुछ भी तय नहीं होता। कोई भी व्यापार सौदा परस्पर लाभकारी होना चाहिए और इसे दोनों देशों के लिए कारगर होना चाहिए। व्यापार सौदे से हमारी यही अपेक्षा होगी। जब तक ऐसा नहीं हो जाता, इस पर कोई भी निर्णय लेना जल्दबाजी होगी। भारत और पाकिस्तान के बीच गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के बारे में एक सवाल पर डा. जयशंकर ने कहा कि यह स्पष्ट है कि गोलीबारी बंद करना कौन चाहता था। उन्होंने कहा कि हमने आतंकवादी ढांचे को नष्ट करके जो लक्ष्य निर्धारित किए थे, उन्हें हासिल कर लिया गया था। चूंकि प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए गए थे, इसलिए मुझे लगता है कि हमने उचित रूप से यह रुख अपनाया, क्योंकि ऑपरेशन की शुरुआत में ही हमने पाकिस्तान को यह संदेश भेज दिया था कि हम आतंकवादी ढांचे पर हमला कर रहे हैं, न कि उसकी सेना पर और पाकिस्तानी सेना के पास यह विकल्प है कि वह अलग खड़ी रहे और हस्तक्षेप न करे। लेकिन उन्होंने हमारी उस अच्छी सलाह को न मानने का फैसला किया। एक बार 10 मई की सुबह उन्हें बुरी तरह से नुकसान पहुंचा। सैटेलाइट तस्वीरों से पता चलता है कि हमने कितना नुकसान किया और वे कितना कम नुकसान कर पाये। यह स्पष्ट है कि कौन गोलीबारी बंद करना चाहता था।

**नए वक्फ कानून....**

कि केवल उन्हीं पांच याचिकाओं पर बहस की अनुमति दी जाएगी, जिन्हें अदालत ने निर्धारित किया है। अन्य किसी याचिका पर बहस की अनुम.ति नहीं दी जाएगी। अदालत द्वारा निर्धारित पांच याचिकाओं में मौलाना अरशद मदनी की याचिका प्रथम क्रमांक पर है, जिस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। अगली सुनवाई में अदालत वक्फ संशोधनों पर अंतरिम स्टे से संबंधित ही सुनवाई करेगी, यह स्पष्टीकरण मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने गुरुवार की सुनवाई के दौरान दिया। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने गुरुवार की कानूनी प्रगति पर कहा कि आशा.जनक बात यह रही कि विवादित धाराओं पर रोक को अदालत ने बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि अगली सुनवाई में दोनों पक्षों के वकीलों को दो-दो घंटे का समय बहस के लिए दिया गया है, यह इस बात का संकेत है कि अदालत इस मामले को गंभीरता से ले रही है और जल्द से जल्द इसकी सुनवाई पूरी करना चाहती है। मौलाना मदनी ने कहा कि हम भी यही चाहते हैं कि इस पर अदालत का अंतिम फैसला शीघ्रता से आ जाए, क्योंकि अखबारों में छपी खबरों के अनुसार नए वक्फ कानून की विवादित धाराओं पर रोक के बावजूद कई स्थानों पर मस्जिदों और दरगाहों को अवैध करार देकर गिरा दिया गया है। इसमें उत्तराखंड स्थित एक वक्फ दरगाह का मामला भी शामिल है। इसी तरह उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे ज़िलों में कई मदरसों, कब्रिस्तानों, ईदगाहों ही नहीं, बल्कि कई मस्जिदों को भी अवैध या सरकारी जमीन पर स्थित बताकर तोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान की सर्वोच्चता को खत्म कर चुके हों, उनसे यह उम्मीद कैसे की जा सकती है कि वे कानून का सम्मान करेंगे? ये वही लोग हैं, जो सत्ता के नशे में खुद को ही कानून समझ बैठे हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ 'दान' (चैरिटी) का ही एक रूप है, लेकिन अफसोस की बात यह है कि वक्फ को लेकर पिछले कुछ समय से बेहद गलत प्रचार किया गया है और बहुसंख्यक समुदाय को यह विश्वास दिलाने की कोशिश की गई है कि वक्फ की आड़ में मुसलमानों ने सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है, जबकि दुखद सच्चाई यह है कि वक्फ संपत्तियों पर सबसे ज्यादा कब्जा सरकार ने ही कर रखा है। यह वक्फ संशोधन कानून इसलिए लाया गया है, ताकि इस अवैध कब्जे को कानूनी जामा पहनाने के साथ-साथ अन्य वक्फ संपत्तियों पर भी कब्जा करने का रास्ता आसान किया जा सके। गौरतलब है कि वक्फ कानून के लागू होने के बाद जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से पेश होते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना से की थी, जिसके बाद यह मामला तीन बार सूचीबद्ध हुआ, लेकिन कोई आदेश पारित नहीं हो सका। वक्फ संशोधन कानून पर राष्ट्रपति महोदया की मंजूरी मिलने के बाद मौलाना अरशद मदनी ने सबसे पहले सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। मौलाना अरशद मदनी की ओर से एडवोकेट आन रिकार्ड फ़ुजैल अय्यूबी ने यह याचिका दाखिल की है, जिसमें लिखा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन व वक्फ के लिए विनाशकारी है।

## विजय शाह के घर चले बुलडोजर: जमीयत

■ मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें: रशीदी

**लखनऊ।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने वाले मध्य प्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ जमीयत उलेमा ए हिन्द भी खुलकर सामने आ गई है। जमीयत उलेमा ए हिन्द यूपी के कानूनी सलाहकार मौलाना काब रशीदी ने कहा की भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्ति.जनक टिप्णी करने वाले मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह को तत्काल बर्खास्त कर देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए।

मोलाना काब रशीदी ने भाजपा पर सवाल उठाते हुआ कहा कि अब कहां है आपका बुलडोजर ? जो कल तक देश के मुसलमानों को डसते थे। अब वो विदेश सचिव और सेना को डस रहे हैं, पीएम कार्यालय क्यों खामोश है। हमारे पीएम और विदेश मंत्री क्यों नहीं बोल रहे? देश की राष्ट्रीय एकता और अखंडता के लिए राजनीतिक हितों को नहीं देखना चाहिए। इसका राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। उस मंत्री को तो बर्खास्त कर जेल में डालें। मौलाना काब रशीदी ने कहा कि देश में मानसिक रोगियों का एक ऐसा टोला है, जो मुसलमानों को गालियां देते देते अब देश को गाली देने लगा है ये वो लोग हैं, जिन्हें यह सिखाया जाता है कि ये मुसलमानों के खिलाफ योजनाबद्ध तरीके से जहर फैलाएं और आग उगलें। आज ऐसे समय में जब भारत पाकिस्तान का युद्ध हुआ है और पूरा देश एकजुट है। जम्मू कश्मीर तक के लोग तिरंगे की आन बान शान के लिए एक साथ लाल चौक पर खड़े हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी, जिसने सबसे पहले देश को जानकारी दी थी और जो महिला देश का स्वभिमान बढ़ाने वाली है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेगा। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## समाचार विशेष

### मंत्री विजय शाह के बयान के खिलाफ सपा सड़क पर

**बहराइच।** मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी का नाम लेकर दिए गए विवादित बयान के खिलाफ बहराइच में व्यापक नाराजगी देखने को मिली है। इस बयान को समाजवादी महिला सभा ने गंभीर आपत्ति के रूप में लिया है और उनकी महिला कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेबाजी करते हुए मंत्री विजय शाह के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। समाजवादी महिला सभा की जिला अध्यक्ष मनु देवी के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में महिलाओं ने न केवल मंत्री शाह के बयान की लनदा की, बल्कि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग उठाई। मनु देवी ने कहा कि देश की भारतीय सेना की बहादुर महिला अफसरों पर पूरे देश को गर्व है, ऐसे में भाजपा सरकार के एक मंत्री का यह बयान न केवल विवादास्पद बल्कि शर्मनाक भी है। उनका यह कहना है कि इस तरह के बयानों से महिलाओं के प्रति सम्मान और सेना की गरिमा को ठेस पहुंचती है। प्रदर्शनकारियों ने विजय शाह से माफी मांगने और भविष्य में इस प्रकार के अनुचित बयानों से बचने का आग्रह किया। इसके अलावा सभी राजनीतिक दलों से भी चेता. वनी दी गई कि वे सेना की बहादुर महिलाओं का सम्मान सुनिश्चित करें और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाएं।

### बस की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन की मौत

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र में एक रोडवेज बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार भाई-बहन की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार हरदोई जिले के थाना पाली के ग्राम बैजूपुर निवा. सिनी शारदा देवी (32) अपने भाई अवध सिंह (20) के साथ मोटरसाइकिल से सवार होकर फर्रुखाबाद जिले के गंगा पांचाल घाट पर अपने रिश्तेदार द्वारा गंगा पहनाई के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान फर्रुखाबाद के राजेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गांधी के समीप बुधवार पूर्वा]न बाद फर्रुखाबाद शहर की ओर से आई तेज रफ्तार वाली एक रोडवेज की बस की चपेट में आने से बाइक सवार भाई-बहन दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मोटरसाइकिल सवार घायल दोनों भाई बहनों को फर्रुखाबाद के डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया गया, जहां सरकारी चिकित्सक ने महिला शारदा देवी को मृत घोषित कर दिया और कुछ ही घंटे के उपचार के बाद उसके भाई अवध सिंह की भी मौत हो गई।

### ट्रक की टक्कर से तीन की मौत

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश में हमीरपुर जिले के बिवार क्षेत्र में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे बाइक सवार तीन युवकों की ट्रक की चपेट में आने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के करगांव गांव निवासी संतोष वर्मा की पुत्री की शादी जालौन जिला के कालपी में तय हुई थी। बीती देर शाम बारात में शामिल होने के लिए जालौन के कालपी गांव निवासी शत्रुघन(22), अमर(21) और राजा (21) बाइक में सवार होकर शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे कि बांधुर खुर्द गांव में विपरीत दिशा से आ रहा ट्रक ने उन्हे रौंद दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल सभी युवकों को छानी सीएचसी में भर्ती करवाया मगर हालत नाजुक होने पर सभी घायलों को सदर चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां तीनों ने दम तोड़ दिया।

# सेमीकंडक्टर का सुपर हब बन रहा यूपी

## सरकार ने एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की दिशा में मील का पत्थर रखा

**● छठी इकाई के तौर पर ग्रेटर नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी से राहें आसान हुईं**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को 'उन्नत प्रदेश' के रूप में ट्रांसफॉर्म कर रही डबल इंजन सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राज्य के 'एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी' बनाने की दिशा में मील का पत्थर रखा है। गौरतलब नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को स्वीकृति दी गई। डबल इंजन की सरकार द्वारा देश में सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत छठी इकाई के तौर पर इस प्रोजेक्ट को स्वीकृत किया गया है।

परियोजना के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट के समीप दो दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियों के संयुक्त उपक्रम के तौर पर 3700 करोड़ रुपए के निवेश से यूनिट को स्थापित किया जाएगा। यह सेमीकंडक्टर सेक्टर में उत्तर प्रदेश को 'सुपर हब' के तौर पर स्थापित करने की दिशा में बड़ा कदम सिद्ध होगा। मोदी कैबिनेट के इस फैसले पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आभार जताया। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म ऐक्स पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया तथा इस निर्णय को 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में ऐतिहासिक कदम करार दिया। मोदी कैबिनेट ने भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत यूपी के ग्रेटर नोएडा में सेमीकंडक्टर यूनिट की स्थापना को मंजूरी दी। यह जेवर में जल्द ही संचा. लित होने जा रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (एनआईए) के समीप होगा। यह नई यूनिट यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (ईडा) अधिकृत क्षेत्र में स्थापित होगी जिसे दो वैश्विक दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनियां संयुक्त उपक्रम के रूप में स्थापित करेंगे। यह संयंत्र डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स का निर्माण करेगा, जो मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमोबाइल, पर्सनल कंप्यूटर और अन्य अनेक उपकरणों में प्रयुक्त होता है। संयंत्र की क्षमता प्रति माह 20,000 वेफ़र और 36 मिलियन यूनिट उत्पादन की डिजाइन क्षमता पर आधारित होगी। कुल 3,700 करोड़ रुपए के निवेश से इसे स्थापित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत का सेमीकंडक्टर उद्योग तीव्र गति से विकसित हो रहा है तथा उत्तर प्रदेश भी इस कड़ी में तेजी से प्रगति कर रहा है।

यूपी ने सेमीकंडक्टर को समर्पित 'उत्तर प्रदेश सेमीकंडक्टर नीति- 2024 प्रख्यापित की थी जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। इस नीति में सेमीकंडक्टर मैनुफैक्चलरग व चिप डिजाइन के संयंत्र लगाने के लिए पूंजीगत सहायता, ब्याज उपादान, भूमि मूल्य, स्टांप, विद्युत शुल्क में छूट के आकर्षक प्रावधान किए गए हैं जिसका लाभ दुनिया की दिग्गज कंपनियां उठाने के लिए तत्पर हैं। उत्तर प्रदेश चिप डिजाइन व प्रोडक्शन की दिशा में न केवल देश बल्कि विदेशों में भी भविष्य के सुपर हब के तौर पर उभर रहा है। डबल इंजन सरकार का मौजूदा प्रयास इसे और मजबूती देने का कार्य करेगा। मोबाइल फोन, लैपटॉप, सर्वर, चिकित्सा उपकरण, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा उपकरण और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनि क्स के उत्पादन में तेजी से बढ़ती मांग के बीच, यह नई यूनिट आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में सहायक सिद्ध होग। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही यानी मंगलवार को जापान की दिग्गज सेमीकंडक्टर कंपनी रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ने नोएडा में अपने अत्याधुनिक चिप डिजाइन सेंटर की शुरुआत की। खास बात यह है कि यहां विश्व की सबसे एडवांस्ड 3 नैनोमीटर की चिप को डिजाइन किया जाएगा, तथा दुनिया में केवल गिनी-चुनी कंपनियों और देशों में ही इस अत्याधुनिक तकनीक पर कार्य हो रहा है।

# धधकते पहिए, बुझती जिंदगियां

## निजी बस सेवाओं की अनियंत्रित आग में जलता उत्तर प्रदेश



**वीरेश तरार**

**लखनऊ।** पंद्रह मई की रात लखनऊ के मोहनलालगंज में किसान पथ पर एक चीखती, धधकती बस सब कुछ कह गई। यह बस बिहार से दिल्ली जा रही थी, लेकिन राजधानी तक पहुंचने से पहले ही आग का वह लपटों से भरा पड़ाव उसकी आखिरी मंज़िल बन गया। दो बच्चों समेत पांच लोगों की लाशें अग्निकुंड में बदल चुकी बस की सीटों पर गलती रहीं। बाकी जो बचे, वो या तो जलने से पहले बस से कूद गए या किसी चमत्कार से बाहर खींच लिए गए।

यह कोई पहली या इकलौती घटना नहीं थी ख्र इसी दिन आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक में आग लग गई, ड्राइवर जलकर मर गया, परिचालक बुरी तरह झुलस गया। लेकिन इन घटनाओं में केवल लपटें नहीं दिखतीं, बल्कि उन लपटों के पीछे छुपा वह स्याह अंधकार दिखता है जो प्रदेश की निजी परिवहन व्यवस्था में फैली हैख्रएक लापरवाही, एक अमानवीयता, और एक अख्रश्य गठजोड़ की कहानी, जिसमें प्रशासन, परिवहन विभाग, पुलिस और नेताओं की चुप्पी शामिल है। बस ऑपरेटर भाग जाते हैं, ड्राइवर-परिचालक मौके पर यात्री सुरक्षा का न्यूनतम प्रशिक्षण नहीं रखते, और आपातक. ालीन दरवाजे तक महज़ दिखावा होते हैं। जिस बस में पांच जिंदगियां राख हो गईं, उसमें न तो फायर एक्सटिंग्विशर था, न ही कोई इमरज. ेंसी अलार्म या हाइड्रेंट, और यात्रियों के निकलने का रास्ता तो गैलरी में डाली गई अवैध सीटों से पूरी तरह बंद था। इन हादसों के आंकड़े भयावह हैं। भारत में 2018 से 2021 के बीच बस दुर्घटनाओं में 22,442 लोगों की जान गई, जिनमें से लगभग 5,000 उत्तर प्रदेश से थे। यानी हर पांचवीं मौत इसी प्रदेश की सड़कों पर हुई। 2022 में प्रदेश में ऐसी दुर्घटनाओं की संख्या बढ़कर 16 हो गई, जबकि 2021 में यह मात्र 3 थी। लेकिन इसके बावजूद यातायात महकमा और शासन में कहीं कोई सजगता नहीं दिखती। वर्तमान में सरकार उत्तर प्रदेश में बसों के निजीकरण की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ा रही है। नीति के तहत अब निजी निवेशक स्टेज कैरिज टर्मिनल, टूरिस्ट बस पार्क और अन्य सुविधाएं बना सकेंगे। इसके लिए कुछ आर्थिक शर्तें तो रखी गई हैं, जैसे दो करोड़ का टर्नओवर, 50 लाख की संपत्ति और दो एकड़ भूमि, लेकिन सवाल यह है कि सुरक्षा और मानवीय मूल्यों की कोई शर्त क्यों नहीं रखी गई? निजी बसों का जो चेहरा आज सड़कों पर है ख्र वह केवल मुनाफे के भूखे हाथों में यात्रियों की ज़िंदगियों को सौंपने का भयावह नमूना है। नोएडा जैसे इलाकों में लगभग पांच हज़ार निजी बसें टर्मिनलविहीन स्थिति में रोज़ाना चल रही हैं। सड़कों के किनारे से सवारियां भरती ए बसें यातायात का गला घोंटती हैं, फिर भी इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। शासन के लिए बस इनकी मौजूदगी से टोल टैक्स और परमिट शुल्क की आमदनी ज़रूरी है, बाकी सब शदिखावाश है। नासिक में हाल ही में 692 निजी बसों को नियम उल्लंघन के लिए दंडित किया गयाख्र उनमें अधिकांश में न फायर उपकरण थे, न वैध फिटनेस सर्टिफिकेट, न ही प्रशिक्षित चालक या परिचालक। यही हाल उत्तर प्रदेश में है, फर्क इतना है कि यहां दंड भी नहीं दिया जाता, क्योंकि यहां 'नेताओं की बसें' चलती हैं।

# नकली दवा कारोबार पर योगी सरकार की बड़ी कार्रवाई

**● 30.77 करोड़ की नकली दवाएं जब्त, 1166 लाइसेंस रद्द, 68 गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नकली दवाओं के कारोबार के खिलाफ योगी सरकार ने अब तक की सबसे बड़ी और सख्त कार्रवाई करते हुए 30 करोड़ 77 लाख रुपए की नकली दवाएं जब्त की हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में 68 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग ने 2024-25 के दौरान प्रदेशभर में 1039 छापेमारी अभियान चलाए और 13,848 दवाओं के नमूने संकलित किए। इनमें से 96 नमूने पूरी तरह नकली पाए गए जबकि 497 नमूने गुणवत्ता की ख्रष्टि से अधोमानक निकले। नकली दवाओं के कारोबार में संलिप्त 1166 दवा कारोबारियों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए हैं। साथ ही 06 दवा निर्माण इकाइयों और 05 ब्लड बैंकों के लाइसेंस भी निरस्त किए गए हैं। यह जब्ती और दंडात्मक कार्रवाई पिछले वर्षों की तुलना में दोगुनी मानी जा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अनुसार यह कार्रवाई प्रदेश में जनस्वास्थ्य को गंभीर खतरे में डालने वाली गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से की गई है। लखनऊ, आगरा और गाजियाबाद में नकली दवा कारोबारियों पर सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई। राजधानी लखनऊ में एसटीएफ के सहयोग से की गई छापेमारी में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन, नारकोटिक्स और नकली दवाओं का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। आगरा में 5 नवम्बर 2024 को 1.36 करोड़ रुपए मूल्य की नकली दवाएं पकड़ी गईं, जबकि गाजियाबाद में 6 फरवरी 2025 को 0.9 करोड़ रुपए की नारकोटिक्स औषधियां जब्त की गईं। इसी क्रम में बरेली में अप्रैल 2025 में 0.5 करोड़ रुपए के नकली कॉस्मेटिक उत्पाद जब्त किए गए।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान 463 दवा निर्माण इकाइयों, 647 ब्लड बैंकों और 10,462 दवा विक्रय प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया गया। आयुर्वेदिक उत्पादों की आड़ में एलोपैथिक दवाओं के मिलावट के मामले भी सामने आए, जिनमें से 14 संदिग्ध नमूनों की जांच अभी जारी है। सरकार का कहना है कि नकली दवाओं के कारोबार पर यह प्रदेश की अब तक की सबसे व्यापक कार्रवाई है, जो न केवल जनता की सेहत को सुरक्षित रखने में अहम साबित होगी, बल्कि ड्रग माफियाओं के नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में भी निर्णायक मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि ऐसी कार्रवाइयों को और तेज किया जाए ताकि प्रदेश को नकली दवाओं के कारोबार से मुक्त किया जा सके।

# नदियों के पुनर्जीवन को जनांदोलन बनाना होगा : योगी

**● नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोले मुख्यमंत्री**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदूषण की मार झेल रहीं संकटग्रस्त नदियों के पुनर्जीवन को जनांदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता जताई है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब समय आ गया है जब हम नदी पुनरोद्धार को केवल परियोजना नहीं, बल्कि सामाजिक-सांस्कृतिक चेतना और जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनऊ की गोमती, गाजियाबाद की लहडन, काशी की वरुणा अथवा प्रदेश की अन्य कोई भी नदी-हर नदी के पुनर्जीवन के लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए हमें मिलकर प्रयास करने होंगे। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव सभ्यता का विकास सदैव नदियों के किनारे ही हुआ है। जिन जीवनदायिनी नदियों के किनारे हमारी संस्कृति फली-फूली, उन्हीं नदियों को हमने अनियोजित शहरीकरण और प्रदूषण के हवाले कर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि नदी पुनरोद्धार के लिए मंडलायुक्तों की जिम्मेदारी तय की जाए और इस वर्ष के पौधरोपण कार्यक्रम विशेष रूप से नदियों के किनारे केंद्रित हों। यह कार्य केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि जनसहभागिता पर आधारित हो। लखनऊ की गोमती नदी पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री ने 'अविरल-निर्मल गोमती' की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के लिए निर्देशित किया कि एक माह के भीतर विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि यह जनमहत्व का कार्य है, जिसे शीर्ष प्राथमिकता पर रखते हुए अन्य सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर मानस. ून उपरांत इस पर भौतिक कार्य प्रारंभ कर दिया जाए। गोमती की स्वच्छता कार्ययोजना पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि इसे जनसहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। जलनिकासी व्यवस्था में सीवर और ड्रेनेज को पृथक रूप से देखा जाए और गोमती में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की स्थिति सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि गोमती की तर्ज पर प्रदेश की अन्य नदियों जैसे लहडन, वरुणा आदि के लिए भी कार्ययोजना तैयार की जाए और इसकी नियमित मॉनिटलरग करे। मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन एवं 'हर घर नल' योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है, जिसे उत्तर प्रदेश में पूरी प्रतिबद्धता के साथ साकार किया जा रहा है। बैठक में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में 37,730 ग्रामों में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिनमें 25,166 ग्रामों का प्रमाणीकरण भी पूर्ण हो चुका है। बुंद. ेलखंड के 3016 और लवध्य क्षेत्र के 2051 गांवों में प्रतिदिन शुद्ध जलापूर्ति हो रही है। मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन दुर्गम क्षेत्रों में कार्यों की गुणवत्ता, समयबद्धता और संचालन-रखरखाव की जिम्मेदारी स्पष्ट की जाए। उन्होंने कहा कि गांवों में जल समितियों को सक्रिय करते हुए हर स्तर पर जनसहभागिता को बघया जाए। मुख्यमंत्री को यह भी बताया गया कि अब तक राज्य में 42,810 पेयजल संबंधी शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 38,161 का समाधान किया जा चुका है। इस पर मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ष्प्रत्एक शिकायत का 24 घंटे में अनिवार्य रूप से निस्तारण हो। यह सुनिश्चित किया जाए कि जल की गुणवत्ता पर कोई प्रश्नचिन्ह न लगे। मुख्यमंत्री ने वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए पूरे प्रदेश में निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनपद स्तरीय प्रशासनिक इकाइयां 24ग7 अलर्ट मोड पर रहें। सभी उपलब्ध पेयजल ़ोत सक्रिय रहें। गांवों में पेयजल संकट की सूचना त्वरित रूप से प्राप्त हो, इसके लिए सभी जनपदों में कंट्रोल रूम स्थापित किए जाएं और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनका प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# योगी कैबिनेट ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना और प्रधानमंत्री का जताया आभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर उत्तर प्रदेश मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारतीय सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए सर्वसम्मति से अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट की बैठक की शुरुआत ही इस प्रस्ताव के साथ हुई जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रधानमंत्री और भारतीय सेनाओं को बधाई दी गई।

वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि यह प्रस्ताव पूरे प्रदेश की ओर से सेना के साहस, समर्पण और रणनीतिक कौशल को नमन करने हेतु पारित किया गया। प्रस्ताव में कहा गया कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य सफलता नहीं, बल्कि यह भारत की शक्ति, एकता और आतंकवाद के विरुद्ध अडिग संकल्प का प्रतीक है।

यह हमारे राष्ट्रीय चरित्र और सामूहिक इच्छाशक्ति का प्रमाण है। सेना को जिस निर्भीकता के साथ कार्रवाई की खुली छूट दी गई, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व के बिना संभव नहीं थी। कैबिनेट ने वीर सैनिकों के प्रति गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता राष्ट्र की रक्षा में समर्पित हर जवान के साथ खड़ी है। यह प्रस्ताव न सिर्फ सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ाता है।

# सेना की वर्दी को न बांधिए जाति से, वीरांगना का अपमान नहीं सहेगा देश: सीएम योगी

**■ रामगोपाल यादव के बयान पर सीएम ने साधा सपा पर निशाना, बोले, यह विकृत जातिवादी सोच, जनता देगी जवाब**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव द्वारा वायुसेना की महिला अधिकारी विंग कमांडर व्योमिका सिंह को लेकर की गई जातिसूचक टिप्पणी पर प्रदेश की सियासत में उबाल आ गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बयान को भारतीय सेना के सम्मान के विरुद्ध बताते हुए समाजवादी पार्टी की मानसिकता को घोर आपत्तिजनक और राष्ट्रविरोधी करार दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि सपा की यह विख्रत जातिवादी सोच, न केवल एक वीरांगना का अपमान है, बल्कि सेना के शौर्य और देश की अस्मिता का भी अपमान है। गौरतलब है कि हाल ही में भारतीय वायुसेना में बतौर विंग कमांडर सेवाएं दे रहीं व्योमिका सिंह की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, जिसमें वे अपनी वर्दी में दिखाई दीं। इस तस्वीर के आधार पर सपा नेता रामगोपाल यादव ने विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा था, ष्उसका नाम व्योमिका सिंह है,

पता कर लीजिए कि किस जाति की हैं। देश में अगड़ों को ही क्यों मौके मिलते हैं?ष उनका यह बयान राजनी. तिक गलियारों में आक्रोश का कारण बना, जिसके बाद प्रतिक्रियाओं का सिलसिला शुरू हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार शाम एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखे अपने पोस्ट में सख्त शब्दों में प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सेना की वर्दी को श्जातिवादी चश्मेश से देखना सेना के धर्म, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता के मूल भाव का अपमान है। उन्होंने लिखा कि भारत की सेना जाति, धर्म या वर्ग से परे होकर देश की सेवा करती है। हर सैनिक का एक ही धर्म होता है ख्र राष्ट्रधर्म। सपा जैसे दल तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रभक्ति को भी बांटने का दुस्साहस करते हैं, और अब तो एक राष्ट्ररक्षक महिला को भी जाति की परिधि में लपेटने की कोशिश की जा रही है। सीएम योगी ने कहा कि देश की बेटियां आज हर क्षेत्र में उत्ख्रष्ट प्रदर्शन कर रही हैं, और सेना में वीरांगनाओं की भूमिका गौरव का विषय है।

# पाक आतंकियों पर कार्रवाई को लेकर महिला अफसर पर अभद्र टिप्पणी, मायावती ने बीजपी मंत्री के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और उसके बाद ऑपरेशन में शामिल महिला अफसर को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर मध्यप्रदेश के भाजपा मंत्री के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस बयान को न केवल शर्मनाक बताया, बल्कि इसके लिए देर रात एफआईआर दर्ज किए जाने को उचित ठहराते हुए केंद्र सरकार और भाजपा से कठोर कार्रवाई की अपेक्षा जताई। मायावती ने अपने ट्वीट में कहा कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्यवाही के दौरान ऑपरेशन में शामिल मुस्लिम महिला कर्नल के विरुद्ध मध्यप्रदेश के मंत्री द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी अत्यंत निंदनीय है।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट की सख्ती के बाद देर रात दर्ज हुई एफआईआर से देश संतुष्ट नहीं है, बल्कि भाजपा की ओर से त्वरित व स्पष्ट एक्शन की प्रतीक्षा कर रहा है। अपने दूसरे ट्वीट में मायावती ने देश में फैल रहे सांप्रदायिक और जातिवादी तनाव पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि समाज में नफरत, हिंसा और विभाजन फैलाने वालों पर सरकारें बिना भेदभाव के कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि केवल कोर्ट का इंतज़ार करने से अपराध नहीं रुकेंगे, बल्कि सरकारों की कानूनी और संवैधानिक ज़िम्मेदारी है कि वे समय रहते अपराधियों पर सख्त कदम उठाएं। बसपा प्रमुख ने यह भी चेता. वनी दी कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो समाज में असंतोष और अविकास की स्थिति बनी रहेगी, जो देश और समाज दोनों के लिए नुकसानदेह है। उन्होंने जनता से ऐसे मुद्दों पर सतर्क रहने और एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

# चित्रकूट हवाई अड्डे पर मॉकड्रिल

### आपात हालात से निपटने के लिए पुलिस बल ने किया अभ्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** देवांगना हवाई अड्डे पर गुरुवार को आपात स्थिति से निपटने के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें जनपद पुलिस बल, यूपीएसएसएफ व स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने हिस्सा लिया। अभ्यास का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने किया। मॉकड्रिल का उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा को सुख्रढ़ करना और जनमानस को संभावित युद्धकालीन या आपदा की स्थिति से निपटने के लिए तैयार करना रहा। मॉकड्रिल में पुलिस बल को युद्धकालीन परिस्थिति, हवाई हमले, आगजनी, बिजली कटौती (ब्लैकआउट), प्राथमिक चिकित्सा व नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने की रणनीतियों का प्रशिक्षण दिया गया। सायरन बजने की स्थिति में क्या करना है और क्या नहीं, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गई। अभ्यास के दौरान अलर्ट पर पहुंची टीमें तेजी से अपनी-अपनी जिम्मेदारियों में जुट गईं।

किसी भी आकस्मिक हमले या आपदा की स्थिति में टीमों की त्वरित प्रतिक्रिया, आपातकालीन उपकरणों की कार्यक्षमता और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। मॉकड्रिल में यह भी देखा गया कि आमजन को किस तरह सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया जाए ! पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस तरह की मॉकड्रिल सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि नागरिक और सुरक्षा बलों दोनों के लिए जीवन रक्षक अभ्यास है।

इससे बल के आत्मविश्वास में वृद्धि होती है और आमजन में जागरूकता आती है। इस दौरान हवाई अड्डा प्रभारी अजीत सिंह यादव, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, कोतवाली कर्वी प्रभारी उपेन्द्र प्रताप सिंह, बहिलपुरवा प्रभारी आशुतोष तिवारी, देवांगना एयरपोर्ट की टीम, स्वास्थ्य विभाग और अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आपसी समन्वय, त्वरित कार्रवाई और जनसहयोग को आपात स्थिति में सबसे बड़ा हथियार बताया। मॉकड्रिल के समापन पर संक्षिप्त समीक्षा बैठक की गई जिसमें कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाने के सुझाव दिए गए।

# घाघरा की कटान से परेशान ग्रामीण अनशन पर

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के फखरपुर इलाके में स्थित मझरा तौकली में घाघरा नदी की कटान से स्थानीय ग्रामीण वर्षों से परेशान हैं। नदी की तीव्र कटान के कारण दर्जनों घर और सैकड़ों बीघा जमीन नदी में समाहित हो चुकी हैं। बरसात की आने वाली ;तु को लेकर ग्रामीणों के मन में लचता और भी बढ़ गई है। बिरजा पकड़िया ग्राम के ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर जिला प्रशासन के खिलाफ अपने गुस्से का इजहार किया। उन्होंने नदी के किनारे ठोकर बनवाने की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया। अनशन पर बैठने वाले ग्रामीणों ने कहा कि हर वर्ष बाढ़ की वजह से उनके घर और खेत नदी में डूब जाते हैं।

# पूर्व सैनिक, अधिवक्ता और शिक्षाविद ने थामा रालोद का दामन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) को आज उस समय नया संबल मिला जब सेना, विधि और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े तीन प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने पार्टी मुख्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व सैनिक कल्याण संस्थान के अध्यक्ष सूबेदार मेजर मनोज कुमार पाण्डेय, साधन सहकारी समिति कुनेरा (सीतापुर) के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कमलाशंकर मिश्रा, तथा छत्रपति शिवाजी महाराज इंटर कॉलेज हरदोई के पूर्व प्रधानाचार्य मिश्रीलाल पटेल को पार्टी में शामिल कराया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद सभी नव-शामिल सदस्यों ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीतियों और विचारों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि वे राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में पार्टी की जनहितकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाएंगे।

इस अवसर पर अनिल दुबे ने कहा कि विभिन्न वर्गों से प्रतिष्ठित लोगों का रालोद में शामिल होना यह दर्शाता है कि पार्टी की किसान-मजदूर- समर्थक नीतियां समाज के हर हिस्से में विश्वास अर्जित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अनुभवी लोगों का पार्टी में आना संगठन को और मजबूत बनाएगा। रालोद द्वारा विभिन्न वर्गों को जोड़ने की इस पहल को आगामी चुनावी तैयारियों की दृष्टि से भी अहम माना जा रहा है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इसी प्रकार समाज के विविध अनुभवी और ईमानदार लोगों को आगे लाकर रालोद प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मजबूत विकल्प बनेगा

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **06.06.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें। यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05302025 दिनांक 13.05.2025 | | | |
| 2 | निविदा संख्या | 07/DEN-V/LKO/2025-26, 08/DEN-V/LKO/2025-26 | | | |
| 3 | कार्य का नाम | 1 | ट्रैक डिपो गाजियाबाद या अन्य डिपो/स्थान से ट्रैक डिपो सुल्तानपुर या लखनऊ मंडल के किसी अन्य स्थान तक नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लीडिंग, लोडिंग और अनलोडिंग करना। | | |
| | | 2 | ट्रैक डिपो सुल्तानपुर से लखनऊ मंडल के किसी भी अन्य स्थान/डिपो तक नियमित आधार पर पी. वे सामग्री का लीडिंग, लोडिंग और अनलोडिंग करना। | | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. | रु. 3,34,73,520.30 | 2. | रु. 2,10,32,995.06 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. | रु. 3,17,400.00 | 2. | रु. 2,55,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र.स. 01 एव 02 के लिये | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। | | |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 23.05.2025 | | | |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 06.06.2025, 15:00 बजे। | | | |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in | | | |

नोटः- निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1429/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कम्प्यूटर ऑपरेटर व बाबुओं के भरोसे न रहें: डीएम

## डीएम ने कई अधिकारियों को फटकारा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के झूंठे निस्तारण को लेकर डीएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने कई अधिकारियों को फटकार लगाते चेताय कि यदि समय पर सुधार नहीं किया गया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के निस्तारण हेतु अपलोड कर फीडबैक की जांच की। इस दौरान उन्होने सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की शिकायतों के अपलोड को लेकर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में आश्वासन और भविष्य में कार्य किये जाने संबंधी कोई आख्या नहीं लगायी जाये। शिकायतकर्ता से बातचीत कर उसे पूर्ण रूप से संतुष्ट करने के बाद ही गुणवत्तापूर्वक रिपोर्ट प्रस्तुत करें। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस के शासनादेश सभी अधिकारी भालीभांति पढ़ लें तथा जो सरकार की प्राथमिकता है उसी आधार पर काम करें। डीएम ने कहा कि कम्प्यूटर ऑपरेटर और बाबू के भरोसे न लें तथा शिकायतों के निस्तारण में स्वयं रूचि दिखायें। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम ब्रजेश त्रिपाठी, परियोजना निदेशक अमरेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।



अमरोहा। कलेक्ट्रेट में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक लेतीं डीएम निधि गुप्ता।

# युवक की हत्या में दो और आरोपी भेजे जेल

## 11 मई को फावड़ा मारकर की थी हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** युवक की फावड़ा मारकर हत्या किये जाने के मामले में नामजद दो और आरो. पियों को पुलिस ने अरेस्ट कर उनका चालान कर दिया। युवक की हत्या में अब तक पुलिस चार लोगों को जेल भेज चुकी है ठीक है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव गुलामपुर में 11 मई की सुबह अमरीश की सरियों से पिटाई करते हुए सर में फावड़ा मारकर हत्या कर दी थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को नामजद किया था। बताया जाता है कि 8 में को गांव सतेडा बारात गई थी। अमरीश की ममेरी बहन के साथ गांव के ही युवकों ने छेड़छाड़ कर दी थी। जिसका उसने विरोध किया था। नामजद आरोपियों ने अमरीश को ठिकाने लगाने का फैसला कर लिया था। आरोपियों ने अमरीश की सरियों से पिटाई करते हुए सर में फावड़ा मार दिया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। परिजनों ने अमरीश की हत्या में आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मुक. दमा चलाया था। पुलिस ने गजेंद्र पुत्र विरमू उर्फ वीरमपाल निवासी ग्राम गुलामपुर व सतीश पुत्र बिस्सू उर्फ विशपाल निवासी ग्राम गुलामपुर को अरेस्ट न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से दोनों को कोर्ट ने जेल भेज दिया। इससे पहले पुलिस अमरीश की हत्या में अनुज पुत्र गुलाब वीरेश उर्फ दिरेश कुमार पुत्र गुलाब जेल भेज चुकी है अभी अमरीश की हत्या को अंजाम देने के मामले में दो आरा. ेपी अभी पुलिस पकड़ से दूर हैं।

# शेड्यूल के हिसाब से मिले किसानों को बिजली

## प्रदर्शन कर एसओएस को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उझारी।** शेड्यूल के हिसाब से बिजली न मिलने से परेशान किसानों ने बिजली घर पहुंच जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एसओएस को ज्ञापन सौंप चेताया कि यदि उनकी समस्या को जल्द दूर नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। बच्ची खेड़ा फीडर से जुड़े किसानों को शेडयूल के हिसाब से बिजली नहीं दी जा रही है। आज इसके विरोध में वह उझारी बिजली घर पहुंचे तथा विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना था कि बच्ची खेड़ा फीडर पर करीब 400 टयूबैल कनेक्शन है। यहां के किसानों को मात्र पांच घंटे की आपूर्ति की जा रही है। जिस कारण वह अपनी फसलों को पानी नही दे पा रहे है। जेई के यहां मौजूद न होने पर किसानों ने एओएस बिलाल अख्तर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो वह उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। ज्ञापन सौंपने वालो में मोहसिन त्यागी, राजपाल मेंम्बर, होरीलाल, साकिब परवेज, मनोज प्रजापति, कामिल अकमल उरमान, सोमपाल, लईक अहद, रंजीत, आकाश आदि मौजूद रहे।

# बाल विवाह के खिलाफ बच्चों को किया जागरुक

## राजेन्द्र एकेडमी में कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** राजेंद्रा एकेडमी में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने नाट्य कार्यक्रम कर बाल विवाह से मुक्ति पाने के लिए जागरूक किया।

गुरुवार को विद्यालय में सेवा संकल्प के द्वारा भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी छात्र छात्राओं को पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता के माध्यम से इस सामाजिक कुप्रथा को रोकने व बच्चों के भविष्य को बचाने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने छात्र छात्राओं को बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। जिसमें बच्चों के भविष्य और शिक्षा को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि सरकार बाल विवाह के खिलाफ अभियान चलाकर इसको समाप्त करना चाहती है। इस दौरान कक्षा 6 कक्षा 8 तक के बच्चों ने पोस्टर बनाकर इस कुप्रथा को रोकने का संदेश भी दिया। स्कूल की प्रबंधिका ने बताया कि यह एक सराहनीय पहल है। जो बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम है। यदि सरकार समाज और नागरिक मिलकर एक दिशा में प्रयास करें तो यह लक्ष्य शीघ्र प्राप्त किया जा सकता है।



# युवती को भगाने में तीन फंसे

**जोया।** युवती प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पिता ने तीन के खिलाफ बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का मुक. दमा दर्ज कराया है। घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा की है। यहां की रहने वाले एक युवती का युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। छह मई को मौका पाकर युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। काफी देर तक जब वह घर नही पहुंची तो परिजनों को चिंता हुई। उन्होने आसपास रिश्तेदा. रियों में तलाश किया परन्तु युवती का कोई पता नहीं चला। जानकारी करने पर पता चला कि युवती रणवीर सिंह नाम के युवक के साथ फरार हुई है। तीन के खिलाफ डिडौली कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

# मौलवी की गिरफ्तारी की अफवाह से हड़कम्प

## शहर में उड़ती रही एनआईए के छापेमारी की अफवाहें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शहर में एनआईए की छापेमारी के दौरान मौलवी की गिरफ्तारी की अफवाह ने लोगों में दहशत फैला दी। अचानक छापेमारी की जानकारी से अनजान पुलिस प्रशासनिक अधिकारी भी हैरत में पड़ गए। बाद में मामला 2019 में हुई छापेमारी की अफवाह का निकला। इस दौरान हुई छापेमारी के बाद से अमरोहा एनआईए और एटीएस की रडार पर रहता है। पिछले दिनों जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड से हमले के बाद दोबारा अमरोहा सुर्खियों में आया। इस घटना में मुख्य आरोपी अमरोहा का रहने वाला सैदुल निकला था।

26 दिसंबर 2018 को एनआईए और एटीएस की टीम ने संयुक्त रूप से शहर कोतवाली के मोहल्ला मुल्लाना, पचदरा, इस्लामनगर और नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव सैदपुर इम्मा में छापा मारा था। संयुक्त टीम की करीब दस घंटे कार्रवाई चली थी। घरों के दरवाजे तोड़कर घुसी टीम ने मोहल्ला मुल्लाना से मुफ्ती सुहैल, मोहल्ला पचदरा से इरशाद, सैदपुर इम्मा निवासी सईद और रईस को गिरफ्तार किया था। इनके पास से पिस्टल, तमंचे, कारतूस, बारह किलो संदिग्ध आरडीएक्स और एक संदिग्ध राकेट लांचर बरामद किया गया था। जांच में नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के गांव बांसखेड़ी निवासी मौलाना गुफरान के सुहैल से संबंध होने की बात सामने आई थी। कई दिनों की पूछताछ के बाद 20 अप्रैल 2019 को एनआईए ने गुफरान को भी गिरफ्तार कर तेरहवां आरोपी बनाया। गिरफ्तारी के करीब छह महीने बाद एनआईए ने मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। चार्जशीट में हरकत-उल-हरब-ए-इस्लाम के सरगना मुफ्ती सुहैल समेत सईद और मौलाना गुफरान के नाम चार्जशीट में शामिल थे। उधर, 12 अप्रैल को अमरोहा नगर के कटरा बख्तावर के रहने वाले सैदुल अमीन का नाम जालंधर में भाजपा नेता मनोरंजन कालिया के घर ग्रेनेड से हमला करने के उजागर होने के बाद अमरोहा सुर्खियों में आ गया था। लेकिन, बुधवार की रात में एनआईए के द्वारा मौलवी को गिरफ्तार करने की अफवाह फैल गई।

# व्यापारियों की समस्याओं को दूर करें

**अमरोहा।** अपर आयुक्त राज्य कर आरएस द्विवेदी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह व्यापारियों की समस्याओं का निदान करें। अपर आयुक्त आरएस द्विवेदी ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होने कहा कि व्यापारियों को उनकी रिटर्न फाइल कराकर जीएसटी में आ रही समस्याओं को दूर करें। व्यापारी समय पर रिटर्न फाइल करें। बैठक में इब्राहीम मंसूरी, अमित मोहन गोयल, अनवर सालिम, सौरव जैन, कमल कपूर, बब्बू मंसूरी, रियाज उद्दीन मंस. ूरी, हाजी नासिर, हाजी कामिल, हाजी आजम, सुहैल, अशरफ, परवेज आरिफ, अनिल जैन, राजेश कुमार मौर्य, महेशचंद आदि मौजूद रहे।

# सचिन जिलाध्यक्ष व सरजीत बने रालोद मंडल अध्यक्ष





**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री जंयत चौधरी के आदेशानुसार और संगठन महामंत्री त्रिलोक त्यागी व प्रदेशाध्यक्ष रामाशीष राय की सहमति से क्षेत्रीय अध्यक्ष (रूहेलखंड क्षेत्र) रामवीर सिंह ने गजरौला के मोहल्ला टीचर्स कॉलोनी निवासी पार्टी के कर्मठ एवं अनुभवी कार्यकर्ता सचिन चौधरी को पुन: एक बार जिलाध्यक्ष मनोनीत करके मनोयन पत्र सौंपा। बता दें कि मनवीर सिंह जब से रालोद के जिलाध्यक्ष बने थे पार्टी लगातार कमजोर हो रही थी। वह जिलाध्यक्ष रहते पार्टी की एक भी बैठक नहीं बुला सके। जिस कारण कार्यकर्ताओं में उनके प्रति रोष बढ़ रहा था। सचिन चौधरी पूर्व में भी पार्टी में युवा जिलाध्यक्ष, युवा क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष, प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश सचिव जैसे प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव, जनसंपर्क क्षमता और पार्टी के प्रति समर्पण को देखते हुए नेतृत्व ने उन्हें पुन: यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है। सचिन चौधरी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जनसेवा की भावना से पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। उधर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू चौधरी के पति सरजीत सिंह को पार्टी ने मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

# भाकियू शंकर ने दिया बिजलीघर पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भाकियू शंकर ने ब्रहस्पतिवार को विद्युत समस्याओं को लेकर गजरौला के फाजलपुर स्थित बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन करते हुए समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। पंचायत को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ0दिवाकर सिंह ने कहा कि विद्युत विभाग में संविदा कर्मी, लाइनमैन - टीजी 2 व जेई के द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की एक छोटीसी वीडियो क्लिप बनाकर व उन्हें डरा धमकाकर उनसे अवैध वसूली की जा रही है। जिसे हमारा संगठन इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं विद्युत मीटर में भी कोई तकनीकी फाल्ट आने के बाद वह जंपिंग कर रहे हैं, जिस उपभोक्ता का बिल कई गुना ज्यादा आ रहा है।बिल का संशोधन कराने के लिएं उपभोक्ता कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। इसी तरह का हाल नए विद्युत कनेक्शन लेने वालों का भी है, वैसे तो सब ऑनलाइन है परंतु उसमें इंक्वारी लगाकर 6-6 महीने तक कनेक्शन नहीं हो पाता है, किसानों को अप्रैल से जून मात्र चार महीने ही सिंचाई की अधिक आवश्यकता होती है। कृषि फीडर पर विद्युत आपूर्ति दो-दो घंटे काटकर दी जा रही है, जिससे फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है, सभी किसानों को 10 घंटे आपूर्ति निर्बाध की जाए। इसके साथ ही उन्होंने विभाग से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा की। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष चौ0 धर्मवीर सिंह ने हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी को तहसील अध्यक्ष धनौरा, मंजू चौधरी को महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष धनौरा के साथ साथ अनेकों ने संगठन में सदस्यता कराई। इस दौरान हरि सिंह सैनी, महिपाल त्यागी, राहुल यादव,शेर सिंह राणा , रवि चौधरी, चौधरी धर्मवीर सिंह, राकेश रतनपुर, विक्रम पवार, जगत सिंह चौहान, खेमपाल सिंह, सत्येंद्र सिंह, राजवीर, नेमपाल सिंह, हरप्रीत सिंह, मंजू चौधरी, अशोक चौधरी, दिनेश, अखतब व नईम आदि मौजूद रहे।

■ **बिजली विभाग से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण की मांग**



# स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पताल किए सील

## कार्रवाई से मचा हड़कम्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों को सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डॉक्टर शरद कुमार के नेतृत्व में टीम ने गांव बाईखेड़ा में अवैध रूप से संचालित एक अस्पताल पर छापा मार दिया। अस्पताल संचालक से जब काग. जात मांगे गये तो वह इधर उधर को बंगले झांकने लगा। उसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को सील कर दिया। उसके बाद टीम पूठ रोड स्थित दुआ नर्सिंग होम पर पहुंच गई। वहां पर भी टीम ने ओटी व अस्पताल को सील कर दिया। इस दौरान अस्पताल के बाहर काफी भीड़ जमा हो गई। नोडल अधिकारी डॉक्टर शरद कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर अस्पतालों पर छापेमारी की गई है। उन्होंने बताया हसनपुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित किसी भी अस्पताल को चलने नही दिया जायेगा। जिस समय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अस्पताल के खिलाफ कार्रवाई कर रहे थे। उस वक्त दर्जन भर से अधिक अस्पतालों के संचालक आसपास खड़े हुए थे। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई को देखकर दर्जनो अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के संच. ालक ताले डालकर फरार हो गये।

# बेरोकटोक जारी है अवैध खनन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** क्षेत्र में खुलेआम अवैध खनन किया जा रहा है। अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने हैं। खनन का वीडियो वायरल देख लोगों में चर्चाएं होतीी रहीं।

मामला गांव शेरगढ़ का बताया जा रहा है। यहां बिना किसी खौफ के रेत माफिया अवैध खनन करने में लगे हैं। डम्पर व मशीन की मदद से ट्रैक्टर ट्रालियों में बालू को लादा जा रहा है। पिछले काफी समय से शेरगढ़ व आसपास के गांव में अवैध खनन का धंधा बेरोकटोक जारी है। जिस पर लगाम लगाने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा। जिला खनन अधिकारी मनीष यादव से जब इस बाबत जानकारी की गयी तो उन्होने मामले से खुद को अनभिज्ञ बताया।

# कस्तूरबा विद्यालयों की नियमित चैकिंग करें

## डीएम ने की बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि समर कैम्प के दौरान बच्चों को क्या सिखाया जायेगा प्लान तैयार करें। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग की टेंडर प्रक्रिया समय से अपलोड न किये जाने पर रोष जताया।

गुरूवार को डीएम निधि गुप्ता वत्स ने बेसिक शिक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने बच्चों का नामांकन, मिडडेमील, निपुण विद्यालय आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। डीएम ने निर्देश दिये कि समर कैम्प के दौरान बच्चों को क्या ऐक्टिविटी सिखाई जानी है इसकी रूपरेखा समय से तैयार कर लें। डीएम ने बेसिक शिक्षा विभाग की टेंडर प्रक्रिया पर असंतोष जताया। इसे समय से अपलोड करने के निर्देश दिये। डीएम ने सभी एबीएसए को निर्देश दिये कि कस्तूरबा विद्यालयों की नियमित चैकिंग करें। लापरवाही पर कार्रवाई के लिये तैयार रहे। इस मौके पर सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, बीएसए मोनिका मौजूद रहीं।

# ट्रैक्टर की टक्कर से किसान घायल

**अमरोहा।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी रियाजुद्दीन बीती 13 मई को बाइक पर सवार होकर अमरोहा शहर आए थे। काम निपटाकर घर लौटते समय धनौरी चौराहे पर शराब की दुकान के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रियाजुद्दीन गंभीर घायल हो गए जबकि बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही।

# पूर्व प्रधान पति को पुलिस ने रिमांड पर लिया, घटना में प्रयुक्त डंडे बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक की डंडो से पीट पीटकर हत्या करने के मामले में आरोपी पूर्व प्रधान पति को पुलिस रिमांड पर लेकर आई और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चार डंडे बरामद किए। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को बिजनौर स्थित जेल में दाखिल किया गया। बता दें कि 12 अप्रैल को ग्राम फौंदापुर निवासी युवक योगेश व बारसाबाद गांव निवासी पूर्व प्रधान पति राजवीर सिंह का विवाद हो गया था। जिसमें योगेश पक्ष के लोगों ने राजवीर व उसके पक्ष के लोगों के साथ मारपीट की थी। जिसके बाद उसी शाम को योगेश के छोटे भाई प्रशांत को राजवीर पक्ष के लोगों ने नगर के खादगूजर तिराहे के पास घेरकर पीटा। बताते हैं कि इसी प्रकरण की शिकायत करने के लिये योगेश अपने पिता जहेन्द्र सिंह व ताऊ नरेश कुमार के साथ बाइक द्वारा समाज के संभ्रात लोगों के पास जा रहा था, आरोपी है कि तभी राजवीर सिंह व उसके भाई मनोज कुमार ने अपने कुछ साथियों को साथ मिलकर उन्हें रास्ते में घेर लिया और बाइक गिरा दी और डंडो आदि के वार करके योगेश की हत्या कर दी, जबकि पिता जहेन्द्र सिंह व ताऊ नरेश कुमार को पीटकर घायल कर दिया। इस प्रकरण में योगेश के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मनोज व राजवीर सिंह सहित कुछ अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत किया था। उसी दिन पुलिस ने मनोज को तो गिरफ्तार कर लिया था, जबकि गिरफ्तारी से बचने के लिये राजवीर ने कोर्ट में सेंरेडर कर दिया था। गुरूवार को पुलिस ने राजवीर को रिमांड पर लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि पुलिस ने राजवीर को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। घटना में शामिल अन्य लोगों के बारे में भी सुराग मिले हैं, जबकि राजवीर की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चार डंडे भी बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद उसे बिजनौर जेल में दाखिल किया है।

■ **युवक की पीट पीटकर हत्या में है आरोपी**



समाचार विशेष

## पुलिस मुठभेड़ में बोलेरो चोर दो बदमाश गिरफ्तार

**झांसी।** उत्तर प्रदेश में झांसी के रक्सा थानाक्षेत्र में पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की टीम ने मुठभेड़ में बोलेरो चोर दो बदमाशों पर शिकंजा कसने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक शहर(एसपी-सिटी) ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने आज बताया कि रक्सा थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात हुई इस मुठभेड़ में गिरफ्तार किए गए बदमाश दीपक सिरोन और अजय उर्फ रिंकू दोनों ही हरियाणा के भिवाड़ी के रहने वाले हैं। दीपक ने रक्सा थानाक्षेत्र की निवासी भारती अहिरवार से प्रेम विवाह किया था और शादी समारोह में हिस्सा लेने आया था। इसी दौरान इसने रेकी की और अपने दोस्त के साथ मिलकर पांच और छह की दरमियानी रात में राजेश राय की बोलेरो चोरी की थी। इस मामले में थाना रक्सा में मामला दर्ज किया गया था और पुलिस चोरों की धरपकड़ में पुलिस जुटी थी। जांच के दौरान अपराधियों को लचहित करने के लिए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को भी थाना पुलिस, स्वाट और सर्विलांस की टीम ने खंगाला। उन्होंने बताया कि थाना पुलिस और स्वाट की टीम को मुखबिर से सूचना मिली की रक्सा कस्बे से बोलेरो चुराने वाले बदमाश चोरी की कार को लेकर पूनावली रोड से होते हुए मध्य प्रदेश की ओर भागने के प्रयास के हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम पूनावली पर पुलिया पर रोड को ब्लॉक कर वाहन चेलकग में लगी थी इसी बीच चोरी की बोलेरो लेकर बदमाश वहां पहुंचे और जब पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो रूकने की जगह वह कच्चे रास्ते से उतरकर भागने का प्रयास करने लगे। कच्चे रास्ते के दूसरी ओर नहर होने के कारण इनकी बोलेरो फंस गई। इसी बीच पुलिस टीम को नजदीक पाकर एक बदमाश ने कार से उतरकर पुलिस टीम पर फायलरग कर दी, जिसमें रक्सा थाना प्रभारी बाल बाल बचे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें एक बदमाश अजय उर्फ लरकू के पैर में गोली लगी और उसे पुलिस ने धर दबोचा। गिरफ्तार बदमाशों के पास से चोरी की गई बोलेरो के साथ साथ दो 315 बोर के तमंचे तीन लजदा कारतूस, दो खोखे और दो मोबाइल बरामद कर लिए गए है। संबंधितों के खिलाफ उचित धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## बंदरों को पकड़ेंगे मंकी कैचर: डीएफओ

**गोंडा।** जिले के नगरीय व ग्रामीण इलाकों में बंदरों को पकड़वाने की जिम्मेदारी विनियमित क्षेत्र और जिलापंचायत का है, बावजूद लोग जानकारी के अभाव में वन विभाग से इस समस्या की शिकायत करते हैं। जिसे देखते हुए शासनादेश के क्रम में इस समस्या से निपटने के लिए नगर मजिस्ट्रेट और जिलापंचायत राज अधिकारी गोंडा को पत्र लिखते हुए उन्हें मंकी कैचरों का नंबर जारी किया गया है। जिससे कि, बंदरों के उत्पात से परेशान नगरीय व ग्रामीण इलाके के लोग भ्रम में न रहें और सही जगह शिकायत करें जिससे उनकी समस्याओं का निराकरण हो सके। यह जानकारी देते हुए प्रभागीय वन अधिकारी पंकज कुमार शुक्ला ने बताया कि, बंदरों के उत्पात और आतंक से परेशान लोग सैकड़ों की संख्या में आईजीआरएस व फोन के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते हैं। जबकि, यह वन विभाग के कार्यक्षेत्र में नहीं आता। जिसको गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए एक शासनादेश के क्रम में उन्होंने एक पत्र जिसमें बंदर कैचरों के नंबर भी हैं।

# विजय शाह ने सेना और नारी का अपमान किया: कांग्रेस

■ कर्नल सोफिया कुरैशी पर देश को गर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अम्बेडकरनगर।** आपरेशन सिंदूर के दौरान सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी एवं वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बढ़चढ कर हिस्सा लिया और जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी गई थी उसका बाखूबी निर्वहन करके देश, सेना और नारीशक्ति को गौरवान्वित करने का काम किया उक्त बातें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कही। उन्होंने कहा लेकिन मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह ने कर्नल सोफिया को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया जो देश नारी और सेना का अपमान है।

पूर्व जिला अध्यक्ष अजय सिंह 'कप्तान', राम कुमार पाल, पूर्व सभासद द्विजेन्द्र नारायण शुक्ल, कांग्रेस मीडिया इंचार्ज अवधेश कुमार मिश्र 'बब्लू',जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल 'छोटू', सुखीलाल वर्मा, श्रीकांत वर्मा, डा. सतीश चंद्र प्रजा. पति ने कहा गौरवशाली भारतीय सेना



की जाबांज और देश की बहादुर बेटी पर भाजपा के बड़बोले मंत्री ने आपत्तिजनक टिप्पणी किया जिसे भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अभी तक संज्ञान मे नही लिया है।

इसके विपरीत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मंत्री विजय शाह पर मुकदमा दर्ज करनै का आदेश दिया और उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के आद. ेश पर रोक लगाने से इंकार किया। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा,मो जियाउद्दीन अंसारी, शिमला भारतीय, सै ऐतबार हुसैन, सुखी लाल वर्मा, अनुराग तिवारी, असगर अली, राजेश वर्मा ने कहा एक जिम्मेदार पद को सुशोभित करते हुए मंत्री विजय शाह ने जो दु:शाहस किया है।

वह सेना की गरिमा, नारी शक्ति और देश का अपमान है, देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर खुला हमला है। अवधेश मिश्र ष्बब्लूष ने बताया उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी अम्बेडकर नगर द्वारा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ख्रष्ण कुमार यादव के नेतृत्व में जिला मुख्यालय के पटेल प्रतिमा के समक्ष मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के विरुद्ध प्रदर्शन कर बर्खास्तगी की मांग की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल वर्मा,अमित कुमार यादव 'संजय',राजेश प्रजा. पति,नंद कुमार गुप्ता 'दद्दू',असगर अली, प्रेमलता, महेंद्र प्रताप वर्मा 'मक्कू', राजनाथ दूबे, बिरजेश यादव, समेत अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# मातृ और शिशु मृत्यु दर में ऐतिहासिक गिरावट

## योगी सरकार की स्वास्थ्य नीतियों का दिखा असर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के निरंतर प्रयासों और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से मातृत्व और शिशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार दर्ज किया गया है। सैम्पल रजिस्ट्रेशन सर्वे (एसआरएस) 2019-21 की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) घटकर 151 रह गई है, जो इससे पूर्व 2018-20 की अवधि में 167 थी।

इसी प्रकार, नवजात मृत्यु दर (एनएनएमआर) वर्ष 2020 में 28 थी जो 2021 में घटकर 26 हो गई, जबकि शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) भी 38 से घटकर 37 पर आ गई है। यह सुधार न केवल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं में आए गुणात्मक परिवर्तन का संकेत है, बल्कि सरकार की संवे. दनशील और प्राथमिक तामूलक नीति का परिणाम भी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। ग्रामीण अंचलों तक सुविधाएं पहुंचाने, संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश का लिंगानुपात भी बढ़ा है। वर्ष 2020 में यह 908 था, जो 2021 में बढ़कर 912 हो गया है। इससे यह स्पष्ट है कि मातृ एवं बाल स्वास्थ्य से जुड़े प्रयास केवल संख्यात्मक नहीं, बल्कि सामा. जिक रूप से भी सार्थक साबित हो रहे हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने कहा कि सरकार की यह प्राथमिकता रही है कि कोई भी मां, जीवन देने की प्रक्रिया में अपनी जान न गंवाए। उन्होंने बताया कि एमएमआर, एनएनएमआर और आईएमआर में आई इस कमी के पीछे गर्भावस्था के शुरुआती 1000 दिनों में मां और बच्चे की विशेष देखभाल की रणनीति निर्णायक रही है। गर्भधारण के तुरंत बाद पंजीकरण, कम से कम चार एएनसी जांचें, उच्च जोखिम गर्भावस्था की पहचान और सुख्रढ़ चिकित्सकीय प्रबंधन जैसी पहलें कारगर सिद्ध हुई हैं। उन्होंने बताया कि प्राथमिक सन्दर्भ इकाइयों को सशक्त करते हुए आकस्मिक प्रसूति देखभाल के लिए चिकित्सकों को सीएमओसी और ईसीएमओसी प्रशिक्षण भी दिया गया है। अस्पतालों में चौबीस घंटे की प्रसव सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, जिसमें प्रशिक्षित स्टाफ, ब्लड स्टोरेज यूनिट और ऑपरेशन थिएटर जैसी सुविधाओं का सुख्रढ़ीकरण भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग ने गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक, लक्ष्य (महिला स्वास्थ्य) और मुस्कान (बाल स्वास्थ्य) जैसे मानकों पर आधारित मूल्यांकन प्रणाली को भी अपनाया है। वहीं 102 व 108 एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पॉन्स टाइम में सुधार कर संस्थागत प्रसव को और अधिक बढ़ावा मिला है। नवजात शिशुओं की बेहतर देखभाल हेतु विशेष नवजात देखभाल इकाइयों (एसएनसीयू) की स्थापना से बाल मृत्यु दर में गिरावट आई है। इस समग्र व्यवस्था और जागरूकता के परिणामस्वरूप प्रदेश में मातृ और शिशु मृत्यु दर में निरंतर गिरावट देखने को मिल रही है, जो योगी सरकार की स्वास्थ्य नीतियों की सफलता का ठोस प्रमाण है।

# गन्ना बना किसानों का भरोसा, एथेनॉल और चीनी उत्पादन में यूपी नंबर वन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गन्ना किसानों की आय बढ़ाने, चीनी मिलों के आधुनिक. ीकरण और एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिस समग्र रणनीति पर पिछले आठ वर्षों से काम किया है, उसके परिणाम अब ठोस उपलब्धियों के रूप में सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सतत निगरानी में गन्ने की खेती से लेकर चीनी उद्योग तक को लाभकारी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए जो चरणबद्ध कार्ययोजनाएं बनाई गईं, उन पर लगातार अमल हो रहा है।

गन्ना भुगतान की समयबद्धता और पारदर्शिता सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रही है। मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने बकाया भुगतान की गंभीर समस्या को प्राथमिकता दी और व्यवस्था को डिजिटल और सुगम बनाया। नतीजतन वर्ष 2017 से 2025 तक सरकार ने गन्ना किसानों को 2,85,994 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड भुगतान किया, जो 1995 से 2017 तक की कुल राशि से 72,474 करोड़ रुपए अधिक है। इसी वर्ष 2024-25 में निर्धारित 34,466.22 करोड़ रुपए में से 83.8 प्रतिशत भुगतान पहले ही हो चुका है। गन्ने की खेती के प्रति किसानों के बढ़ते रुझान का सीधा प्रमाण है कि पिछले आठ वर्षों में गन्ना क्षेत्रफल में लगभग 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। 2016-17 में जहां गन्ने का रकबा 20.54 लाख हेक्टेयर था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 29.51 लाख हेक्टेयर हो गया है। इसी दौरान प्रति हेक्टेयर उत्पादकता भी 72.38 टन से बढ़कर 84.10 टन तक पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश है कि उत्पादन को दोगुना करने की योजना तैयार कर ठोस प्रयास किए जाएं। प्रदेश में गन्ने से जुड़ी इकाइयों ने न केवल उत्पादन के क्षेत्र में उपलब्धियां दर्ज की हैं, बल्कि रोजगार के अवसर भी बड़ी संख्या में उपलब्ध कराए हैं। फिलहाल प्रदेश के 45 जिलों में 122 चीनी मिलें, 236 खांडसारी इकाइयां, 8,707 कोल्हू, 65 को-जेन प्लांट और 44 डिस्टिलरी इकाइयां कार्यरत हैं। इनसे प्रत्यक्ष रूप से करीब 10 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है। एथेनॉल उत्पादन के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश देश में अव्वल है। वर्ष 2023-24 में राज्य की 102 सक्रिय डिस्टिलरियों से 150.39 करोड़ लीटर एथेनॉल का उत्पादन हुआ, जबकि 6,771.87 करोड़ रुपए के निजी निवेश से 105.65 करोड़ लीटर अतिरिक्त उत्पादन क्षमता तैयार की जा रही है। मुख्यमंत्री खुद विभागीय बैठकों में ईंधन मिश्रण में एथेनॉल अनुपात बढ़ाने और इसे शीघ्र लागू करने के निर्देश दे चुके हैं। सरकार ने लॉकड़ाउन जैसे कठिन समय में भी किसानों और उद्योग दोनों के हितों की रक्षा की। जब अन्य राज्यों में चीनी मिलें बंद हो रही थीं, तब उत्तर प्रदेश की सभी मिलें मुख्यमंत्री के निर्देश पर पूरी क्षमता से चलाई गईं। इससे न केवल किसानों को राहत मिली, बल्कि राज्य ने राष्ट्रीय स्तर पर चीनी उत्पादन में रिकॉर्ड भी बनाया। योगी सरकार के नेतृत्व में गन्ना किसानों के हित में बनाई गई बहुआयामी नीतियों से यह स्पष्ट है कि गन्ना केवल एक फसल नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की ग्रामीण आर्थिकी का मेरुदंड है। आने वाले वर्षों में गन्ना और मिठास का यह रिश्ता और प्रगाढ़ होने जा रहा है।

# सत्रह वर्षीय किशोर को उसके दोस्तों ने ही मारी गोली, इलाज के दौरान मौत

■ पुरानी रंजिश में मृतक को बुलाकर दिया वारदात को अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोंडा।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत तुलसीपुर माझा गांव में बुधवार की रात करीब 10 बजे लिए किशोर को उसके ही दोस्तों ने गोली मार दी। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए मेडिकल कालेज अयोध्या ले जाया गया,जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक तुलसीपुर माझा गांव के मजरे पट्टी बलराज के अंशुमान सिंह (17) पुत्र रविप्रकाश सिंह दो भाइयों में सबसे बड़े थे। बुधवार की रात करीब 10 बजे अंशुमान को घर के पीछे रहने वाला उनका एक दोस्त अमानत सिंह उर्फ भोलू किसी काम के बहाने बाइक से लेकर चला गया। और जैसे ही वह अंशुमान को लेकर ढेमवा मार्ग से रांगी को जाने वाले मार्ग पर मरहमपुर मोड़ के पास सूनसान स्थान पर पहुंचा,तभी



वहां पहले से ही घात लगाकर बैठे अमानत के दो दोस्तों ने अंशुमान को गोली मार दी।गोली सीधे सीने में लगी बावजूद7 इसके गोली लगने के बाद किशोर भागकर 50 मीटर दूर यज्ञनारायण श्रीवास्तव उर्फ ननके के घर पहुंचा, और आप बीती सुनाई। उन्होंने घायल के परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंचे परिवार के लोग घायल किशोर को इलाज के लिए निकट सीएचसी ले गए। जहां उसकी गंभीर हालत देख चिकित्सक ने अयोध्या मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। जहां ले जाते समय रास्ते में ही किशोर ने दम तोड़ दिया।वहीं जब परिजन किशोर को लेकर मेडिकल कालेज पहुंचे तो वहां चिकित्सक ने भी इसकी पुस्टि कर दी। पिता ने रात में ही पांच लोगों के विरुद्ध नामजद तहरीर दे दी थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पांचो लोगों के विरुद्ध मुकदमा रात में ही दर्ज कर लिया गया था।

### क्या कहते हैं एएसपी राधेश्याम राय

इस संबंध में एएसपी पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि,नवाबग. ंज के तुलसीपुर माझा में एक 17 वर्षीय किशोर को उसके तीन सहपाठियों ने गोली मार दी थी।जिसको इलाज के लिए पुलिस ने अयोध्या मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था,जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनो की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग7 पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले को 6 साल की सजा

## कोर्ट ने 11 हजार जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत एक अहम सफलता हाथ लगी है। हत्या के प्रयास के एक मामले में मानिकपुर थाना क्षेत्र के आरोपी लवलेश कोल को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने छह वर्ष के कठोर कारावास व 11 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। यह कार्रवाई पुलिस महा. निदेशक के निर्देशों के अनुपालन में चित्रकूट के पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन पर की गई। प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन, मुख्य आरक्षी एवं पैरोकार अजय कुमार तथा मॉनिटरिंग सेल की गहन पैरवी और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास की प्रभावशाली बहस के फलस्वरूप यह सजा सुनाई गई।

घटनाक्रम के अनुसार 9 अक्टूबर 2015 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सूर्यप्रकाश सिंह की टीम पर जान से मारने की नियत से अभियुक्त लवलेश कोल व उसके साथियों ने फायरिंग कर दी थी। इस संबंध में थाना मानिकपुर मे मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच अधिकारी उपनि. रीक्षक दिनेश कुमार सिंह के द्वारा विस्तृत विवेचना उपरांत आरोपपत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। लंबी कानूनी प्रक्रिया और मजबूत पैरवी के बाद अदालत ने दोषी को सजा सुनाई।

# डीएम ने भीटी स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने गुरुवार को अपराह्न में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ. रवि राजभर चिकित्साधिकारी एवं मोतीलाल फार्मासिस्ट मेडिकोलीगल करते हुए मिले। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्साधिकारी ने बताया कि अधीक्षक डॉ.गौतम कुमार मिश्र जनपद मुख्यालय पर गए हैं जिला. धिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में तैनात चिकित्सकों की जानकारी ली जिस पर अवगत कराया गया कि डॉ सीपी भारती विगत 3 दिनों से बिना सूचना के अनुपस्थित है, एवं यदा-कदा ही चिकित्सालय आते हैं। जिलाधिकारी द्वारा डॉ.सीपी भारती का वेतन बाधित करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त डॉ. पुष्पेन्द्र चौहान रात्रि आपातकालीन डड्ूटी के पश्चात डड्ूटी आफ पर थे एवं डॉ. शालिनी पाण्डेय महिला चिकित्साधिकारी ने एमसीएच विंग में ओपीडी की थी।अधीक्षक द्वारा जिलाधिकारी को यह भी अवगत कराया गया कि साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में पूर्व में तैनात डॉ.ओम विकास मिश्र जिनकी वर्तमान में तैनाती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के अन्तर्गत है के द्वारा 8 माह बीत जाने के पश्चात भी परिसर में स्थित सरकारी आवास खाली नही किया गया जिसके कारण अधीक्षक को स्वयं आवास नही मिल पा रहा है एवं बाहर निवास करना पड़ रहा है। जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि डॉ.ओम विकास मिश्र का वेतन तब तक बाधित करें जब तक वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीटी में आवास खाली नही कर देते हैं। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने औषधि कक्ष, चिकित्सक ओपीडी कक्ष, आकस्मिक सेवा कक्ष, मैटरनिटी विंग आदि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने औषधि वितरण रजिस्टर चेक किया और सुनिश्चित किया कि सभी औषधियां गुणवत्तापूर्ण हैं। उन्होंने ओपीडी पंजीकरण रजिस्टर में मरीजों का मोबाइल नम्बर अनिवार्य रूप से अंकित करने के लिए निर्देशित किया चिकित्सालय में विद्युत आपूर्ति की समस्या के लिए तत्काल अवर अभियन्ता भीटी को निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए निर्देशित किया तथा अधीक्षक को इन्वर्टर की व्यवस्था ठीक कराने के लिए कहा। इस अवसर पर उपस्थित डॉ संजय श्रीवास्तव चिकित्साधिकारी आरबीएसके से उनके कार्य- दायित्व एवं कार्यावधि के विषय में पूछा एवं आरबीएसके के जनपदीय नोडल अधिकारी डॉ.आशुतोष सिंह को निर्देशित किया कि सभी आरबीएसके चिकित्सक अपना विद्यालय भ्रमण पूर्ण करते हुए 2 बजे के बाद नियमित टीकाकरण के दिन वीएचएनडी सत्र का पर्यवेक्षण करें एवं वैब परिवार(इन्कार परिवार) का कन्वर्जन कराएं निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने चिकित्सालय में साफ-सफाई संतोषजनक न पाए जाने पर स्वच्छक (सफाई कर्मी) राम अवतार, अरविन्द एवं शकील का वेतन बाधित करने का निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया। जिसमें नियमित, एनएचएम एवं आउटसोर्सिंग स्टाफ की उपस्थिति चेक की गई।सुरेन्द्र एक्सरे टेक्नीशियन,नीरज वर्मा डार्क रूम सहायक,राघवेन्द्र शुक्ल कनिष्ठ सहायक,धर्मेंद्र डेटा आपरेटर अनुपस्थित मिले, जिसका वेतन बाधित करने हेतु निर्देशित किया। निरीक्षण के समय पंकज डेटा आपरेटर, कृष्ण मोहन स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, बीसीपीएम रीमा अनुपस्थित मिले जिस पर गहरा रोष व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला. धिकारी ने पटल सहायक, एचईओ व समस्त बीपीएमयू स्टाफ को प्रतिदिन सायं 6 बजे तक राजकीय कार्य करने हेतु निर्देशित किया जिससे आकांक्षी ब्लॉक भीटी में स्वास्थ्य विभाग के सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में अपेक्षित सुधार हो सके एवं जनता को इसका लाभ मिल सके।निरीक्षण के समय विनोद पाण्डेय फार्मासिस्ट इन्चार्ज वीएचएनडी लॉजिस्टिक प्राप्त करने के लिए जनपद मुख्यालय गए हुए थे। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी वीएचएनडी सत्रों पर शत प्रतिशत लॉजिस्टिक की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं एवं सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ समय से उपस्थित रहते हुए जनमानस को स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराएं जिसका नियमित अनुश्रवण ब्लॉक स्तरीय व जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया जाय। निरीक्षण के समय एलटी रामनाथ, एलटी देवानंद, एआरओ केशव राम चौधरी, नर्सिंग इन्चार्ज विपिन, स्टाफ नर्स नेहा पाठक, सीमा पाण्डेय, अमित एलटी, सत्यम आईओ, मनीष श्रीवास्तव वार्ड ब्वाय, शकील स्वच्छक उपस्थित रहे।

# शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रही ग्रामीण पाइप पेयजल परियोजना हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिला. धिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन भारत सरकार की प्राथमिकता वाली योजना है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्एक घर तक सुरक्षित और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्थावार परियोजना की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए रोड रेस्टोरेशन सहित सभी कार्यों की गुणवत्ता,पानी की गुणवत्ता जांच और लाभार्थियों तक जल कनेक्शन की वर्तमान स्थिति, परियोजना इकाइयों के निर्माणकार्य की प्रगति एवं उसमें आ रही समस्याओं के निस्तारण की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या कार्य में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयब)ता सर्वोपरि होनी चाहिए।उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कार्यों की भौतिक स्थिति की नियमित जांच करने,आम जनता को योजना की जानकारी देते हेतु प्रत्एक घर को कनेक्शन से आच्छादित करने के लक्ष्य को पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने जिन परियोजना इकाइयों में राजस्व, वन विभाग अथवा विद्युत आदि विभागों से संबंधित समस्याएं हैं वहां पर संबंधित कार्यदाई संस्था, जल निगम के अधिकारी,खंड विकास अधिकारी संबंधित उप जिला. धिकारी एवं संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र सभी समस्याओं का निराकरण कर तीव्रगति से परियोजना के कार्यों को कराने के निर्देश दिए उन्होंने समस्त उप जिला. धिकारियों एवं खंड विकास अधिका. रियों को पेयजल योजनाओं की स्थिति की जमीनी हकीकत जानने के लिए स्वयं गांवों का दौरा करने तथा यदि कहीं पर भी किसी भी प्रकार की समस्या है उसका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में ग्राम अन्नावां जगदीशपुर में जल जीवन मिशन योजना में भूमि से संबंधित प्रकरण पर जिलाधिकारी ने लेखपाल से फोन पर वार्ता कर लेखपाल को आवश्यकतानुसार उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी व पुलिस बल से समन्वय स्थापित कर एक सप्ताह में प्रकरण को निस्तारित कर अवगत कराने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कराए गए।

# स्विमिंग पूल में बालक की मौत पर वाटर पार्क मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिले के सिरसागंज क्षेत्र में बुधवार को एक वाटर पार्क में नहाने गए बालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वाटर पार्क के कर्मचारी बालक को सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बालक के शव को वहीं पड़ा छोड़कर कर्मचारी फरार हो गए थे। पुलिस ने कार्रवाई कर गुरुवार को मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। सिरसागंज के वन खंडेश्वर रोड पर एक ए के वाटर पार्क में बुधवार को स्विलमग पूल में नहाने गए बालक की मौत हो गई। जानकारी मिलने पर वाटर पार्क के कर्मचारियों में हडकम्प मच गया और वह उसे लेकर सरकारी अस्पताल पहुंचे डॉक्टर द्वारा भी बालक को मृत घोषित कर दिया गया तभी वाटर पार्क के कर्मचारी बालक के शव को अस्पताल में छोड़कर फरार हो गए। अस्पताल के डॉक्टर द्वारा संबंधित मामले की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने शव की पहचान करने का प्रयास किया गया। पुलिस के द्वारा मृत बालक की पहचान आदित्य 12 वर्ष पुत्र रंजीत कुमार निवासी अंबेडकर नगर सिरसागंज के रूप में किए जाने पर परिजनों द्वारा पुलिस के सामने आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। पुलिस में परिजनों की तहरीर के आधार पर व्हाट्सएप पर कर्मचारी और मालिकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# आनंदीबेन ने उन्नाव में लाभार्थियों को वितरित किए अनुदान चेक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को अपने उन्नाव प्रवास के दौरान निराला प्रेक्षागृह परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई नवाचार एवं जनपद की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित लोगों को प्रमाण-पत्र, अनुदान चेक व अन्य सहायता सामग्री वितरित की।

राज्यपाल ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का्रमण कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने मियांगंज के किसान को ड्रोन, महिला लाभार्थी को ई-रिक्शा तथा 11 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल प्रदान की। इसके अलावा उन्होंने 200 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट, पोषण अभियान के 100 लाभार्थियों को पोषण पोटली, 100 लोगों को आयुष्मान कार्ड, 50 प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, 50 को घरौनी, 100 को टीबी किट, विभिन्न योजनाओं के तहत सैकड़ों लाभार्थियों को चेक, गैस कनेक्शन, पेंशन व प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

और पोषण गीत गाए गए। राज्यपाल ने 'ऑपरेशन सिंदूर[ की सफलता का उल्लेख करते हुए भारतीय सेना के साहस की सराहना की और कहा कि प्रधानमंत्री और सैनिकों का यह साहस प्रशंसनीय है। राज्यपाल ने दहेज प्रथा औरभ्रूण हत्या को गंभीर समस्या बताया और कहा कि ष्बेटा-बेटी दोनों को जन्म लेने का अधिकार है, मारने का अधिकार किसी को नहीं।ष उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि प्राइवेट अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर भ्रूण हत्या करने वालों पर एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा, हर खेत को पानी और हर घर को शुद्ध जल मिले तभी विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। राज्यपाल ने ;ण योजनाओं के लाभार्थियों से ईमानदारी से व्यवसाय स्थापित कर दूसरों को भी रोजगार देने की अपील की।

अपने निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने पुलिस लाइन सभागार में 18 विभागों की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1 जुलाई तक तीन वर्ष के प्रत्एक बच्चे का आंगनबाड़ी और छह वर्ष के प्रत्एक बच्चे का स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित किया जाए।

# धर्मस्थल में दुष्कर्म का मामला

■ बरेली में दो किशोरियों के बयान तय करेंगे आरोपी पुजारी जेल जाएगा या नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** धर्मस्थल में ऋषिकेश की किशोरी से दुष्कर्म के मामले में कथित पुजारी की किस्मत का फैसला दो किशोरियों के बयान पर टिका है। इनमें एक किशोरी नौंवी की छात्रा है, जिसने पुजारी के खिलाफ धर्मस्थल में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद से कैंट थाना पुलिस ने पुजारी युवक को हिरासत में ले रखा है। बरेली पुलिस अब इस किशोरी के कोर्ट में बयान दर्ज कराएगी। अगर वह अपनी बात पर कायम रही तो पुजारी को जेल जाना पड़ेगा। हालांकि आरोपी पुजारी का कहना है कि वह दोनों एक दूसरे के परिचित हैं और दुष्कर्म का आरोप गलत है।

वहीं दूसरी किशोरी वह है, जो पीड़िता के साथ धर्मस्थल आई थी और यहां से उसका मोबाइल फोन लेकर चली गई। महज 13 साल की इस किशोरी को ऋषिकेश कोतवाली पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद से तलाश कर लिया है। उसे अगवा करने का मुकदमा ऋषिकेश में दर्ज है तो उसके वहीं पर बयान कराए जा रहे हैं। अगर उस किशोरी ने भी बंधक बनाने या किसी तरह अत्याचार की बात कही तो भी आरोपी पुजारी की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। बरेली पुलिस के अधिकारी फिलहाल दोनों किशोरियों के बयान पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं।

दरअसल, ऋषिकेश से आई महिला अपनी बेटी व वकील के साथ बुधवार दोपहर एसएसपी से मिली थी। उसने बताया कि वह बिहार की निवासी हैं। कई साल से परिवार ऋषिकेश में रह रहा है। 16 साल की बेटी कक्षा नौ की छात्रा है। बरेली के कैंट इलाके के धर्मस्थल में रहने वाला भमोरा थाना क्षेत्र निवासी युवक रामकिशन भी कई साल से ऋषिकेश में रह रहा था। बाद में वह बरेली चला आया। वह फेसबुक व इंस्टाग्राम के जरिये उनकी बेटी के संपर्क में था।

पीड़ित छात्रा ने बताया कि कथित पुजारी ने शादी का झांसा देकर कई बार संबंध बनाए। उसका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। 13 अप्रैल को पुजारी ने उसे किराया भेजकर बरेली बुलाया। तब छात्रा अपनी बहन की 13 साल की बेटी को लेकर बरेली चली आई। आरोपी ने उसे धर्मस्थल में बंधक बनाकर रखा। कई बार उसका यौन शोषण किया। तीन दिन पहले वह किसी तरह भाग निकली, पर भांजी का पता नहीं लग रहा है। पुजारी उसे धमका रहा है। एसएसपी के निर्देश पर सीओ प्रथम ने दिन भर जांच की। रात में ही आरोपी पुजारी को थाने में बैठा लिया गया।

# आतंकवाद के खिलाफ फतवा जारी

## बरेलवी उलेमा बोले- इस्लाम शांति और अमन का धर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो




**बरेली।** बरेलवी उलेमा ने आतंकवाद के खिलाफ फतवा जारी किया है। ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने बताया कि बहराइच निवासी डॉ० अनवर रजा कादरी के पूछे गए सवाल के जवाब में यह फतवा दिया गया है। जिसमें कहा गया कि कुरान के मुताबिक एक व्यक्ति की हत्या पूरी मानवता की हत्या है। पैगंबर इस्लाम ने कहा है कि अच्छा मुसलमान वह है, जिसके हाथ, पैर और जुबान से किसी को नुकसान न पहुंचे। एक अन्य हदीस में कहा है कि अपने देश से प्रेम करना आधा ईमान है। आगे फरमाया है कि मुसलमान जहां भी और जिस देश में रहते हैं, उन्हें उस देश की धरती से प्रेम करना चाहिए। कुरान और हदीस की रोशनी में इस्लाम स्पष्ट रूप से आतंकवादी घटनाओं की निंदा करता है।

फतवे में हाफिज सईद के संगठन लश्कर-ए-तैयबा और मसूद अजहर के संगठन जैश-ए-मोहम्मद आदि आतंकी संगठनों को गैर इस्लामी बताया। कहा गया कि जो लोग इस्लाम के नाम पर संगठन बना चुके हैं, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद आदि और उनके माध्यम से लोगों की हत्या कर रहे हैं। ये सभी चीजें शरीयत की रोशनी में नाजायज व हराम हैं।

इस्लाम शांति और अमन का धर्म है। समाज के हर वर्ग में शांति पसंद करता है। पैगंबर इस्लाम ने अपने पूरे जीवन में किसी भी अनुयायी, मुस्लिम या गैर-मुस्लिम की हत्या का आदेश नहीं दिया। इस्लाम एक ऐसा धर्म है जो किसी भी अन्य धर्म के अनुयायियों के जीवन, संपत्ति और सम्मान की रक्षा करता है। यह सभी मनुष्यों के लिए न्याय का आदेश देता है।

### कुछ लोग जिहाद का गलत अर्थ निकाल रहे

फतवे में सख्त भाषा का इस्तेमाल करते हुए लिखा गया है कि इस्लाम सभी लोगों के साथ अच्छा बर्ताव और अच्छा व्यवहार करने का आदेश देता है। इन दिनों, कुछ लोग कुरान और इस्लाम में जिहाद के अर्थ को गलत तरीके से पेश करके इस्लाम के नाम पर एक-दूसरे को मारने की कोशिश कर रहे हैं। यह इस्लाम, कुरान और हदीस के सिद्धांतों के पूरी तरह से खिलाफ है। इस्लाम ने हमें एक-दूसरे के सुख-दुख में शामिल होने के लिए भी कहा है।

### आतंकी हमले को धर्म से नहीं जोड़ना चाहिए

फतवे में भारत में सभी धर्मों के अनुयायियों से अच्छे संबंध रखने की बात कही गई है। आज के माहौल में समाज के बीच अच्छे संबंधों की जरूरत है। चाहे वह खुशी का मौका हो या गम का। हमें हर स्थिति में देश के साथ खड़ा होना चाहिए। एकता और भाईचारे का संदेश देना चाहिए। फतवे में यह भी कहा गया है कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। बल्कि यह आतंकवादी हमला क्रूर, अत्याचारी और कायरतापूर्ण है। इसलिए हम आतंकवाद का कड़ा विरोध करते हैं और इसकी निंदा करते हैं।

## एक नजर

### झोलाछाप डाक्टर के यहां इलाज कराने गई दुल्हन की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** झोलाछाप डॉक्टर के अस्पताल में इलाज कराने आई दुल्हन की मौत हो गई, उसकी उसी दिन बारात आनी थी। उसकी मौत हो जाने पर शादी के घर में कोहराम मच गया, और मृतका के घर वालों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, और मृतका के घर वालों को शांत कर दुल्हन के पिता की तरफ से झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

परिजनों के हंगामा करने के बाद पुलिस ने डॉक्टर के खिलाफ की रिपोर्ट दर्ज

थाना क्षेत्र के गांव देवीपुरा गांव के थान सिंह पुत्र किशन लाल की पुत्री शांति की बुधवार को शादी थी, और उसकी दोपहर को बारात आनी थी। शादी वाले दिन ही बारात आने से पहले उसकी तबियत खराब हो गई। जिसके बाद परिजन उसे नगर के डॉ० तसलीम अहमद उर्फ भूरा के अलशिफा हॉस्पिटल ले आये। यहां आने पर उसे झोलाछाप ने तुरंत ड्रिप लगा दी। इलाज के दौरान कुछ ही देर में दुल्हन की मौत हो गई। काफी जद्दोजहद के बाद झोलाछाप ने मृत दुल्हन को जिंदा बताकर भोजीपुरा के एक मेडीकल कॉलेज भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर से दुल्हन के घर में कोहराम मच गया। उन्होंने अस्पताल में हंगामा किया। हंगामा होता देख झोलाछाप डॉक्टर वहां से चुपचाप खिसक लिया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मृतका के परिजनों को समझाना चाहा, लेकिन वह झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग करने लगे, पुलिस के कार्यवाही के आश्वासन पर परिजन शांत हुए। बाद में पुलिस ने पिता की तरफ से झोलाछाप डॉक्टर तसलीम अहमद उर्फ भूरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### किच्छा नदी में मिला युवक का शव

शाह टाइम्स संवाददाता



**बहेड़ी।** किच्छा नदी के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

शव पीएम को भेजने के बाद जांच में जुटी पुलिस

किच्छा नदी में मिले शव की पहचान दिनेश शर्मा (उम्र 40 वर्ष) पुत्र लल्लू निवासी ग्राम उनई मकरुका के रूप में हुई है। शव गांव से लगभग 1 किलोमीटर दूरी पर किच्छा नदी किनारे पड़ा मिला।

परिजनों ने बताया कि मृतक दिनेश शर्मा शराब पीने का आदी था, और अक्सर बिना बताए घर से गायब रहता था। इस आदत के कारण उसके परिवार वाले परेशान रहते थे।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है, और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। शव मिलने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, और लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने लोगों को शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अब पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### बरेली में मार्शल आर्ट सीख रहीं लेडी कमांडो

फोटो शाह टाइम्स ब्यूरो



**बरेली।** जिले में महिला अपराधों की रोकथाम के लिए पहली बार महिला स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) का गठन किया गया है। पांच सदस्यीय यह टीम एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा के निर्देशन में अपने काम को अंजाम देगी। महिला एसओजी कमांडो की तरह काली वर्दी में रहेगी। यह टीम किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए सक्षम होगी। महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश करेगी।

आईपीएस अंशिका वर्मा के निर्देशन में अपराध पर करेंगी प्रहार

एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि महिला एसओजी के लिए 25 महिला आरक्षियों (सिपाहियों) ने आवेदन किया था। दक्षता के आधार पर पांच का चयन कर उनको पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित महिला सिपाहियों को आधुनिक हथियारों, मार्शल आर्ट, आत्मरक्षा, साइबर क्राइम विश्लेषण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नारकोटिक्स से संबंधित अपराधों की पहचान व कार्रवाई में दक्ष बनाया जा रहा है।

महिला एसओजी की प्रभारी के लिए महिला उपनिरीक्षकों (दरोगा) के भी पांच आवेदन मिले हैं। महिला एसओजी की टीम खुफिया सूचना संग्रह, सीडीआर विश्लेषण और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रशिक्षित की जा रही है। अपराध में महिलाओं की संलिप्तता के मद्देनजर भी इस टीम का गठन किया गया है।

बता दें कि बीते दिनों जिले में मादक पदार्थों की तस्करी व गौकशी के कई ऐसे मामले सामने आए, जिनमें महिलाओं की संलिप्तता थी। ऐसे अपराधों की रोकथाम में इस टीम की अहम भूमिका होगी। बताया जा रहा है कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद महिला एसओजी टीम पूरी तरह सक्रिय हो जाएगी।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**
**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी ( बरेली )**
**मो0- 9456212547 8077380691**
**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# मुखबिर को थाने में मिला वीआईपी ट्रीटमेंट




■ बवाल के मास्टरमाइंड को तीन दिन बाद भेजा जेल
■ किला पुलिस ने खुद कराई फजीहत, बाकी आरोपी अब भी फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** कुंवरपुर कांड का मास्टरमाइंड प्रवीन सक्सेना कानून की पकड़ में आने के बाद भी तीन दिन तक थाने में आराम फरमाता रहा। न कोई पूछताछ, न गिरफ्तारी की जल्दबाजी। वजह साफ है कि आरोपी पुलिस का खास मुखबिर बताया जा रहा है। जब बात ज्यादा तूल पकड़ी, जनाक्रोश बढ़ा और सवालों की बौछार शुरू हुई, तब जाकर बुधवार को किला पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेजा। मगर अब सवाल ये है कि क्या थाने में मुखबिरों को कानून से ऊपर मान लिया गया है।

### तीन दिन की खातिरदारी ने खोली पुलिस की पोल

रविवार रात कुंवरपुर में महेश यादव के घर पर हमला करने के बाद मास्टरमाइंड प्रवीन सक्सेना को पुलिस ने उसी रात दबोच लिया था। लेकिन जेल भेजने के बजाय उसे थाने में बैठाकर चाय-पानी कराया गया। तीन दिन तक न कोई मुकदमा आगे बढ़ा, न कोई और गिरफ्तारी हुई। उल्टा आरोपी की बेटी माही सक्सेना की ओर से एक क्रॉस एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले को और उलझा दिया।

### पुलिस की भूमिका पर उठे गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों में गुस्सा है। सवाल सीधा है क्या पुलिस मुखबिरों को वीआईपी दर्जा देती है। क्या कानून सिर्फ आम आदमी पर चलता है। अगर प्रवीन सक्सेना जैसा आरोपी थाने में मेहमान बन सकता है तो बाकी अपराधियों को पकड़ने में क्या मजबूरी है।

### बेटी की रिपोर्ट बनी ढाल, पुलिस ने लिखा स्क्रिप्ट जैसा बयान

माही सक्सेना की तहरीर में कहानी कुछ यूं रची गईख्गर्भवती हूं, भीड़ ने घर पर पथराव किया, पापा को घसीट ले गए, जान से मारने की धमकी दी, बेटियों को उठा ले जाने की बात कहीख्। अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले को मोड़ने की भरपूर कोशिश की गई। लेकिन सवाल यह उठता है कि अगर हमला हुआ था, तो थाने में बैठे प्रवीन को इलाज या मेडिकल क्यों नहीं कराया गया।

### मुख्य आरोपी पकड़ा गया, बाकी आरोपी हवा में गायब

पुलिस ने घटना के बाद 35 लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा लिखा, लेकिन तीन दिन बाद भी बाकी आरोपी अब तक फरार हैं। महेश यादव और उनके बेटे गौरव यादव हमले में घायल हुए, मगर उन्हें इंसाफ दिलाने की जगह पुलिस ने पूरे मामले को हल्का करने की कवायद शुरू कर दी।

# शिक्षा मित्र की बेटी गरिमा कश्यप ने बोर्ड से दसवीं में किया गांव का नाम रोशन

शाह टाइम्स संवाददाता



**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव माधौपुर से बड़ी खबर सामने आई है सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के नतीजों में थाना क्षेत्र के गांव में शिक्षा मित्र से शिक्षक बने अमरपाल कश्यप की बेटी गरिमा कश्यप ने कक्षा दस में धमाकेदार प्रदर्शन कर सबको चौंका दिया है। सेक्रेट हर्ट स्कूल बरेली की छात्रा ने सीबीएसई बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा में 94% अंक हासिल कर स्कूल और थाना क्षेत्र के गांव माधौपुर का नाम रोशन किया और छात्रा गरिमा कश्यप भविष्य में डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना चाहती है।

इन शानदार नतीजे के बाद छात्रा के गांव व घर में जश्न का माहौल है। परिवारवालों, शिक्षकों और मित्रों ने मिठाइयाँ बाँटीं और होनहार छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पूर्व प्रधानपति आविद खां ने भी छात्रा गरिमा कश्यप को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे होनहार बच्चों पर गांव वालों को गर्व होता है।

छात्रा के पिता अमरपाल कश्यप का कहना है कि मेरी बेटी शुरू से ही पढ़ने में तेज थी और वह बड़ी लगन के साथ पढ़ाई करती थी यह लक्ष्य मेरी बेटी ने बिना किसी कोचिंग के सेल्फ स्टडी से हासिल किया है और उन्होंने कहा कि इसके साथ ही मेरी बेटी को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में स्कूल के टीचरों का भी अहम योगदान रहा जिनका मैं हृदय से आभार व्यक्त हूं।

बधाई देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य पुरनलाल कश्यप, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अली मुहम्मद ठेकेदार, पूर्व प्रधान अशोक कुमार, राजेश कश्यप, रामगोपाल कश्यप, डॉक्टर युनूस रजा, सत्यपाल, रामकिशोर, प्रेमपाल आदि लोग शामिल रहे।

### वार के चुनाव को लेकर मतदाता सूची हुई जारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** 30 मई को होने वाले एडवोकेट प्रेक्टिशनर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी चुनाव को लेकर गुरुवार को 188 सदस्यों की मतदाता सूची जारी कर दी गई। इस सूची पर आज आपत्ति ली जाएंगी।

संगठन के अध्यक्ष हाजी माजिद हुसैन जैदी, सचिव दुष्यंत गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक संगठन में 188 सदस्य हैं, जिनकी मतदाता सूची गुरुवार को जारी कर दी गई है। जारी की इस मतदाता सूची पर आज 16 मई को आपत्ति ली जाएगी, साथ ही किसी सदस्य के नाम में कोई गड़बड़ी है तो वह अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। दायर की जाने वाली आपत्तियों का 17 मई को निस्तारण किया जाएगा, उसके बाद 20 मई को अंतिम मतदाता सूची जारी की जाएगी। 21 और 22 मई को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे।

# दबंग देवर ने पहले भावी से की अश्लील हरकतें

■ विरोध पर घर में घुसकर की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** घटना क्षेत्र के एक गांव की है, गांव की महिला का पति दिल्ली में मजदूरी करता है, उसके ससुर अपनी दवाई लेने गए थे, घर पर वह और उसकी सास अकेली थी।

बुधवार की सुबह उसकी सास घर के दरवाजे पर बैठी थी, तभी उसका चचेरा देवर संजय कुमार लाठी लेकर उसकी सास से मारपीट करने लगा, महिला अपने दूसरे घर से आ रही थी कि उसने अपनी सास के मारपीट कर रहे चचेरे देवर का विरोध किया तो वह घर में घुस आया और बुरी नियत से उसे दबोच लिया, और अश्लील हरकतें करने लगा, विरोध करने पर उसके कपड़े भी फाड़ दिए। शोर शराबा होने पर वह भाग गया।

घटना की सूचना महिला ने डायल 112 को दी जिसपर पहुंची पुलिस ने उसके घर का दरवाजा खुलवाना चाहा, लेकिन उसने दरवाजा नहीं खोला। पुलिस के जाने के बाद दबंग देवर, उसकी मां हरप्यारी, बहन विनायका, पिता कुंवरसेन उसके घर में घुस आए और पुलिस को सूचना दिए जाने पर जमकर उसे धमकाया, साथ ही रिपोर्ट कराने पर सभी को जान से मारने की धमकी दी।

महिला की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पैगा में बेरी वाले मियां उर्स का भव्य आयोजन सुनील रस्तोगी ने किया उद्घाटन



शाह टाइम्स संवाददाता

**बहेड़ी।** पैगा गांव में वर्षो से चले आ रहे मेले बेरी वाले मियां उर्स का उद्घाटन नगर अध्यक्ष भाजपा सुनील रस्तोगी और जिला पंचायत सदस्य सूर्य कुर्मी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर सुनील रस्तोगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबके विश्वास की बात करती है, और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं रखती है।

सूर्य कुर्मी ने अपने संबोधन में कहा कि ग्राम पैगा का माहौल बहुत अच्छा है, और लोगों को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मेला का समापन करना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी के बहकावे में न आएं, और शांति और सौहार्द के साथ मेला का आनंद लें।

मेले के उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे, जिनमें डॉक्टर अनिल रस्तोगी, ग्राम प्रधान रियाज अहमद, अख्तर अली, अंगद रस्तोगी, काकू रस्तोगी, अनुज रस्तोगी, मो० आकिल, मो० तफसीर, मो० असलम, गुल मोहम्मद, बाबू मंसूरी, नसीब, गुड्डू, अंसार अहमद, नौशाद, हबीब, कलीम आदि प्रमुख लोग शामिल थे।

### डांसर और उसके पति की दबंगों ने की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज।** बरेली-पीलीभीत हाईवे पर ग्राम विशनपुर की रहने वाली डांसर और उसके पति की दबंगों ने रंजिश के चलते घर में घुसकर बुरी तरह से पिटाई कर डाली, घटना की रिपोर्ट डांसर ने पांच लोगों के खिलाफ दर्ज कराई है।

ग्राम की डांसर माला वुधवार को अपने पति लियाकत ठेकेदार के साथ घर में बैठी खाना खा रही थी कि इसी दौरान गांव के दबंग दिनेश, मैसर, राहुल, रेखा और कमलिया ने उसके घर में घुसकर दोनों की पिटाई कर डाली, जिससे दोनों घायल हो गए। आरोप है कि दबंग शराब के नशे में थे। माला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### मेले की सफलता के लिए प्रयास

मेले की सफलता के लिए ग्राम वासियों ने कड़ी मेहनत की है, और मेले को सफल बनाने के लिए सभी लोग एकजुट हैं। इस अवसर पर सुनील रस्तोगी और सूर्य कुर्मी ने मेले के आयोजन के लिए ग्राम वासियों को बधाई दी और मेले की सफलता की कामना की।

# एक चूल्हा, एक कारोबार, एकता की मिसाल

■ बरेली के दीक्षित परिवार ने बचाई रिश्तों की मिठास

शाह टाइम्स संवाददाता





**बरेली।** जब देश में संयुक्त परिवारों की परंपरा धीरे-धीरे टूट रही है, ऐसे समय में बरेली का दीक्षित परिवार एक जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया है।

आधुनिकता की चकाचौंध और बदलते सामाजिक ढांचे के बीच यह परिवार न सिर्फ परंपराओं को सहेज रहा है, बल्कि व्यापार और संबंधों के बीच सामंजस्य का भी अनोखा संदेश दे रहा है।

बरेली के बिहारीपुर इलाके में स्थित कचहरी रोड पर मंगलम स्वीट्स नामक मिठाई की दुकान दीक्षित परिवार की पहचान बन चुकी है।

इस दुकान के प्रोपाइटर अजय कुमार दीक्षित अपने दो भाईयों मनोज दीक्षित और राजकुमार दीक्षित के साथ मिलकर इस कारोबार को सफलतापूर्वक चला रहे हैं।

### एक घर, एक चूल्हा, साझा जिंदगी

दीक्षित परिवार का सबसे बड़ा गुण उनकी एकता है। दस लोगों का यह परिवार एक ही छत के नीचे, एक चूल्हे से पका भोजन साझा करता है। व्यापार में आने वाली रोज की आमदनी भी सामूहिक रूप से एकत्र होती है। सुख-दुख, फैसले और जिम्मेदारियां सब कुछ मिलजुल कर निभाया जाता है।

### 28 साल पुरानी मिठास, जो अब रिश्तों की पहचान है

अजय दीक्षित बताते हैं कि उनके पिता स्व. विनोद दीक्षित ने 28 साल पहले मंगलम स्वीट्स की नींव रखी थी।

पिता की मेहनत और सिद्धांतों को आज भी तीनों भाई आत्मसात किए हुए हैं। मिठाई, समोसे और जूस की गुणवत्ता के चलते यह दुकान सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि लोगों के दिलों में जगह बना चुकी है। कोर्ट-कचहरी के वकील, पुलिसकर्मी, अधिकारी और आमजन हर कोई यहां की स्वादिष्टता का मुरीद है।

### समाज के लिए प्रेरणा

जब एकल परिवारों की संख्या बढ़ती जा रही है, और पारिवारिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है, तब दीक्षित परिवार जैसे उदाहरण समाज के लिए आशा की किरण हैं।

न सिर्फ व्यापार में सफलता बल्कि पारिवारिक मूल्यों की रक्षा करना आज की सबसे बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मल्हपुर सवराह विकासखण्ड बहेड़ी ( बरेली )**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मल्हपुर सवराह विकासखण्ड बहेड़ी (बरेली) में वित्तीय वर्ष 2025-2026 की कार्य योजना के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग, मनरेगा, एस एल डब्ल्यू एम, ओ.एस.आर. फण्ड आदि की धनराशि से कराये जाने वाले कार्य यथा, नाली, खड़ंजा, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग, पुलिया ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन वर्षा ऋतु जल संचयन मल्टीपल हैण्डवॉशिंग, रनिंग वाटर प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में कायाकल्प, खेल मैदान, पार्क और ओपन जिम, टायलीकरण, स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य, बाउन्ड्रीवाल स्टेशनरी क्रय, ह्यूम पाइप क्रय, ठेलियां क्रय/मरम्मत, मेडिकल उपकरण क्रय, दवा, छिड़काव, गौशाला पर व्यय, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, समर्सिबल, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत, वॉलपेंटिंग, डस्टविन एवं सूचना बोर्ड की स्थापना आदि कार्य कराये जाने हेतु प्रथम श्रेणी की ईंट, सीमेन्ट, महीन रेता, मौरंग, बजरी ईंट, रोड़ा सरिया, इन्टरलॉकिंग टाइल्स, ह्यूम पाइप, टंकी, समर्सिवल पम्प, टाइल्स, पाइप, टोंटी, पेंट, विद्युत उपकरण फर्नीचर आदि के क्रय हेतु सीलबन्द निविदायें टेंडर प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.05.2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिन्हें दिनांक 20.05.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष कार्यालय ग्राम पंचायत पर खोला जायेगा। निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा। कार्य योजना/कार्यों का विवरण ग्राम पंचायत से निविदा प्राप्त करते समय प्राप्त किया जा सकता है।

**महेन्द्र पाल** (प्रधान) **ओमेन्द्र कुमार** (सचिव)

# बरेली में सीडीओ और एडीएम का ट्रांसफर

■ देवयानी को मिली बरेली सीडीओ की जिम्मेदारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बरेली।** उत्तर प्रदेश शासन ने मंगलवार को प्रशासनिक फेरबदल करते हुए तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। इन तबादलों के तहत मथुरा, बरेली और झांसी में उच्च स्तर पर अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया गया है।

सरकार के इस निर्णय को जिलों में विकास कार्यों की गति बढ़ाने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी एवं चुस्त-दुरुस्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इसके अलावा पीसीएस संतोष कुमार सिंह को एडीएम एफआर शामली से बरेली जिले का एडीएम एफआर बनाया है।

जग प्रवेश को मथुरा नगर निगम का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। जग प्रवेश वर्तमान में बरेली में सीडीओ के पद पर कार्यरत थे। 2 साल 11 महीने का काफी अच्छा कार्य काल है। ये 2018 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे मथुरा में खंड विकास अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। उनके कार्यकाल में बरेली में कई विकास परियोजनाओं को गति मिली, और ग्रामीण क्षेत्रों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उनकी कार्य शैली की सराहना हुई।

झांसी में संयुक्त मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात देवयानी को बरेली का नया मुख्य विकास अधिकारी नियुक्त किया गया है। आईएएस देवयानी 2021 बैच की है। उन्होंने 2021 में यूपीएससी परीक्षा में 11वीं रैंक प्राप्त की।

युवा और कर्मठ अधिकारी के रूप में पहचान बना चुकीं देवयानी को बरेली जैसे बड़े और संवेदनशील जिले की विकास योजनाओं के संचालन की जिम्मेदारी दी गई है। उनके सामने अब ग्रामीण क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।

# हत्या कर आम के बाग में दबाया युवक का सिर

## नौगांवा में बेरहमी से किया युवक का कत्ल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** बेरहमी से पीटने के बाद युवक की हत्या कर दी गई। हत्यारों ने धारदार हथियार से सिर धड़ से अलग कर दिया। पहचान छिपाने के लिए सिर कहीं और फेंक दिया और शव को आम के बाग में गड्ढा खोदकर दबा दिया। दुर्गंध आने पर कुत्तों के गड्ढा खोदने पर सिर कटी लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। घटनास्थल का मुआयना करने के बाद एएसपी-सीओ ने फिंगर प्रिंट एक्स्पर्ट को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। सिर तलाशने में नाकाम पुलिस ने फिलहाल शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

घटना थाना क्षेत्र के मोहल्ला हाता रोड स्थित एक आम की बाग की है जो कस्बे के रहने वाले कारोबारी मुदस्सिर का है। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह कुछ लोग बाग के पास से गुजर रहे थे। इस दौरान उन्होंने बाग के बीचोबीच एक सिर कटी लाश देखी। जिसके आस-पास कुत्ते मंडरा रहे थे। हिम्मत जुटाते हुए लोगों ने पास जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। अर्धनग्न लाश का सिर धड़ से गायब था जबकि उसका ज्यादातर हिस्सा मिट्टी के नीचे दबा था। प्रथम दृष्टया ऐसा लग रहा था कि जैसे दुर्गंध आने पर कुत्तों ने अपने पंजों से मिट्टी को हटाया है। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार पुलिस टीम को लेकर मौके पर पहुंचे, जांच-पड़ताल की। इसके बाद सीओ अवधभान सिंह और फिर एएसपी राजीव कुमार सिंह भी आ गए। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाकर मौके से साक्ष्य एकत्र कराए और पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। पुलिसकर्मियों ने बाग के अलावा आस-पास क्षेत्र में काफी तलाश किया लेकिन सिर का कुछ पता नहीं चला। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की उम्र करीब 40 साल लग रही है। शव की हालत बता रही कि हत्या आठ से दस दिन पूर्व की गई है। हत्यारे जो भी हैं वो क्षेत्र से पूरी तरह वाकिफ हैं। शव छिपाने के लिए जिस बाग को चुना गया है वह मुख्य सड़क से लगभग डेढ़ किमी दूर है। पूरा इलाका सूनसान

**■ एएसपी व फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट टीम ने किया मौके का निरीक्षण, नहीं हो सकी शिनाख्त**



और घना है, अंजान आदमी का यहां तक आना मुमकिन नहीं दिख रहा है। बताया कि अमरोहा के अलावा बिजनौर व मुरादाबाद के थानों को सूचना दी गई है। बीते दस से पंद्रह दिन के भीतर दर्ज हुई गुमशुदगियों का रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

# कारोबारी की बेटी जिम ट्रेनर के साथ फरार

## मोबाइल नम्बर के आधार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** प्रेम-प्रसंग के बीच शहर निवासी एक कारोबारी की बेटी जिम ट्रेनर के साथ फरार हो गई। ढूंढने में नाकाम परिजनों ने मोबाइल नंबर के आधार पर एफआईआर दर्ज कराई है। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। यहां पर एक कारोबारी का परिवार रहता है। बुधवार सुबह करीब सात बजे कारोबा. री की 25 वर्षीय बेटी जरूरत का सामान लेकर घर से भाग निकली। जानकारी पर परिजनों के होश उड़ गए। उन्होंने सभी संभावित स्थानों पर बेटी की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। बाद में सामने आया कि युवती प्रेम प्रसंग के चलते शहर के ही निवासी एक जिम ट्रेनर के साथ फरार हुई है जो सुबोध नगर कॉलोनी का रहने वाला है। परेशान परि. जनों ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। वहीं, इसी बीच हाईकोर्ट पहुंचकर प्रेमी युगल के शादी करने की चर्चा भी चल रही है। बताया जा रहा है कि बढ़ती उम्र के बीच शादी नहीं कराने पर युवती परि. जनों से नाराज भी थी। करीब एक साल से जिम ट्रेनर के साथ उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि प्रेमी युगल की लोकेशन ट्रेस की जा रही है। युवती को जल्दी बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाई से झगड़ा होने पर नहर में कूदी बहन

## गोताखोर तलाश में जुटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** भाई-बहन के झगड़े के बाद गुस्साई बहन ने आत्मघाती कदम उठा लिया झगड़े के बाद बहन ने रामगंगा पोषक नहर में छलांग लगा दी। जानकारी पर परि. जनों में कोहराम मच गया सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई गोताखोरों की मदद से किशोरी के तलाश की जा रही है।

थाना क्षेत्र के गांव नबाबपुरा भूड़ में बाबूराम का परिवार रहता है। गुरुवार की सुबह बाबूराम की 16 वर्षीय पुत्री वैशाली पर थी वैशाली का उसके छोटे भाई से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद गुस्साई बहन पास में ही गांव पथवारी से होकर बह रही रामगंगा पोशक नहर में पथवारी पुल से छलांग लगा दी किशोरी की छलांग लगाता देख आस पास मौजूद लोगों ने शोर मचाया लोगो की भीड़ जुट गई जानकारी पर परिजनों में भी कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवती को तलाश कर रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक किशोरी का कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस ने तलाशी अभियान के लिए एनडीआरएफ को भी सूचना भेजी है। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गांव नबाबपुरा भूड़ निवासी 16 वर्षीय किशोरी वैशाली ने भाई से झगड़े के बाद नहर में छलांग लगा दी गोताखोरों की मदद से किशोरी की तलाश कराई जा रही है। तलाश के लिए एनडीआरएफ टीम को भी बुलाया गया है।

**आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर में निकाली तिरंगा यात्रा**

# मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित हैं देश की सीमाएंः शर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। आपरेशन सिंदूर द्वारा देश के जाबाज जवानों ने पाकिस्तान को उसी के घर में घुसकर धूल चटाई।

मिशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत नगर पालिका से हुई। यहां से मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा हिन्दू डिग्री कालेज पहुंची। इस मौके पर बोलते मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों की धर्म पूछकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में जिन महिलाओं की मांग का



सिंदूर उजड़ा इससे बड़ा दुख उनके जीवन का और नहीं हो सकता। इस घटना से पूरे देश में उबाल आ गया। हमारे देश के जवानों ने इसका बदला लेने के लिये आप. रेशन सिंदूर को अंजाम दिया तथा पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को निस्तेनाबूत कर दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार मजबूत होता जा रहा है। यहां का हर नागरिक स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहा है। प्रधानमंत्री ने जो कहा था वह करके दिखाया। उन्होंने कहा कि आज देश की तरफ कोई आंख उठाने का साहस नहीं जुटा सकता। यदि कोई ऐसा करता है तो उसकी हालत खराब कर दी जायेगी। यात्रा में शिक्षक विधायक डा. हरि सिंह ढिल्लो, चेयरमैन शशि जैन, जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, पूरन सिंह सैनी, मयंक, प्रेम सिंह सैनी, राम सिंह सैनी, रमेश कलाल, अमित शर्मा, डा.केएस सैनी, ब्लाक प्रमुख सरदार गुरेन्द्र सिंह ढिल्लो, हरज्ञान सिंह, सुधीर चौहान, आदेश सैनी, सलमान हैदर, विनोद सैनी, अंकित चौधरी, उषा चंडोक, कंचन सिंह, विनीता सैनी, सीमा रायजयादा आदि मौजूद रहे।

# पैसे निकालने गए व्यक्ति का एटीएम कार्ड बदला

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पैसे निकालने गए एक व्यक्ति का एटीएम कार्ड धोखे से किसी दूसरे व्यक्ति ने बदल लिया। इस बात का पता उस समय चला जब कार्ड धारक फिर से पैसे निकालने एटीएम पर गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला जवाहरनगर निवासी भीम सिंह अधिकारी 19 अप्रैल को खादगूजर तिराहे के पास स्थित एचडीएफसी के एटीएम कार्ड पर पैसे निकालने गए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने धोखे से एटीएम कार्ड बदल लिया। उस समय भीम सिंह को इस बात का पता नहीं चल सका, लेकिन 03 मई को जब वह फिर से एटीएम कार्ड प्रयोग करने आया तो उसे पता चला। जिसके बाद उसने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

**■ पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध दर्ज किया मुकदमा**

# तीन सदस्य कमेटी करेगी सीएमओ पर लगे आरोपों की जांच

## हर माह दो करोड़ रूपये अवैध वसूली का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भाजपा नेता पिंटू भाटी ने सीएमओ पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते सम्पत्ति की जांच की मांग की है। उधर डीएम ने जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी का गठन कर दिया है।

प्रेस से बात करते भाजपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी ने बताया कि जिले में 140 अल्ट्रासाउंड केन्द्र चल रहे हैं। जिनमें से मात्र 54 ही पंजीकृत हैं। अन्य सभी सैंटर अवैध रूप से संचालित किये जा रहे हैं। प्रत्येक सैंटर से हर माह तीस से 40 हजार रूपये की उगाही की जाती है। यह पैसा 1 से 5 तारीख के बीच सीएमओ कार्यालय पहुंच जाता है। ये ही नहीं उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने के नाम पर सीएमओ द्वारा मोटी उगाही तैयार की गयी है तथा पैनल में अपने चेहते स्वास्थ्य अधिकारियों को रखा गया। भाजपा नेता का आरोप है कि सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह का भांजा सीएचसी रहरा का प्रभारी है जिसने नौकरी के नाम पर एक युवक से लाखों रूपये की रिश्वत ले ली जबकि उसके नौकरी नहीं मिली तथा उसकी रिश्वत भी नहीं लौटायी। चार साल से सीएमओ डा. सत्यपाल सिंह अपने गृहजनपद में डटे हैं उनका खुद का अल्ट्रासाउंड केन्द्र पैसल नर्सिंग होम के बराबर में है। जो व्यक्ति खुद अल्ट्रासाउंड केन्द्र चलाता हो वह कैसे अपने गृहजनपद में सीएमओ रह सकता है यह एक बड़ा सवाल है। इन्हीं सब आरोपों से संबंधी भाजपा नेता ने वीडियो वायरल किया था। जिसे डीएम निधि गुप्ता वत्स ने गंभीरता से लेते हुए सीएमओ पर लगे आरोपों की जांच के लिए तीन सदस्य कमेटी का गठन किया है। जिसमें सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एएसपी राजीव कुमार व डिप्टी कलेक्टर ब्रजपाल सिंह को रखा गया है। बताते चलें कि नगर पंचायत सैदनगली के ईओ पर भी लाखों रूपये रिश्वत लेने का आरोप लगा था। जिसकी जांच डीएम श्रीमति निधि गुप्ता वत्स ने एडीएम ब्रजेश कुमार त्रिपाठी को सौंपी थी। जो अभी तक पूरी नहीं हुई है। देखना है कि सीएमओ के खिलाफ लगे आरोपों की जांच रिपोर्ट कितने दिन में सामने आती है तथा सीएमओ पर कोई कार्रवाई होती है या नहीं।

**■ भाजपा नेता पिंटू भाटी के आरोपों पर डीएम ने लिया संज्ञान**

# बंदूक के दम पर प्लॉट पर कब्जे का प्रयास

## दम्पति व बेटी के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** महिला को लाइसेंसी बंदूक से डराकर प्लॉट पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़िता ने आरोपियों से अपनी जान को खतरा जताया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपति समेत उनकी बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव तोफापुर निवासी मंजू शर्मा का गांव में ही 170 गज का प्लॉट है। उनका आरोप है कि गांव निवासी शिवाजी शर्मा अपनी पत्नी व बेटी की मदद से उनके प्लॉट पर कब्जा करना चाहता है। आरोपियों ने इसी इरादे से प्लॉट की चारदीवारी तोड़ दी। विरोध जताने पर लाइसेंसी बंदूक दिखाकर डराया गया। परेशान पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देते हुए आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में आरोपी दंपति व उनकी बेटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# भाजपा मंत्री शाह पर चले देशद्रोह का मुकदमा

## कर्नल सोफिया के अपमान पर भड़के कांग्रेसी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कर्नल सोफिया के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले भाजपा मंत्री के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाये जाने की मांग की। उन्होंने कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया ने कहा कि देश की बेटी भारतीय सेना अधिकारी कर्नल सोफिया के बारे में माध्य प्रदेश भाजपा के मंत्री विजय शाह द्वारा जो टिप्पणी की गई है उसे किसी भी हाल में सहन नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शाह का ब्यान नारी जाति ही नहीं बल्कि देश की सेना का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि इतना बड़ा ब्यान देने वाले शाह के खिलाफ मोदी की चुप्पी समझ से परे है। वह लगातार आधी आबादी को सशक्त बनाने का ढोंढरा पीटते है लेकिन उनके ही मंत्री नारी समाज का घोर अपमान कर रहे है। उन्होंने मंत्री शाह के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाये जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालो में शहर अध्यक्ष फैज आलम रायनी, चौ. सुखराज सिंह, सचिन चौहान, ख्यालीराम राणा, राजकुमार अरूण, शाहिद सि्दीकी, मयंक गुर्जर, मेराजुल जफर एड., अली इमाम रिजवी, जीशान अली, मोहसिन अली, इकबाल अंसरी, योगेन्द्र कटारिया, शाहबुद्दीन सैफी, रईस अहमद, विक्रम गुर्जर शामिल थे।

# भाजपा मंत्री विजय शाह पर हो कठोर कार्रवाई

## सपाईयों ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** सपा कार्यकर्ताओं ने मध्य प्रदेश के भाजपा मंत्री विजय शाह के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। उन्होने उनके बयान को नारी व देश की सेना के लिए शर्मनाक बताया।

सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष नूर सबा ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी अहम भूमिका निभाकर देश के प्रति सच्ची वफादारी निभायी। जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। इसके बावजूद मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह के बयान की निंदा करते कहा कि उन्होंने सोफिया को आतंकियों की बहन बताते पूरे देश का अपमान किया है। उन्हें तत्काल मंत्री पद से बर्खास्त कर उनके खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाये। बड़े शर्म की बात है कि इतना घटिया बयान देने के बावजूद उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गयी। जिस कारण मध्य प्रदेश हाईकोर्ट को स्वत: इस घटना का संज्ञान लेना पड़ा। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में



डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में राधेलाल रघुवंशी, श्यौनाथ सिंह प्रजापति, अतीक अहमद, नवनीत गोला, नसीम चौधरी, फिरोज आलम, जुबैर आलम आदि मौजूद रहे।

# युवक को पीटकर किया घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** शराब की दुकान से सटी कैंटीन पर नौकरी करने वाले युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। हमला कारोबारी रंजिश में किया गया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव मीरा सराय निवासी विनीत कुमार क्षेत्र के गांव धनौरी में शराब की दुकान के पास एक कैंटीन में काम करता है। बताया जा रहा है कि पास में ही गांव कांकर सराय के रहने वाले नरेश की फास्ट फूड की दुकान है। आरोप है कि नरेश कुछ लोगों को अपनी दुकान में बिठाकर शराब पिला रहा था जो गाली-गलौज कर रहे थे। विनीत कुमार ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी नरेश ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। जाति सूचक शब्दों से भी अपमानित किया। सीओ अवधभान भदौरिया ने मामले में आरोपी नरेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने की पुष्टि की।

# आग से लाखों रूपये का जनरेटर स्वाह

## आस पड़ौस में मचा हड़कम्प, फायर बिग्रेड ने बुझाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शॉर्ट सर्किट होने के कारण लगी आग से लाखों रुपये कीमत का जनरेटर जल गया। आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गुरुवार की दोपहर अंबेडकर पार्क स्थित विद्युत उप खंड अधिकारी के कार्यालय के बाहर रखे ट्रांसफार्मर की लीड में शॉर्ट सर्किट हो गया। शॉर्ट सर्किट होने से निकली चिंगारी नीचे जमा कूड़े के देर में गिर गई। जिससे कुछ ही देर में वहां पर जमा कूड़े के ढेर में आग लगने लगी। इस दौरान विद्युत उप खंड अधिकारी कार्यालय को सप्लाई देने वाला जनरेटर भी



उसकी चपेट में आ गया तथा उसमें धू धू करके आग लगने लगी। जनरेटर में आग लगते ही आग की तेज तेज लपटे उसमें से उठने लगी। जिससे आस-पड़ोस के घरों में रहने वाले लोगों में सनसनी फैल गई। उपकरण अधिकारी कार्यालय में मौजूद स्टाफ भी वहां से निकल गया। लोग अपने घरों से बाहर निकाल कर सड़क पर आ गये। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग का वाहन मौके पर पहुंच गया। कड़ी मशक्कत कर फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते फायर ब्रिगेड आग पर काबू न पता तो बड़ा हादसा भी घटित हो सकता था। बताया जाता है कि आग लगने के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

# डीआरएम ने लिया स्टेशन पर कार्य का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के रेलवे स्टेशन पर डीआरएम मुरादाबाद राजकुमार सिंह ने निरीक्षण करके अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों का जायजा लिया और अधीनस्थों को उचित दिशा निर्देश देते हुए समय से सभी कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। गुरूवार को सुबह नौ बजे वे अपनी विशेष ट्रेन के माध्यम से गजरौला स्टेशन पर पहुंचे। यहां पर उन्होंने करीब एक घंटे तक निरीक्षण किया। अधीनस्थों से किए जा रहे कार्य के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली, स्वयं भी कार्य की प्रगति का जायजा लिया। नए मालगा. दाम कार्यालय में विद्युत व्यवस्था का कार्य पूरा न होने पर उन्होंने संबधित अधिकारी का काफी फटकार भी लगाई। निरीक्षण के बाद वे बिजनौर दिशा के लिये रवाना हुए। इस दौरान रेलवे स्टेशन अधीक्षक केएल कश्यप सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

**■ कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश, करीब एक घंटे तक किया निरीक्षण**

# अलग–अलग हुई मारपीट की घटनाओं में छह गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** कोतवाली पुलिस ने अलग–अलग हुई मारपीट की घटनाओं में छह लोगों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान किया पुलिस अधीक्षक जनपद रामपुर द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिलक रामपुर के नेतृत्व में थाना मिलक पुलिस द्वारा अलग अलग क्षेत्र में हुई मारपीट की घटनाओं में मारपीट पर आमदा छह नफर अभियुक्तगण कमल कुमार पुत्र श्रवण सिह उम्र (18 वर्ष), विक्की पुत्र वेदपाल (22 वर्ष), अनिल उर्फ अमित पुत्र मनीराम (32 वर्ष) निवासीगण ग्राम कलकत्ता थाना मिलक जनपद रामपुर, विक्रम पुत्र ओमप्रकाशश (19 वर्ष) निवासी ग्राम तिराह थाना मिलक, मंगलसैन पुत्र बालकराम निवासी ग्राम सिलई बङा गांव थाना मिलक और हरीशंकर पुत्र गोविन्दराम निवासी ग्राम ऐमी थाना मिलक जनपद रामपुर (36 वर्ष) को अन्तर्गत धारा 170/126/135 भा. ना. सु. सं. के गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट मिलक भेजा गया।

## मारपीट के आरोप में दी गई तहरीर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** बुधवार को थाना क्षेत्र के मोहल्ला हकिमान में रहने वाली तारावती पत्नी हरपाल अपने साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। उसका आरोप है कि बुधवार कि शाम को प्रार्थनी और उसके पुत्र देव कोहली को पूर्व सभासद मोहल्ला हाकिमान गणेश ने हम दोनों के साथ मारपीट की गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी।

# बरसात से पूर्व जल निकासी की हुई व्यवस्था दुरुस्त



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** आगामी मानसून सीजन को देखते हुए वार्ड 36 में जलजमाव की समस्याओं से निपटने के लिए व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज आम आदमी पार्टी के सभासद मौहम्मद जफर ने वार्ड 36 स्थित नई बस्ती क्षेत्र में बहने वाले बड़े नाले की सफाई का कार्य खुद मौके पर पहुंचकर अपनी निगरानी में कराया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पालिका कर्मचारियों से बातचीत कर कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। नाले की स्थिति, उसमें जमी गंदगी, रुकावट और संभावित जलभराव के बिंदुओं का गंभीरता से जायजा लिया गया। मौके पर मौजूद टीम को निर्देशित किया गया कि कार्य समयबद्ध तरीके से पूर्ण हो और यह सुनिश्चित किया जाए कि बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की जलभराव या स्वास्थ्य संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि वार्ड 36 के अन्य सभी छोटे-बड़े नालों की भी सफाई आगामी दिनों में चरणबद्ध तरीके से कराई जाएगी। नगरवासियों की सुविधा, साफ–सफाई और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जनता से भी अपील की गई कि वे नालों में कचरा न फेंकें और इस अभियान में सहयोग करें ताकि हम सब मिलकर अपने वार्ड को स्वच्छ और सुरक्षित बना सकें।

# विकास कार्यों में धांधली को लेकर फिर जांच को पहुंची अधिकारियों की टीम



(मो. फारूख अंसारी)

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** क्षेत्र के गांव खोद कला में जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने शिकायतों को लेकर प्रधान के खिलाफ स्थलीय जांच की है जिससे ग्राम प्रधान समेत उसके समर्थकों में हड़कंप मचा रहा तीसरी बार बुधवार को पुलिस बल की मौजूदगी में जांच की गई। खोदकला में विकास कार्यों में धांधली को लेकर ग्रामीण लामबंद हो गए हैं इस मामले की शिकायत जिला अधिकारी से की गई थी जिला अधिकारी के निर्देश पर इस मामले की जांच जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जीशान मलिक, अधिशासी अभियंता आर ई डी रामपुर को सौंपी गई थी।

पिछले 6 माह में दो बार जांच की कोशिश की गई लेकिन ग्रामीणों की बढ़ती भीड़ और आक्रोश को देखते हुए जांच टीम दो बार वापस लौट गई थी बुधवार को फिर स्थलीय जांच के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी और खंड विकास अधिकारी समेत अन्य कर्मचारी पुलिस बल की मौजूदगी में गांव पहुंचे और स्थलीय निर्माण कार्यों की जांच की जिसमें कई स्थानों पर पक्का निर्माण कार्य कम पाया गया और मानक के अनुरूप सामग्री नहीं लगाई गई लगभग 3 घंटे चली जांच में कई बार प्रधान समर्थको और शिकायतकर्ताओं के बीच कहासुनी भी हुई लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी से ग्रामीणों में टकराव टल गया और जांच टीम जांच करने के पश्चात जिला मुख्यालय को लौट गई शिकायतकर्ता फैज मियां अदनान मियां समेत कई लोगों का कहना है की विकास कार्यों में धांधली की गई है जिसकी जांच कराई गई है। उधर ग्राम प्रधान हामिद अली का कहना है की शिकायत रंजिशन की गई है।

# ठेका देशी शराब की दुकान पर ओवररेट बिक्री को लेकर सेल्समैन से मारपीट, मचा हंगामा

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** मुरादाबाद बाजपुर मार्ग स्थित ठेका देशी शराब पर कुछ लोगों ने सेल्समैन की पिटाई कर दी और केबिन तोड़ने का प्रयास किया जिसपर शराब की दुकान पर हंगामा खड़ा हो गया इस मामले की लिखित तहरीर पुलिस को सौंपी गई है पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठेका देशी शराब की दुकान पर ओवररेट की बिक्री को लेकर आए दिन हंगामा आम बात हो गई है गुरुवार को फिर ओवर रेट की बिक्री को लेकर सेल्समेन राजेश कुमार से मसवासी के। मोहल्ला ढीमरखेड़ा के कुछ लोगों की मारपीट और गाली–गलौज करते हुए उसका केबिन तोड़ने का प्रयास किया जिससे दुकान पर अफरा तफरी मच गई और हंगामा खड़ा हो गया तमाम लोगों की भीड़ शराब की दुकान पर इकट्ठा हो गई काफी देर तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे में सेल्समैन को शराब की बिक्री बंद करनी पड़ी और उसने पुलिस चौकी पहुंचकर पुलिस को घटना क्रम से अवगत कराया और नामजद तहरीर पुलिस को सोपी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। गौरतलब है कि मसवासी सीमा सटे बिजारखाता में कुछ चाय की दुकानों पर शराब के पव्वे दिन ढलते ही ओवररेट में बेचे जाते हैं जिसको लेकर कई बार हंगामा और मारपीट हो चुकी है कुछ युवक शराब की पेटी ठेका देशी



शराब से दुकान से लेजाकर अपनी चाय की दुकानों पर रख लेते हैं और दिन ढलते ही ओवररेट में बेचना शुरू कर देते हैं।

# नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/ रामपुर।** आरोपी सहित नाबालिग अपहृता को पुलिस ने बरामद कर विधिक कार्रवाही करते हुए आरोपी को न्यायालय पेश किया और किशोरी को स्टाप सेंटर भेज दिया। उपनिरीक्षक शाहाबाद शाहबाद आदेश कुमार ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों का. मुकुल चौधरी, का. अमित सिंह, म. का. आरती के साथ मुख्य आरोपी मुस्लिम पुत्र सुलेमान को मय अपहृता मुखबिर की सूचना पर चन्दौसी रोड लक्खी बाग में बनी मजार के पास से गिरफ्तार कर लिया।

मामला बीते 28.04.2025 का है जब शाहबाद कोतवाली के एक मोहल्ले के रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने थाना शाहबाद में उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुलाकर भाग ले जाने के आरोप में कार्रवाही के लिए तहरीर दी थी उसका आरोप था कि मुस्लिम पुत्र सुलेमान निवासी मौहल्ला फर्राशान कस्बा व थाना शाहबाद जिला रामपुर, सुलेमान पुत्र नरूल्ला शाह, जैहरा पुत्री सुलेमान, हासिम पुत्र हनीफ निवासीगण मौहल्ला फर्राशान कस्बा व थाना शाहबाद जिला रामपुर के सहयोग से वादी की नाबालिग पुत्री को बहला–फुसलाकर भगा कर ले गया है। नाबालिक किशोरी के पिता की



तहरीर पर पुलिस नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई और मुख्य आरोपी मय अपहृता गिरफ्तार कर लिया ओर विधिक कार्यवाही करते हुए आरोपी का स्वास्थ्य परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया वही नाबालिग किशोरी को वन स्टाफ सेंटर जिला रामपुर भेज दिया।

# समर कैंप एवं योजनाओं को लेकर शिक्षकों, अभिभावकों के बीच हुई बैठक



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/ रामपुर।** गुरुवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद में जिला विद्यालय निरीक्षक रामपुर के आदेश के अनुपालन में विद्यालय में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानाचार्या वंदना शर्मा ने बैठक में विभाग की योजना एवं कार्यक्रमों के बारे में अभिभावको को जानक. री दी गई।

विद्यालय में विभाग के द्वारा चल रही योजनाओं जैसे किशोरावस्था कार्यक्रम बालिकाओं का आत्मरक्षा प्रशिक्षण कैरियर गाइडेंस खान एकेडमी व्यवसायिक शिक्षा के विषय में अभिभावकों को बताया गया 21 /5/ 2025 से 10 /6/ 2025 के मध्य आयोजित होने वाले समर कैंप के विषय में भी ज्यादा से ज्यादा छात्राओं को प्रतिभाग करने के लिए अभिभावकों से सहमति और सहयोग देने के लिए कहा गया। अभिभावकों द्वारा समर कैंप को सफल बनाने में अपना सहयोग देने के लिए सहमति जताई बैठक के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा के द्वारा सभी अभिभावको और स्टाफ को धन्यवाद दिया गया।इस दौरान गुप्ता, सुमन, मीनाक्षी, ज्योति सक्सेना, कनीज फातिमा, उजमा वकील खान, निधि, डोली अर्चना, आनंद कुमार, राम सरण रेनू, आदि मौजूद रही।

# वैवाहिक कार्यक्रमों में डीजे बजाने पर लगे पूर्णत: रोके

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहाबाद/रामपुर।** गुरुवार को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम सम्बोधित प्रार्थना पत्र में वैवाहिक कार्यक्रम में डीजे बजाने को लेकर पाबंदी की मांग की गई है। पत्र में हरज्ञान सिंह यादव, कुलदीप सिंह यादव, बादशाह सिंह, मनोज कुमार यादव, श्रीपाल सिंह, बृजवासी, राम बहादुर यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र पाल, देशराज मौर्या, किशन पाल लोधी, दान सिंह लोधी, डॉक्टर मोहम्मद सलीम आदि ने महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार सहित मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार व पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश सरकार को एक सामूहिक पत्र लिखकर अनुरोध किया है की बारात में कानफोडू व ध्वनि प्रदूषण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए व महापुरुषों के नाम पर आपस में द्वेष व आपसी विरोध कम करने के लिए डीजे बजाने पर बारात इत्यादि में पूरी तरह से रोक लगाई जाए जाति धर्म आदि पर जीत बजाए जाते हैं जिससे कि जिससे मई आकर लड़ाई झगड़ा की नौबत आ जाती है जिससे भाईचारे की एकता प्रभावित होती है। समाज में आपसी भाईचारा बना रहे झगड़े शराब के नशे में नशेड़ी के द्वारा ही किया जाता है फिर भी नशेड़ी थाने में जाकर जाति सूचक शब्द व लाठी डंडों से मारना और फायरिंग करना कह कर रिपोर्ट लिखाते हैं वहीं थाना अध्यक्षों को भी निर्देशित किया जाए कि नशे में धुत लोग जब थाने में आए तो सबसे पहले उसकी संपूर्ण जांच करवाये फिर एफआईआर दर्ज करें।

# सीएचसी शाहबाद पर हुआ सीवाई टीबी का टीकाकरण

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद में सीवाई टीबी का टीकाकरण हुआ। जिसमें सभी आसाओ और स्टाफ के टीका लगाया गया। एसटीएस संजीव कुमार द्वारा बताया गया कि सी.वाई. टीबी एक नया टीकाकरण है जिसमे ये बताया गया है कि व्यक्ति के अंदर टीवी के लक्षण हैं या नहीं।

इसमें यदि व्यक्ति के अंदर टीबी के लक्षण है तो टीके वाली जगह लाल हो जाती है और सूजन आ जाती है तथा हल्की खुजली होती है।

इस मौके पर एसटीएस संजीव कुमार, यूनिस, शादाब अली, एल टी समीर अली, एचआईबी काउं.



सलर जितेन्द्र प्रसाद व समस्त आशाएं मौजूद रहीं।

# दो पक्षों में मारपीट के बाद पुलिस ने किया पैदल मार्च



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** बुधवार की देर रात दो पक्षों में मारपीट के बाद हुए हंगामे को लेकर पुलिस सतर्क हो गई है पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। बुधवार की देर रात एक ही समुदाय के दो पक्षों में मारपीट हो गई थी जिससे एक पक्ष के लोग आक्रोशित होकर जुलूस की शक्ल मे पुलिस चौकी पहुंचे थे और काफी देर तक हंगामा किया था सूचना पाकर कोतवाल कुलदीप सिंह क्षेत्र अधिकारी अतुल कुमार पांडे, चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने किसी तरह लोगों को समझा बूझकर मामला शांत किया जिससे तमाम लोग वापस लौट गए थे। चौकी इंचार्ज अजय शुक्ला ने बताया की देर रात दोनों पक्षों में समझौता हो गया था पुलिस ने गुरुवार को सुरक्षा की दृष्टि से नगर में पैदल मार्च किया और लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की।

# बाल श्रम की टीम ने की छापेमारी एक फैक्ट्री पर कार्यवाही



शाह टाइम्स संवाददाता

**पटवाई/रामपुर।** पटवाई बाल श्रम की टीम ने पटवाई कस्बे में पहुंचकर कार्यवाही की है। टीम ने एक पेंट फैक्ट्री पर दो नाबालिक बच्चों को काम करते मौजूद पाया। जिस पर फैक्ट्री संचालक पर कार्यवाही की गई है। बृहस्पतिवार को बाल श्रम टीम ने पटवाई पहुंच सर एक फैक्टरी पर कार्यवाही की है टीम ने कस्बे के मिलक रोड स्थित एक कपड़ा फैक्ट्री पर काम कर रहे दो बच्चों को काम करते पकड़ा है।

# दलित युवक से मारपीट के बाद जाटव समाज के लोगों ने निकाला जुलूस



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** नगर में तीन दिन पूर्व कुछ युवकों में आपस में किसी बात को लेकर कहा सुनी एवं मारपीट हो गई थी जो की एक पक्ष जाटव समाज का था तथा दूसरे पक्ष के युवकों द्वारा उसकी पिटाई कर दी गई थी लेकिन तीन दिन के बाद जाटव पक्ष के युवकों तथा दूसरे के पक्ष के युवको मे बुधवार की रात फिर से कहा सुनी और मारपीट हो गई । जिस पर जाटव समाज मे आक्रोश फैल गया और सैकड़ो की संख्या में लोग बाहर निकल कर आगये और मुख्य बाजार से होते हुए बजरंग दल के खिलाफ नारे लगाते हुए और बाबा साहब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए पुलिस चौकी का घेराव कर लिया तथा पूरे नगर के मुख्य मार्गो में जाटव समाज द्वारा बजरंग दल हाय हाय के नारे लगाए गए। सूचना पाकर स्वार कोतवाल कुलदीप सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी भी पुलिस चौकी पहुंच गए किसी तरह समझा बुझाकर लोगों को शांत कर वापस भेज दिया किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर पुलिस को नही दी है।

# किसानों ने मनाई बाबा महेन्द्र सिंह टिकैत की 14 पुण्यतिथि

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार/रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के किसानो ने ग्राम गुलड पीपल साना के ब मासिक बैठक हाल में बाबा महेंद्र सिंह टिकैत जी की,14. पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर फूल माला पहना कर उन्हें सम्मानित किया गया और उनके विचारों पर मंथन किया गया उनके आदर्श पर विचार किया गया। इस मौके पर यह संकल्प लिया गया की हर किसान की दुख तकलीफ को भारतीय किसान यूनियन टिकैत किसान मजदूरों के हित में काम करते रहेंगे और उनकी आवाज को शासन व प्रशासन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस दौरान जिला सलाहकार सलामत जान, कुलवीर सिंह, महबूब अली, जसवीर सिंह, कुलदीप सिंह निशांत सिंह, मुजफ्फर अली, रेहान अली, इरशाद अली, कदीर पेंटर, सिरसत अली, खलील अहमद, जसवंत सिंह, मसरूफ अली, अली नावेद, आदि पदाधिकारी व किसान व युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शरबत वितरण कर मनाई बाबा टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के क्षेत्रीय कार्यालय शाहाबाद पर भारतीय किसान यूनियन के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी और सदस्य एकत्र हुए और उसके बाद सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी ने बाबा टिकैत की 14वीं पुण्यतिथि पर चौधरी राकेश टिकैत चित्र पर माल्यार्पण किया।

उसके बाद जलपान के साथ राहग. ीरो व बच्चों को शरबत वितरण किया गया। इस दौरान रहे दरयाव सिंह यादव प्रदेश सचिव, पूर्व मंडल कोषाध्यक्ष डॉक्टर फूल सिंह, अखलाक हुसैन नगर अध्यक्ष प्रमोद यादव, डॉक्टर पप्पू, राहत खान, यादव, सरफराज हुसैन, भूप सिंह यादव, रामदास मौर्य जी, बुंदू फौजी, अर्जुन सिंह, शंकर लाल लोधी अफरोज खान, चन्ना खान, पप्पू खान सत्येंद्र यादव गुड्डू खान आदि मौजूद रहे।

# वेतन नहीं, तो क्रमिक अनशन

## आरएसएम इंटर कॉलेज के शिक्षकों की डीआईओएस को सीधी चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आरएसएम इंटर कॉलेज धामपुर के शिक्षक और कर्मचारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षक बिजनौर को पत्र लिखकर 48 घंटे के अंदर मानव संपदा पोर्टल जनित उनके विद्यालय का वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध कराने की मांग की है। यदि निर्धारित समय के भीतर वेतन बिल विद्यालय को उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो पत्र के अनुसार, विद्यालय के शिक्षक कर्मचारी 11:00 बजे से 5:00 तक क्रमिक अनशन जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के बाहर करेंगे। यह अनशन तब तक जारी रहेगा जब तक जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वेतन बिल विद्यालय को प्राप्त नहीं कराया जाता है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति जारी कर प्रेस को जानकारी दी की अप्रैल माह का वेतन अभी तक उनके विद्यालय को नहीं मिला है जबकि मानव संपदा पोर्टल से वेतन बिल बनकर डीआईओएस कार्यालय में लंबित है। उन्होंने बताया कि कल विद्यालय में संगठन की एक मीटिंग हुई थी, जिसमें समय से वेतन न मिलने के कारण जनपद से बाहर के शिक्षकों, कर्मचारियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी होने की बात कही गई थी। शिक्षकों कर्मचारियों ने यह भी कहा की बैंक से लिए गए ऋण की किस्त अदा न होने के कारण उनके सामने बड़ी आर्थिक चुनौती खड़ी हो रही है। साथ ही जनपद से बाहर अन्य जनपदों के शिक्षकों को ग्रीष्म कालीन अवकाश में अपने घर भी जाना है किंतु इन सब समस्याओं को दरकिनार कर जिला विद्यालय निरीक्षक उनके विद्यालय का बिल प्रेषित नहीं कर रहे हैं। मजबूर होकर विद्यालय के शिक्षकों कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के साथ मिलकर डीआईओएस कार्यालय के बाहर क्रमिक अनशन की घोषणा की है।

क्रमिक अनशन का नोटिस देने वाले शिक्षकों में शाखा अध्यक्ष अनिल कुमार देवड़ा तथा शाखा मंत्री अरविंद कुमार सहित चेतन कुमार, अतुल कुमार, नवीन सैनी, असित कुमार, अतर सिंह, ऋषिपाल सिंह, सुनील राजपूत आदि शिक्षक सम्मिलित हैं।

## गन्ना सर्वे कार्य का निरीक्षण

**हल्दौर।** गन्ना फसल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत चीनी मिल बिलाई के यूनिट हेड विजय वीर सिंह, आईटी हेड अनुज शर्मा एवं वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक नवीन आर्य द्वारा मिल क्षेत्र के गांवों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव मुकरपुर गुर्जर, सलेमपुर, फेजीपुर, मीरपुर सिकरी, गंधौर आदि दर्जनों गांव का भ्रमण कर किसानों को गन्ने में इस समय लगने वाले किट व रोग आदि के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव के उपाय भी बताएं गये। इस समय गन्ने में टॉप बोरर कीट की तितली दिखाई दे रही है,जिसके नियंत्रण हेतु इस समय लाईट ट्रैप या फेरोमैन ट्रैप लगाकर भी नियंत्रण किया जा सकता है अन्यथा टॉप बोरर नियंत्रण के लिए कोराजन की ड्रेंचिंग 150 एमएल प्रति एकड़ की दर से 400 लीटर पानी में घोल बनाकर करनी चाहिए का सुझाव दिया। इसी के साथ क्षेत्र मे चल रहे गन्ना सर्वे का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर चीनी मिल के क्षेत्रीय अधिकारी हरिप्रकाश शर्मा, किसान बहादुर लाल, जयपाल सिंह, अशोक कुमार, ननवा सिंह, मूलचंद, अमित कुमार, कपिल, ओमकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एक माह के माइक्रोबायोलॉजी लैब प्रशिक्षण का समापन

## क्विज प्रतियोगिता में कौसर जहां प्रथम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ सांइस एण्ड टैक्नोलाजी के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में माइक्रोबायोलॉजी एक माह का लैब सैशन कराया जा रहा था, जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं को माइक्रोबायोलॉजी ट्रेंनिग करायी गयी। माइक्रोबायोलॉजी लैब में छात्र-छात्राओं को पानी की जांच, खून की जांच और फूड की जांच, जीवाणुओं की जांच जैसे प्रयोग कराये गये।

लैब सैशन के समापन में सभी छात्र-छात्राओं के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया एवं सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गयें।

क्विज प्रतियोगिता में छात्रा कौसर जहाँ ने प्रथम स्थान, छात्रा रोजी ने द्वितीय एवं छात्र मौ. सैफ ने तृतीय स्थान तथा छात्रा बुसरा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

संस्था के महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी छात्र/छात्राओं को उनके भविष्य में बहुत ही उपयोगी साबित होगा। उधर संस्था के रजिस्ट्रार राजीव कुमार एवं अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान के बीएससी माइक्रोबायोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रीति विश्नोई, परीक्षा नियंत्रक गौर्व सिंह एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं जौली चौहान, रेशु रानी, मानसी, बृजनेश सिसौदिया, जीत सिंह, संदीप विश्नोई, सचिन कुमार और छात्राओं में अनिल कुमार, स्वश्नु परतीन, कान्तन्न रोजी, सानिया, खुशी, टीना, सिमरन, कशिश पाल, मानशी, ताहिरा, इन्तिफा, अंजली, अल्फिया, अना. मिका, मुजाहिद, बुसरा, आफिया, साक्षी ठाकुर, पूजा चौहान आदि उपस्थित रहें।

# नहर की पटरी टूटने से किसानों की सैकड़ों बीघा फसल डूबी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** दो गांवों में नहर की पटरी टूट जाने से किसानों फसल डूब गई। किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया।

गांव मुकरपुर सत्ती में शेखपुरा रजवाहे नहर की नहर की मंगलवार की देर रात टूट जाने से किसानों की खड़ी फसल डूब गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे किसानों ने मामले की सूचना सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे सिंचाई विभाग के

## सिंचाई विभाग ने मरम्मत कार्य कराया

अधिकारियों ने मरम्मत कार्य शुरु कराया। वहीं गांव शादीपुर मिलक में नहर की पटरी टूट जाने से मुकरपुर सत्ती, खैराबाद, लाड़नपुर आदि गांवों के किसानों की सैकड़ों बीघा फसल भी डूब गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने मामले की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों को दी। सिंचाई विभाग के जेई द्वारा टूटी नहर की मरम्मत कार्य शुरु कराया। फसल डूब जाने से किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

# अभिनन्दन समारोह में मेधावी सम्मानित

## प्रियंका मॉडर्न स्कूल में कार्यक्रम




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषणा के बाद प्रियंका मॉडर्न स्कूल में बोर्ड के विद्यार्थियों और शिक्षकों में परिणामों के प्रति आतुरता बढ़ गई।


इस वर्ष भी विगत वर्षों की भाँति प्रियंका मॉडर्न स्कूल के कक्षा 10वीं और 12वीं के बोर्ड विद्यार्थियों ने शानदार कीर्तिमान स्थापित कर स्कूल को गौरवान्वित किया है। कक्षा 12वीं के पीसीएम ग्रुप के छात्र वैभव यादव ने 97.4% अंक प्राप्त कर जनपद बिजनौर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा दसवीं की छात्रा स्नेहा चौहान ने 98.2% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

सत्र 2024-25 की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रार्थना सभा में 'अभिनंदन समारोह' के दौरान प्रधानाचार्य डीएस नेगी द्वारा सम्मानित किया गया। इस समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों और शिक्षकों के मध्य इन मेधावी छात्र-छात्राओं के माता-पिता / अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति ने चार चाँद लगा दिये। अभिनंदन समारोह में लगभग 150 विद्यार्थियों को विभिन्न श्रेणियों अर्थात् जनपद टॉपर, स्कूल टॉपर, कक्षा-टॉपर, विषयवार शत् प्रतिशत या सर्वाधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी तथा 90 % से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी के रूप में सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने कहा कि यह पल हमारे लिए बहुत ही गौरव का है, जब हम अपने मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता, शिक्षकों और विद्यार्थियों के सम्मुख सम्मानित कर रहे हैं। वास्तव में परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है। परिश्रम के बल पर ही व्यक्ति ऊँचे से ऊँचे लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

## एक नजर

### उज्जवल पुष्पक का बेहतरीन प्रदर्शन



**स्योहारा।** मेरी एंड जीसस कान्वेंट स्कूल की दसबी बोर्ड परीक्षा मे उज्जवल पुष्पक पुत्र श्रवन कुमार पुष्पक ने गणित संकाय में विद्यालय में सर्वाधिक अंक हासिल किए हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों प्रधानाचार्य अनीता सिंह और प्रबंधक सीसी सिंह और अध्यापकों को दिया है।

### चांदपुर में पांच वारंटी गिरफ्तार



**चांदपुर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद मे चलाये जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान के अंतर्गत चांदपुर पुलिस ने पांच वारंटियों को गिरफ्तार करते हुए सभी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस ने इरशाद अहमद पुत्र सगीर अहमद, सगीर अहमद पुत्र यासीन अहमद निवासीगण ग्राम महमूदपुर थाना चांदपुर, बलवीर सिंह पुत्र प्रेमा सिंह निवासी ग्राम महमदाबाद थाना हल्दौर, राजीव कुमार पुत्र मूला सिंह निवासी ग्राम वीरोपुर थाना चांदपुर व शौकत पुत्र अल्ला दिया निवासी मौहल्ला शाहचंदन कस्बा व थाना चांदपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उप.नि. प्रमोद कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. हिमांशु कुमार थाना चांदपुर, उप.नि. रोबिन कौशिक थाना चांदपुर, कांस्टेबिल सौभ पंवार, कांस्टेबिल .मौ. सिराज, का. गजेन्द्र कुमार, का. कृष्ण कुमार शामिल रहे।

### घर में घुसकर मारपीट के दो आरोपी दबोचे



**चांदपुर।** गांव अकबरपुर झोझा थाना चांदपुर निवासी जुलफुकार अहमद पुत्र गफ्फार अहमद ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गांव के ही गुलफाम, राशिद, खालिद पुत्रगण हिफैत अहमद, कुरबान अहमद पुत्र बदलू अहमद, रिजवान अहमद पुत्र कुरबान अहमद निवासीगण नामालूम ने वादी के घर में घुसकर वादी की पत्नी हीना परवीन, भाई दानिश व पुत्र सद्दाम पर लाठी डण्डों से जानलेवा हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आज गुलफाम अहमद पुत्र हिफैत निवासी ग्राम अकबरपुर झोझा थाना चांदपुर व रिजवान अहमद पुत्र कुरबान अहमद निवासी उपरोक्त को ग्राम रूपपुर रोड रिलायंस पेट्रोल पम्प चांदपुर के पास से गिरफ्तार कर लिया।

### नाट्य कार्यशाला 21 मई से शुरू

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में नाट्य कार्यशाला का आयोजन नाट्यदीप संस्था के सहयोग से प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच एवं स्व-रोजगार के लिए तैयार किया जायेगा। छोटे शहरों एवं ग्रामीण अंचलों की छिपी प्रतिभाओं को पहचान मिलेगी। रंगमंच की सशक्त परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नाट्यदीप संस्था व उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सहयोग से श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज में एक विशेष नाट्य कार्यशाला आयोजन स्थानीय प्रतिभाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें रंगमंच एवं स्व-रोजगार के लिए तैयार करने हेतु 21 मई से 18 जून तक किया जाएगा। डॉ. राजेंद्र चौधरी ने बताया कि यह कार्यशाला नाट्य तकनीक, अभिनय कौशल, स्वर एवं शरीर भाषा पर केंद्रित होगी। विगत वर्षों में हमारे कई नवोदित कलाकारों ने रंगमंच व फिल्म मीडिया में अपनी अलग पहचान बनाई है और आज वे आने वाली फिल्मों व डिजिटल माध्यमों में सक्रिय हैं। इस अवसर पर डॉ. पुनीत नंदन, मुकेश कुमार, विनीत कुमार, राहुल, शिवम् कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण

## सभी विभाग मिलकर सुधारेंगे पंचायत के विकास के सूचकांक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** उपनिदेशक पंचायती राज मुरादाबाद मंडल के कुशल नेतृत्व में एक दिवसीय सतत विकास के स्थानीय लक्ष्य एवं पंचायत विकास सूचकांक प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पंचायत राज अधिकारी बिजनौर दमनप्रीत अरोड़ा एवं समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया।

प्रतिभागियों से वार्ता करते हुए डीपीआरओ द्वारा बताया गया कि सतत विकास के 17 लक्ष्यों को सितंबर 2016 में 193 देश के द्वारा अपनाया गया। 2030 तक सभी लक्ष्यों को प्राप्त करना है। प्रथम सत्र में प्रशिक्षक अशोक कुमार तोमर द्वारा पंचायत विकास सूचकांक विषय पर चर्चा की आपके द्वारा बताया गया कि पंचायत विकास सूचकांक में बिजनौर 38 वें स्थान पर है। जनपद बिजनौर सी श्रेणी में रखा गया है। सबसे अधिक कार्य थीम तीन बाल मित्र पंचायत में 72% एवं सबसे कम कार्य थीम 7 सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव 42% कार्य किया गया है। इसी प्रकार पंचायत विकास सूचकांक हमारी पंचायत की स्थिति को भी प्रदर्शित करता है। पंचायत विकास सूचकांक की मदद से हमें यह पता चलता है कि हमें किस टीम में अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। दूसरे सत्र में सतेंद्र शर्मा ने सतत विकास के लक्ष्य का स्थानीयकरण के विषय में बताया कि किस प्रकार से सतत विकास का स्थानिकरण किया गया और उनको नाइंथ थीम में विभाजित किया गया है। आपके द्वारा थीम वार विभागों की जिम्मेदारी एवं कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

डॉ. नवनीत शेखर सिंह डीपीआरसी फैकेल्टी संभल द्वारा ग्राम पंचायत विकास योजना पर विस्तार से चर्चा की एवं आपके द्वारा जीपीडीपी निर्माण के पांचों चरणों पर भी प्रकाश डाला। आपके द्वारा अच्छी जीपीडीपी बनने के लाभ एवं अच्छी जीपीडीपी न बनने के कारणों पर भी चर्चा की।

अंतिम सत्र में प्रशिक्षक अब्दुल कादिर द्वारा पंचायत पुरस्कार विषय पर चर्चा की।

कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक रेखा सैनी द्वारा किया गया। प्रशिक्षण में लव कुमार, अंकुर शर्मा, विकास कुमार, छविनाथ सोनकर, आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# केंद्र सरकार अर्द्धसैनिक बल के सैनिकों की अविलंब करें पुरानी पेंशन बहाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि 1 जनवरी 2004 को केन्द्र सरकार द्वारा पुरानी पेंशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार पर आधारित नई पेंशन व्यवस्था को लागू किया गया, जिसमें केन्द्रीय सशस्त्र बल के 10 लाख से अधिक सैनिकों को भी संवैधानिक पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित किया गया जों केन्द्र सरकार पूर्णत असंवैधानिक है निर्णय है।

सशस्त्र बल के सभी सैनिक प्रत्येक परिस्थिति में आर्मी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करते आए है। पुरानी पेंशन बहाली को लेकर माननीय दिल्ली हाईकोर्ट ने 11 जनवरी 2023 को सभी अर्धसैनिक बलों को सशस्त्र बल मानते हुए पुरानी पेंशन देने का एतिहासिक आदेश दिया। जिसके खिलाफ केन्द्र सरकार सुप्रीम कोर्ट चली गई जो केन्द्र सरकार ने गैरजिम्मेदाराना निर्णय लिया। सशस्त्र बल के सभी सैनिक देश की सरहदों को सुरक्षित रखते हैं, उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा से केंद्र सरकार का बचाना पूर्णत: असंवैधानिक है। केंद्र सरकार को केंद्रीय सशस्त्र बल की सभी सैनिकों को उनके भविष्य की आर्थिक सामाजिक सुरक्षा देने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था को अविलंब बहाल करना चाहिए।

# बी.ए.एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा बी.ए.एलएल.बी. प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्रा इप्शिता अग्रवाल ने प्रथम, कृभकी कटिया ने द्वितीय तथा मौ. अम्मार हसनैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज का परिणाम सदैव ही अति उत्तम रहा है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# बकाया गन्ना मूल्य भुगतान की मांग

## किसानों की आर्थिक स्थिति हुई कमजोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** बिलाई चीनी मिल से गन्ना का बकाया भुगतान को लेकर किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की एक बैठक बिलाई चीनी मिल परिसर में सम्पन्न हुई।

बैठक में संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि बिलाई मिल द्वारा समय से गन्ना भुगतान न होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई है। बिलाई चीनी मिल की गन्ना भुगतान की पॉलिसी से परेशान होकर बिलाई चीनी मिल क्षेत्र के किसान गन्ना परिवर्तन कर दूसरी मिल को डायवर्ट करने को लेकर बार-बार आंदोलन किए जाते हैं, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा किसानों की सुनवाई नहीं होती है। विकास चौधरी ने शासन प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि शासन प्रशासन द्वारा ही किसानों का शोषण कराया जा रहा है।

विकास चौधरी ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर बिलाई चीनी मिल द्वारा शीघ्र गन्ने का भुगतान नहीं किया गया तो किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।

बैठक के बाद बिलाई चीनी मिल के एमडी को संबोधित एक ज्ञापन मिल के गन्ना प्रबंधक राहुल चौधरी को सौंपा गया और हल्दौर गन्ना समिति पहुंचकर जिला गन्ना अधिकारी बिजनौर को संबोधित एक ज्ञापन गन्ना समिति सचिव हल्दौर मुकेश राठी को सौंपा गया।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, राकेश कुमार, मुनेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, विकेश कुमार, छोटू कुमार आदि मौजूद रहे।

# WTC-2025 के विजेता पर होगी पैसों की बारिश

● आईसीसी ने इनामी राशि दोगुना की, चैंपियनशिप की विजेता टीम को मिलेंगे 36 लाख डॉलर

**दुबई, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 संस्करण की विजेता टीम को 36 लाख तथा उपविजेता को 21.6 लाख डॉलर मिलेंगे।

आईसीसी ने दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लॉर्ड्स में होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 के लिए कुल पुरस्कार राशि को बढ़कर 57.6 लाख डॉलर कर दिया है। जो कि पिछले दो संस्करणों की तुलना में दोगुनी से भी अधिक है। चैंपियन को 36 लाख अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि हमने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तीसरे चक्र को बहुत ही रोमांचक रहा और फाइनल में खेलने वाली टीमों का फैसला प्रतियोगिता के आखिरी में ही हुआ। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाले मैच दर्शकों के साथ-साथ दुनिया भर से आने वाले प्रशंसकों को इस प्रतिष्ठित प्रारूप में कुछ बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिलेगा। श्री शाह ने कहा कि आईसीसी की ओर से मैं दोनों टीमों के खिलाड़ियों को प्रतिष्ठित मैच की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं देता हूँ। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने कहा कि हम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर बहुत खुश हैं, यह हमारे लिए आईसीसी खिताब जीतने का एक अच्छा अवसर है। हम सभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे। ऑस्ट्रेलिया टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि हमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का बचाव करने का अवसर पाकर बहुत गर्व है। हमने फाइनल तक पहुंचने के लिए अविश्वसनीय रूप से कड़ी मेहनत की है और यह हम सभी के लिए एक बड़ा सम्मान है।

# त्रिशा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हारी



■ जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से अपने नाम किया

**बैंकॉक, वार्ता।** भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद महिला युगल के दूसरे राउंड में जापान की रूई हीरो. कामि और सायाका होबारा से हारकर थाईलैंड ओपन 2025 से बाहर हो गईं। यहां निमिबुत्र स्टेडियम में 53 मिनट तक चले मुकाबले में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जपानी जोड़ी से मिली हार के इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई क्योंकि सभी पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने-अपने मुकाबले हार गए। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री की जोड़ी ने पहले गेम में कड़ी टक्कर दी, लेकिन 20-22 से हार गईं। इसके बाद जापानी जोड़ी ने दूसरा गेम 21-14 से जीतकर मैच जीत लिया। अन्य मुकाबलों में महिला एकल में उन्नति हुड्डा भी बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर 6 पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 14-21, 11-11 से हार का सामना करना पड़ा। मालविका बंसोड़ को भी थाईलैंड की खिलाड़ी रत्चानोक इंतानोन से 12-21, 16-21 से हराया।

## विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से टीमों को नहीं पड़ेगा फर्क

● अस्थायी खिलाड़ियों को जोड़ने की दी मंजूरी, नियमों में किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद 17 मई से एक बार फिर आईपीएल का रोमांच शुरू होगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सत्र के बाकी बचे मैचों का कार्यक्रम जारी कर दिया और फेंचाइजियों को उनके सभी खिलाड़ियों को एकत्र करने के निर्देश दिए। हालांकि, कुछ विदेशी खिलाड़ियों ने बाकी बचे सत्र के लिए अनुपलब्धता जाहिर की है। ऐसे में आईपीएल ने टीमों को राहत देने का फैसला किया है। बीसीसीआई ने टीमों को आईपीएल के बाकी बचे मुकाबलों के लिए अपने साथ अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को जोड़ने की मंजूरी दी है। दरअसल, कुछ विदेशी खिलाड़ी आगामी मैचों के लिए अनुपलब्ध हैं। मूल कार्यक्रम के अनुसार आईपीएल का फाइनल 25 मई को होना था लेकिन अब यह तीन जून को होगा जिससे राष्ट्रीय टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों के लिए इसमें खेलना मुश्किल हो जाएगा। कुछ खिलाड़ी व्यक्तिगत कारणों से वापस नहीं आ रहे जबकि मौजूदा सत्र में सीएसके का प्रतिनिधित्व करने वाले जेमी ओवरटन जैसे खिलाड़ी विंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर सीमित ओवरों की सीरीज के लिए ब्रिटेन में ही रहेंगे। पीटीआई ने आईपीएल के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार कहा कि हमें आईपीएल 2025 को अस्थाई रूप से निलंबित करना पड़ा जिसके परिणामस्वरूप इसे 25 मई 2025 की पूर्व निर्धारित तिथि के बाद पूरा करना पड़ रहा है इसलिए हमने वैकल्पिक खिलाड़ी से जुड़े प्रावधानों का पुनरू मूल्यांकन किया है। राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं या व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी के कारण कुछ विदेशी प्लेयरों की अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के समापन तक अस्थाई तौर पर वैकल्पिक खिलाड़ियों को चुनने की अनुमति दी जाएगी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दासनायके को अमेरिका की टीम का कोच बनाया

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका और कनाडा के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पुबुदु दासनायके को अमेरिका की पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। दासनायके ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज स्टुअर्ट लॉ का स्थान लेंगे। दासनायके को दूसरी बार अमेरिका की टीम का कोच बनाया गया है। इससे पहले 54 वर्षीय दासनायके 2016-2019 तक तीन साल तक अमेरिका की टीम के कोच रहे थे। इस दौरान दासनायके ने अमेरिका को एकदिवसीय क्रिकेट टीम का दर्जा दिलाने में महत्वूपर्ण भूमिका निभाई थी।दासनायके ने श्रीलंका के लिए 11 टेस्ट और 16 एकदिवसीय मैच खेले। अमेरिका की टीम का फिर से कोच बनाये जाने पर दासनायके ने कहा कि अमेरिका पुरुष राष्ट्रीय टीम में वापस आना और उसका नेतृत्व करना सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं अमेरिका क्रिकेट के लिए कुछ सार्थक करने के लिए खिलाड़ियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हूं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका की टीम भारत में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुकी है।

### दिल्ली ने फ्रेजर मक्गार्क की जगह मुस्तफिजुर रहमान रिप्लेस किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गार्क के कारणों से आईपीएल 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गें. दबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है।

आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थागित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैंचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है। आईपीएल ने फ्रैचाइजी को बताया कि कुछ विदेशी खिलाड़ियों की राष्ट्रीय जिम्मेदारियों, व्यक्तिगत कारणों या किसी चोट या बीमारी की वजह से अनुपलब्धता को देखते हुए इस टूर्नामेंट के आखिर तक अस्थायी रूप से खिलाड़ी लेने की अनुमति है। उन्होंने कहा जिस भी खिलाड़ी को अस्थायी अनु. बंधित किया जायेगा। फ्रैचाइजी उन्हें अगले सत्र के लिए रिटेन नहीं कर पायेगी। यह फैसला संभवतघ इसीलिए लिया गया है ताकि फ्रैचाइजी नीलामी प्रक्रिया को दर्रा. कनार करने के लिए जानबूझकर रिप्लेसमेंट न लें, बल्कि जरुरत के आधार पर ही ऐसा करें।

# शोएब मलिक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के मेंटर का पद छोड़ा

**लाहौर, वार्ता।** शोएब मलिक ने अन्य जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए घरेलू प्रतियोगिताओं के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मेंटर पद से इस्तीफा दे दिया है। मेंटर पद से इस्तीफे को लेकर शोएब मलिक ने कहा कि यह आसान विकल्प नहीं था, लेकिन अपनी जिम्मेदारी पर विचार करने के बाद मुझे एहसास हुआ कि कई अन्य जिम्मेदारियों को निभाने से मैं पाकिस्तान क्रिकेट और अपनी अन्य पेशेवर और व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे पाऊंगा। उल्लेखनीय है कि मलिक ने दो सप्ताह पहले बोर्ड को अपना इस्तीफा सौंपते हुए कहा था कि अब वह अगले सत्र में मेंटर नहीं होंगे। वह अपने शेष अनुबंध संबंधी दायित्वों को पूरा निर्वहन करेंगे। पीसीबी ने शोएब मलिक, मिस्बाह-उल-हक, सकलैन मुश्ताक, सरफराज अहमद और वकार यूनिस को मेंटर के रूप में 2027 तक तीन साल के अनुबंध पर नियुक्त किया गया था। मलिक का इस्तीफा सार्वजनिक होने के बाद मीडिया रिपोर्टों ने बताया कि पीसीबी ने सभी पांच मेंटरों को हटाने का फैसला किया है। हालांकि पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा कि चेयरमैन मोहसिन नकवी ने बोर्ड को इस बारे में नहीं बताया है। साथ ही अन्य मेंटरों का कहना है कि उन्हें किसी भी बदलाव के बारे में सूचित नहीं किया गया है।

# मुंबई के लिए बेहतर बल्लेबाजी कर रहे रोहित शर्मा

■ औसत और स्ट्राइक रेट में हुआ सुधार, रोहित ने पांच मैचों में फेल रहने के बाद की जबरदस्त वापसी

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 2025 के दूसरे चरण की शुरुआत 17 मई से होने जा रही है। भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव की वजह से इसे हफ्ते के लिए स्थगित किया गया था। हालांकि, दुनिया की इस सबसे बड़ी क्रिकेट लीग की वापसी को लेकर फैंस में उत्साह है।

अंक तालिका में फिलहाल गुजरात टाइटंस की टीम शीर्ष पर है। वहीं, आरसीबी दूसरे और पंजाब तीसरे स्थान पर है। एमआई की टीम ने लीग में पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की और अंक तालिका में फिलहाल चौथे स्थान पर हैं। इसका श्रेय टीम के ओपनर रोहित शर्मा को भी जाता है, जिन्होंने शुरुआती पांच मैचों में फेल रहने के बाद जबरदस्त वापसी की और पिछले पांच मैचों में तीन अर्द्धशतक जड़े। पिछले साल यानी 2024 में मुंबई की कप्तानी से हटाए जाने के बाद से रोहित ने खूब रन बनाए हैं। आंकड़े गवाह हैं कि कप्तानी छोड़ने के बाद से उनके औसत और स्ट्राइक रेट में बढ़ोतरी हुई है। रोहित ने 2017 से लेकर 2023 तक मुंबई इंडियंस की कप्तानी करते हुए 100 पारियों में 24.6 की औसत और 127.4 के स्ट्राइक रेट से 2337 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 13 बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए। वहीं, 94 छक्के लगाए। वहीं, साल 2024 से लेकर अब तक रोहित ने 25 पारियों में 31.17 की औसत और 150.9 के स्ट्राइक रेट से 717 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने पांच बार 50 से ज्यादा के स्कोर बनाए हैं। साथ ही उन्होंने 40 छक्के भी लगाए हैं। यानी कप्तानी छोड़ने के बाद से उन पर से दबाव हटा है और वह खुलकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। इस आईपीएल में मुंबई की टीम उन्हें बतौर इम्पैक्ट प्लेयर इस्तेमाल कर रही है और इसका फायदा उन्हें मिला है। वह मैदान पर फील्डिंग करते हुए थकते नहीं हैं और अपनी ऊर्जा का इस्तेमाल बल्लेबाजी के दौरान करते हैं। रोहित की कप्तानी में मुंबई इंडियंस की टीम 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में खिताब जीत चुकी है। हालांकि, साल 2024 में मुंबई टीम मैनेजमेंट ने उन्हें हटाकर हार्दिक पांडया को कप्तानी सौंपी थी। पिछले साल मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। हालांकि, इस साल टीम अच्छा कर रही है। रोहित ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। वह पिछले साल टी20 अंतर्राष्ट्रीय से भी संन्यास ले चुके हैं। लीग में वह सिर्फ आईपीएल में खेलते दिखते हैं। वहीं, भारत के लिए अब वह सिर्फ वनडे में खेलते दिखेंगे।

# हरियाणा ने अंतिम दिन स्वर्ण पदक जीते





**राजगीर, वार्ता।** हरियाणा के एथलीटों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में तलवारबाजी प्रतियोगिता के अंतिम दिन तीन स्वर्ण पदक जीते।

यहां गुरुवार को राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में हरियाणा के लड़कों ने सेबर टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि लड़कियों ने एपी और फॉइल स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। इस प्रकार हरियाणा ने सात स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रतियोगिता समाप्त की। महाराष्ट्र ने दो स्वर्ण, दो रजत और तीन रजत पदक जीते। चंडीगढ़, तमिलनाडु और राजस्थान ने एक-एक स्वर्ण पदक जीतकर इस संस्करण की तलवारबाजी प्रतियोगिता में शीर्ष पांच टीमों में जगह बनाई। हरियाणा की लड़कियों की एपी टीम की कप्तान दीपांशी ने कहा कि हमारी टीम अपनी सफलता का श्रेय अपने कोचों के प्रशिक्षण और मार्गदर्शन को जाता है। टीम स्पर्धा में यह मेरा लगातार दूसरा स्वर्ण पदक है और मुझे अपनी लगातार जीत पर गर्व है। पुरुषों की कृपाण टीम के कप्तान उज्ज्वल ने कहा कि यह मेरा पहला खेलो इंडिया था और मैं टीम वर्क और दृढ़ संकल्प के माध्यम से स्वर्ण पदक हासिल करने के लिए भाग्यशाली था। मैं अपने कोच कपिल, राजपाल यादव, नरेंद्र सिंह और सुरेश को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों ने बास्केटबॉल में जीते स्वर्ण पदक

**पटना, वार्ता।** कर्नाटक की लड़कियों और उत्तर प्रदेश के लड़कों की टीमों ने गुरुवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बास्केटबॉल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीते। यहां पटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स इंडोर स्टेडियम में खेले गए मुकाबले फाइनल मुकाबले में कर्नाटक की लड़कियों की टीम ने हरियाणा पर पूरी तरह से दबदबा बनाए रखा और हर क्षेत्र में श्रेष्ठत प्रदर्शन करते हुए मैच 46-25 से जीत लिया। कर्नाटक के लिए निधि उमेश ने 27, माहेक शर्मा ने 21, निधि श्रीनिवास ने 17 और श्रावणी शिवन्ना 10 का स्कोर किया। हरियाणा की ओर से काफी ने 22, भूमि कतारिया ने 22 और वैष्णवी ने 13 का स्कोर किया। वहीं उत्तर प्रदेश और राजस्थान के लड़कों के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला कड़ा और कम स्कोर वाला रहा। एक समय दोनों टीमें लगभग बराबरी पर थीं। अंतिम क्वार्टर में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने एक-एक थ्री-पॉइंटर लगाया, जिससे राजस्थान के लिए मैच में वापसी मुश्किल हो गई।

## इंग्लैंड ने साउथी को टीम का सलाहकार किया नियुक्त



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज टिम साउथी को पुरुष टीम का विशेषज्ञ कौशल सलाहकार नियुक्त किया है। टीम साउथी ने न्यूजीलैंड के लिए 107 टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 126 टी-20 मैच खेले है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए सभी प्रारूपों में सबसे अधिक 776 विकेट लिए है। उनके पास अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 15 से अधिक वर्षो का अनुभव है। उन्होंने दिसंबर 2024 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था। ईसीबी का मानना है कि साउथी का अनुभव इंग्लैंड की टीम के लिए बहुत उपयोगी होगा। टीम साउथी जिम्बाब्वे के खिलाफ 22 मई को ट्रेंट ब्रिज में शुरु होने वाले एकमात्र टेस्ट से पहले इंग्लैंड की टीम के साथ जुड़ेंगे। हालांकि साउदी की यह नियुक्ति लंबे समय के लिए नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि सलाहकार भूमिका के समापन के बाद साउथी के बर्मिंघम फीनिक्स के साथ द हंड्रेड में खेलना फिर से शुरू कर सकते है।

# इंग्लैंड ने विंडीज सीरीज के लिए गेंदबाज वोंग को टीम में वापस बुलाया



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए घोषित 14 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज इस्सी वोंग को वापस बुलाया है। चयनकर्ताओं ने हीथर नाइट के इस्तीफे के बाद स्टार ऑलराउंडर नैट साइवर-ब्रंट को तीन एकदिवसीय और इतने ही टी-20 मैचों के लिए पूर्णकालिक कप्तान की जिम्म्मदारी सौंपी है। वोंग की वापसी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शानदार प्रदर्शन के बाद हुई है। इसके साथ ही एलिस डेविडसन-रिचड्र्स और एम्मा लैम्ब की भी एकदिवसीय टीम में वापस आयी है। इस सीरीज में तेज गेंदबाज एमिली अर्लट भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करेंगी। उन्हें टी-20 और एकदिवसीय दोनों टीमों में शामिल किया गया है।

**टी-20 टीम:**- नेट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एमिली, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया, सारा, एमी , हीथर नाइट, पैगे स्कोल्फील्ड, लिंसे, इस्सी वोंग व डैनी वायट**वनडे टीम:** नेट सायवर-ब्रंट (कप्तान), एलिस- रिचड्र्स, एमिली अर्लट, टैमी,बेल, केट, चार्ली, सोफिया, माहिका, सारा, एमी, हीथर, एम्मा व लिंसे स्मिथ।

# नदीम और हम कभी करीबी दोस्त नहीं थे: नीरज

● पाकिस्तानी जेवलिन थ्रोअर को बुलाने पर ट्रोल हुए थे

कल दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे

**दोहा, वार्ता।** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने गुरुवार को कहा है कि वे और अरशद नदीम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। नीरज ने दोहा डायमंड लीग की पूर्व संध्या पर कहा कि 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाक के बीच चीजें पहले जैसी नहीं रहेंगी।

नीरज चोपड़ा 16 मई को अपने डायमंड लीग अभियान का आगाज करेंगे। रात 10:15 बजे उनका इवेंट होगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद नीरज चोपड़ा और उनके परिवार को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था। क्योंकि, नीरज ने बेंगलुरु में एनसी क्लासिक में पाकिस्तान के नदीम को आमंत्रित किया था, हालांकि वह इवेंट स्थगित किया जा चुका है। सबसे पहले मैं यह स्पष्ट करना चाहूंगा कि मेरा (नदीम के साथ) बहुत मजबूत रिश्ता नहीं है। हम कभी भी करीबी दोस्त नहीं थे। लेकिन, इस वजह (भारत-पाक सीमा पर तनाव) से अब हमारे बीच बातचीत पहले जैसी नहीं होगी। पर अगर कोई मुझसे सम्मान से बात करता है तो मैं भी सम्मान से ही बात करता हूं।

सफाई भी दी- आतंकी हमले से पहले आमंत्रित किया था पेरिस गेम्स के रजत विजेता स्टार ने पहले कहा था कि नदीम को उनके सम्मान में आयोजित टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट में उनके और उनके परिवार की ईमानदारी पर सवाल उठाए जाने से उन्हें बहुत दुख हुआ। चोपड़ा ने तब स्पष्ट किया था कि एनसी क्लासिक के लिए निमंत्रण पहलगाम आतंकी हमले से एक दिन पहले भेजे गए थे जिसमें 26 लोग मारे गए थे।

नीरज नीरज चोपड़ा ने कहा कि बतौर खिलाड़ी हमें बातचीत करनी होगी। दुनिया भर में खेल समुदाय में मेरे कुछ अच्छे दोस्त हैं। जो सिर्फ भाला फेंक में ही नहीं हैं, बल्कि अन्य खेलों में भी हैं। अगर कोई मुझसे सम्मानपूर्वक बात करता है तो मैं भी उससे पूरे सम्मान के साथ बात करूंगा। हरियाणा के स्टार ने कहा कि भाला फेंक में बहुत छोटा समुदाय है और हर कोई अपने देश के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा है और हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है।

## एशियाई मुक्केबाजी में पांच स्वर्ण देने वाले भारतीय बने हिमांशु सिंह

चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया


**संतकबीरनगर, वार्ता।** उत्तर प्रदेश में संतक. बीरनगर जिले के हिमांशु सिंह ने साउथ एशियन आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप में पांच पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।

पेदम स्टेडियम मापुसा गोवा में दिनांक 09 से 11 मई तक आयोजित साउथ एशिया आर्म बॉक्सिग चैंपियनशिप 2025 में हिमांशु सिंह ने प्रतिभाग किया। उन्होंने 51 किलो भार वर्ग जूनियर कैटेगरी में पांच इवेंट्स में प्रतिभाग किया जिसमें फुल बॉडी कॉन्टैक्ट, एमेच्योर बॉक्सिग, लो बॉडी कॉन्टैक्ट, टच कॉन्टैक्ट और म्यूजिकल फॉर्म शामिल है। उन्होने पांच इवेंट्स में पांच स्वर्ण पदक हासिल करके भारत का नाम रोशन किया। आर्म बॉक्सिग स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव नसीरुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि हिमांशु की इस उपलब्धि पर इंडिया के टीम और सभी लोगों में खुशी का माहौल है। हिमांशु सिंह आगे चल कर एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे और भारत देश का नाम करेंगे। हिमांशु सिंह संतकबीरनगर जिले के छोटे से गांव रसूलपुर के निवासी बालकृष्ण सिंह के पुत्र हैं। वह गोरखपुर जिले के सहजनवा में स्थित गीडा सेक्टर 23 में अपने मामा के यहां बचपन से रहते हैं। उनके पिता जाने-माने पहलवान और प्रगतिशील किसान हैं।

## ट्रम्प की पैंतरेबाजी

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नया पैंतरा खेलते हुए एपल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एपल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। भारत अपना ख्याल खुद रख सकता है। याद रहे कि भारत और पाक में सीजफायर में मध्यस्थता का दावा करने वाले ट्रम्प को भारत ने दो टूक जवाब दे दिया है। अब हमारी समझ में आया है कि जो देश पहले भारत की पाक समर्थित आतंकियों पर कार्रवाई को सही बता रहा था, उसे ने अब एक इनामी आतंकी को गले लगा लिया है। भारत ने उसे साफ कह दिया है कि कश्मीर मामले पर तीसरे पक्ष का दखल स्वीकार नहीं है और यदि पाकिस्तान से बात होती है, तो सिर्फ पीओके वापसी पर ही होगी। भारत को तो बहुत पहले समझ लेना चाहिए था कि अमेरिका दो देशों को लड़ाकर अपना फायदा उठाना चाहता है। कहते हैं कि देर आयद, दुरुस्त आयद। भले ही भारत को ट्रम्प की बात देर से समझ आई है, लेकिन अब साफ जवाब भी दे दिया है। ट्रम्प ने दावा किया था कि उसके कहने पर ही भारत और पाक में सीजफायर हुआ है। उसने केवल अपने ट्वीटर हैंडल पर ही नहीं, बल्कि सऊदी अरब में भी यही कहा था। अब एक आतंकी को गले लगाने का मतलब ये है कि अमेरिका भी एक आतंकवादी समर्थित देश हो गया है और अब भारत को उससे सचेत रहना होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टॉप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे। अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डॉलर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसम्बर में हटा दिया गया था। 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी थी, जो भारत के अलग -अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए थे। इसके बाद सात मई को पाकिस्तान ने देश के तीन राज्यों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला कर दिया था, जिसे भारत के सुदर्शन चक्र ने विफल कर दिया था। तीन दिन चली गोलीबारी के बाद दोनों देशों के डीजीएमओ में वार्ता होने के बाद सीजफायर हो गया था, जिसका श्रेय अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ले रहे हैं। जो उनका सफेद झूठ है। इस झूठ को क्या कहा जाए, जिस डोनाल्ड ट्रम्प को भारतीय पीएम मोदी ने बहुत अच्छा बताया था, वही अब आतंकवादी के समर्थित लग रहे हैं। अब भारत ने अमेरिका को साफ शब्दों में कह दिया है कि यदि बात होती है, तो केवल द्विपक्षीय होगी। किसी तीसरे की दखल स्वीकार नही है। उधर भारत के चार विश्वविद्यालयों ने तुर्की से समझौते रद्द कर दिए हैं। इनमें जामिया मिल्लिया, जेएनयू, इंदिरा गांधी ओपन विश्वविद्यालय और कानपुर विश्वविद्यालय शामिल हैं।

## जाति जनगणना निष्पक्ष तरीके से हो



प्रधानमंत्री मोदी जाति जनगणना के खिलाफ थे, लेकिन यह उनका दबाव था, जिसने श्री मोदी को राष्ट्रीय स्तर की जाति जनगणना के लिए तैयार होने को मजबूर कर दिया, हम चाहते हैं कि जाति जनगणना निष्पक्ष और सही तरीके से हो, ताकि विकास के रास्ते में पीछे रह गए लोगों की वास्तविक स्थिति सामने आ सके, तेलंगाना में कांग्रेस सरकार ने जाति जनगणना सही तरीके से कराई, अब केंद्र की मोदी सरकार को तेलंगाना की तर्ज पर जाति जनगणना करानी चाहिए, देश में अनुसूचित जाति , अनुसूचित जनजाति , अति पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यकों की आबादी 90 प्रतिशत है, इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद इन सभी को हर रोज यातना व उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है, उच्च न्यायपालिका, नौकरशाही और कॉर्पोरेट क्षेत्र में एससी, एसटी और ओबीसी और ईबीसी की भागीदारी शून्य है।

**राहुल गांधी**
**सांसद, कांग्रेस**

# डेंगू में लापरवाही जिंदगी पर पड़ सकती है भारी

**श्वेता गोयल**



डेंगू एक ऐसी गंभीर बीमारी है, जिसके चलते हर साल काफी संख्या में लोगों की मौत हो जाती है। अब लगभग हर साल देश के विभिन्न राज्यों के अनेक इलाके डेंगू और वायरल बुखार के कोप से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं और हम इस बेबसी पर केवल आंसू ही बहाते रह जाते हैं। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। डेंगू के लगातार सामने आते मामलों को देखते हुए डेंगू से बचाव को लेकर अत्यधिक सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि अभी तक इसकी कोई वेक्सीन नहीं बनी है, इसलिए डेंगू से बचाव के उपाय ही सबसे अहम हैं।

मानसून के साथ डेंगू और चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों के पनपने का मौसम शुरू होता है, इसीलिए इस बीमारी को लेकर लोगों में व्यापक जागरूकता फैलाने के लिए सरकार द्वारा इसके लिए 16 मई का दिन निर्धारित किया गया। डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है। पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं। वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जाता रहा है, वह कोई नई बात नहीं है बल्कि प्रतिवर्ष मानूसन के दौरान और उसकी विदाई के बीच डेंगू और मच्छर जनित बीमारियों का बोलबाला बहुत ही सामान्य सी बात है। इसके बावजूद हर साल की वही कहानी और डेंगू के कारण होती सैंकड़ों मौतों के आंकड़े शासन-प्रशासन से लेकर सामुदायिक स्तर पर होती लापरवाही को ही स्पष्ट परिलक्षित करते रहे हैं। चिंता की बात यह है कि अब डेंगू के मामले केवल मौसम विशेष तक ही सीमित नहीं रहमे बल्कि सालभर डेंगू के मामले सामने आते रहते हैं।




**डेंगू नामक बीमारी कितनी भयावह हो सकती है, उसका अनुमान इसी पहलू से आसानी से लगाया जा सकता है कि समय से उपचार नहीं मिलने के कारण डेंगू पीड़ित व्यक्ति की मौत भी हो जाती है, पिछले साल देश के विभिन्न राज्यों और विशेषकर उत्तर प्रदेश में डेंगू से पीड़ित हुए कई मरीजों की मौत के आंकड़े इसकी पुष्टि भी करते हैं, वैसे देश में डेंगू का जो प्रकोप देखा जा रहा है, वह कोई नई बात नहीं है**

तमाम दूसरी बीमारियों की ही तरह डेंगू से बचाव का भी सबसे आसान और कारगर उपाय यही है कि उसकी चपेट में ही न आया जाए और इसके लिए अपेक्षित सावधानियां बरती जाएं। चूंकि डेंगू मच्छरों के कारण फैलता है और मच्छर प्राय: गंदगी और ठहरे हुए पानी में पनपते हैं, इसलिए सबसे जरूरी तो यही है कि डेंगू से बचने के लिए अपने आसपास स्वच्छता का पर्याप्त ध्यान रखा जाए। फिर भी यदि कोई व्यक्ति इस बीमारी की जद में आ जाए तो उसे बिना देर किए अपना उपचार शुरू कर देना चाहिए। यदि समय से सही इलाज नहीं मिले तो डेंगू अमूमन चार-पांच दिनों में ही गंभीर रूप धारण कर लेता है। हालांकि कई बार कुछ मरीजों में यह देखने को भी मिलता है कि डेंगू से पीड़ित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो जाता है और ऐसी स्थिति में मरीज और उसके परिजनों को यही लगता है कि मरीज डेंगू से उबर गया है लेकिन ऐसे अधिकांश मामलों में लापरवाही मरीज की जान पर भारी पड़ जाती है।

किसी भी व्यक्ति में डेंगू के शुरुआती लक्षण उभरने के बाद ऐसी विकट परिस्थितियों से सामना न हो, उसके लिए जरूरी है कि लोगों को डेंगू से बचाव के लिए जागरूक करने पर विशेष जोर दिया जाए। दरअसल जानलेवा डेंगू से बचने के लिए सावधानियां और सतर्कता बरता जाना बेहद जरूरी है। डेंगू हो या मच्छर जनित अन्य बीमारियां, उनसे बचने के लिए अपने आसपास के स्थान की समुचित साफ-सफाई करने को अपनी आदतों का हिस्सा बना लेना अत्यंत आवश्यक है। दरअसल अमूमन देखा जाता है कि लोग अपने घरों की साफ-सफाई तो कर लेते हैं किन्तु अपने आस-पड़ोस की उन्हें कोई फिक्र नहीं होती। इस स्तर पर बरती जाने वाली लापरवाही प्राय: बहुत भारी पड़ती है। यदि किसी व्यक्ति को डेंगू हो भी जाए तो सबसे जरूरी है उसकी डाइट पर विशेष ध्यान दिया जाए और उसके इम्यून सिस्टम को सही रखने का भी प्रयास किया जाए। डेंगू के मरीज को संतुलित और पौष्टिक आहार ही दिया जाना चाहिए।

डेंगू के उपचार में बहुत से लोग घरेलू नुस्खों का भी सहारा लेते हैं और इन नुस्खों में तुलसी का उपयोग बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा डेंगू हो जाने पर घरेलू नुस्खों में नारियल पानी एक अच्छा विकल्प है, जिसे शरीर में रक्त कोशिकाओं की कमी को पूरा करने में मददगार माना जाता है। दरअसल नारियल पानी में काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स के अलावा बहुत सारे खनिज पदार्थ भी होते हैं। डेंगू के उपचार में विटामिन सी से भरपूर वस्तुओं का उपयोग भी बहुत लाभकारी माना गया है, जो शरीर के रोग प्रतिरोधी तंत्र को मजबूत बनाए रखती हैं। इसलिए डेंगू हो जाने पर विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करना लाभकारी है। बहरहाल, यदि इसके बावजूद मरीज की स्थिति में कोई सुधार नजर नहीं आए या परेशानियां बढ़ती दिखें तो तुरंत अपने चिकित्सक या नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करना चाहिए क्योंकि डेंगू के इलाज में लापरवाही मरीज की जिंदगी पर बहुत भारी पड़ सकती है।

**( लेखिका डेढ़ दशक से शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी हैं )**

# प्रकृति के रहस्यों की खोज...

**सत्यवती एम. सिरसाट**

अपने बारे में लिखने बैठें, तो बचपन से जुड़े अनुभव और यादें उभर ही आती हैं। मेरा जन्म कराची में हुआ था, और मेरे पिता के शिपिंग व्यवसाय के कारण हम कई देशों में भटक ते रहे। मेरे माता-पिता कट्टर थियोसॉफिस्ट थे इसलिए उन्होंने मुझे बेसेंट मेमोरियल स्कूल में भेजा, जिसे डॉ. जॉर्ज और रुक्मणी अरुंडेल चलाते थे। रुक्मणी ने कलाक्षेत्र में रहते हुए प्राचीन भारतीय कला और संगीत का पुनर्जागरण किया था। किशोरावस्था में मैंने पॉल डी क्रुइफ की किताब दी माइक्रोब हंटर्स पढ़ी, जिसने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला। औपचारिक शिक्षा के साथ मुझे सांस्कृतिक धरोहर का भी लाभ मिला। मैंने मुंबई के सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज से माइक्रोबायोलॉजी में डिग्री प्राप्त की। पहली बार जब मैंने प्रकाशीय सूक्ष्मदर्शी से ग्राम पॉज़िटिव व ग्राम नेगेटिव जीवाणुओं की मिली-जुली स्लाइड देखी तो मुझे ऐसा जज़्बाती रोमांच हुआ जिसे मैं कभी भूल नहीं सकती।

डिग्री प्राप्त करने के अगले ही दिन मैं बिना सोचे-समझे प्रयोगशाला के अध्यक्ष और टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के प्रमुख पैथोलॉजिस्ट (कैंसर और सम्बंधित रोग) डॉ. वी. आर. खानोलकर के कार्यालय के बाहर खड़ी थी। न कोई फोन कॉल न कोई अपॉइंटमेंट-मैं तो बस उनसे मुलाकात के इंतज़ार में खड़ी रही। करीब दो घंटे बाद उन्होंने मुझे अंदर बुलाया और लंबी बातचीत की। मुझे नहीं पता था कि यह उनका युवाओं का साक्षात्कार लेने का तरीका था। अंत में उन्होंने मुझसे पूछा कि अभी जिस बारे में बातचीत हुई है, क्या मैं वह सब संभाल पाऊंगी। मैंने युवा अक्खड़पन के साथ कहा कि बिलकुल! और इस तरह मेरे विज्ञान के जीवन की शुरुआत हुई।

डॉ. खानोलकर बहुआयामी व्यक्तित्व थे। वे एक चिकित्सक थे जिनमें वैज्ञानिक सोच तो स्वाभाविक रूप से थी। साथ ही वे कला प्रेमी, भाषाविद् और कई भाषाओं के साहित्य के विद्वान भी थे। मैंने उनसे व्यापक वैज्ञानिक और कलात्मक दृष्टिकोण सीखा।

1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया। एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी। हम तीन लोगों को विदेश भेजा गया ताकि हम जैव-चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी नई तकनीकों जैसे जेनेटिक्स, टिशू कल्चर और इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी सीखकर लौटें। विज्ञान के दिग्गजों-हैंसस सेलिये, अल्बर्ट ज़ेंट-गेओरगी, लायनस पॉलिंग, एलेक्स हैडो, चार्ल्स ओबरलिंग और विलियम ऐस्टबरी-की प्रयोगशालाओं में काम करके विज्ञान की विधियों के साथ-साथ, मैंने वह वैज्ञानिक तहजीब भी सीखी जो आधुनिक जैव-चिकित्सा अनुसंधान के लिए आवश्यक है। लौटकर मैंने अल्ट्रास्ट्रक्चरल सायटोलॉजी और डायग्नोस्टिक मॉलिक्यूलर पैथोलॉजी में भारत की पहली बायोमेडिकल प्रयोगशाला स्थापित की। इस केंद्र में विद्यार्थियों की भीड़ जुटने लगी, और यह अपने काम के लिए दुनिया भर में प्रसिद्ध हो गया। इस प्रयोगशाला में हमने कोशिका झिल्ली के सामान्य से असामान्य में परिवर्तित होने, कैंसर, जंक्शनल कॉम्प्लेक्स और कैंसर के फैलाव, वायरस, रक्त, स्तन और नाक के कैंसर पर अध्ययन किए। हमारा मुख्य ध्यान मुंह के कैंसर की कैंसर-पूर्व स्थितियों, जैसे ल्यूकोप्लाकिया और ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस तथा, सच कहूं तो, भारत में पान और तंबाकू के सेवन से फैलने वाले मुंह के कैंसर पर था। प्रयोगशाला में प्रशिक्षित शोधार्थियों को औपचारिक वैज्ञानिक प्रशिक्षण के साथ-साथ और भी बहुत कुछ सीखने को मिला। जब बॉम्बे युनिवर्सिटी ने लाइफ साइंसेज़ में स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किए तो यह एक वरदान था। मैं हमेशा अस्पताल के गलियारों में पीड़ित मानवता के प्रति जागरूक रही। हम अपने काम के वैज्ञानिक पहलुओं (जैसे इलेक्ट्रॉन हिस्टोकेमिस्ट्री, इम्यून इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी, इलेक्ट्रॉन ऑटोरेडियोग्राफी, क्रायोइलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी) के साथ-साथ मानवीय पक्ष को लेकर भी सचेत थे। कैंसर रोगियों के जीवन और उनकी मृत्यु की निकटता ने मुझे शांति अवेदना आश्रम-भारत का पहला हॉस्पाइस (मरणासन्न रोगियों का आश्रय)-शुरू करने के लिए प्रेरित किया। मैं इस संस्थान की संस्थापक ट्रस्टी और काउंसलर रही।

**1948 में भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने टाटा मेमोरियल के पैथोलॉजी विभाग को एक पूर्ण कैंसर अनुसंधान संस्थान बनाने का निर्णय लिया, एक वरिष्ठ शोध छात्र से ऊपर उठकर मैं इस नए शोध केंद्र की संस्थापक सदस्य बनी**

मैं यह बता चुकी हूं कि कैसे युवावस्था में रोमांस और यथार्थ ने मेरे मन पर गहरा प्रभाव डाला और मुझे इस रास्ते पर धकेल दिया। जहां तक मार्गदर्शकों की बात है, मेरे पहले गुरु मेरे पिता थे। वे स्वभाव से एक अध्येता थे जिन्होंने शुरुआत सेंट ज़ेवियर कॉलेज में अंग्रेज़ी के प्रोफेसर के रूप में की थी, लेकिन बाद में शिपिंग के क्षेत्र में चले गए। वे खूब पढ़ते थे और संस्कृत के विद्वान थे। ये गुण उन्होंने अपने बच्चों को भी दिए। वे लेखक भी थे। वैज्ञानिक जीवन में मेरे पहले मार्गदर्शक डॉ. खानोलकर थे, और दूसरे मेरे पति, डॉ. एम. वी. सिरसाट, जिन्होंने मेरे जीवन में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हमारे बीच उम्र का काफी अंतर था, लेकिन वे मेरे दोस्त, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। वे एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने ऑन्को-पैथोलॉजिस्ट (कैंसर-निदान विशेषज्ञ) थे, जो सामान्य से रोगग्रस्त अवस्था की ओर संक्रमण, विशेषकर नियोप्लेसिया और दुर्दम्यता (मैलिगनेंसी) के संदर्भ में गहन जानकारी रखते थे। वे नौजवान पैथोलॉजिस्ट्स के बीच बेहद लोकप्रिय शिक्षक थे। जब भी मुझे इस भयावह बीमारी की जटिलताओं से जूझना पड़ता, वे इसे धैर्य और स्नेह से हल कर देते। हमारा यह साथ काफी अद्भुत था। उन्होंने मेरे शोध को हर संभव समर्थन दिया और मेरी पेशेवर उपलब्धियों पर गर्व महसूस किया।

क्या मैंने कभी अपना करियर बदलने पर विचार किया? नहीं, कभी नहीं! मैं कभी भी अपने पेशे को बदलने के बारे में सोच नहीं सकी। यह सिर्फ एक नौकरी नहीं थी, यह टाटा मेमोरियल सेंटर और पूरी दुनिया की प्रयोगशालाओं में मेरी साधना और तपस्या थी। यह मेरे काम के साथ एक 'प्रेम कहानी' थी, जिसमें मैंने जो ज्ञान अर्जित किया, उसे भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया के सैकड़ों विद्यार्थियों तक पहुंचाया।

**स्रोत फीसर्च**

सेवानिवृत्त के बाद भी मैं टाटा मेमोरियल सेंटर की मेडिकल एथिक्स कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम करती रही। मैंने 17 साल तक भारतीय विद्या भवन आयुर्वेदिक केंद्र में 'प्राचीन ज्ञान और आधुनिक खोज' पर काम किया। इस कार्य में संस्कृत के ज्ञान ने मेरी काफी मदद की। मैंने वृद्धात्रयी-चरक, सुश्रुत और वाग्भट में कैंसर वर्गीकरण के एक प्रोजेक्ट पर काम किया। यह देखकर हैरानी होती है कि इन प्राचीन विद्वानों के विवरण आधुनिक विज्ञान से कितनी अच्छी तरह मेल खाते हैं। उन्हें विभिन्न ऊतकों (टिश्यू) के ट्यूमर और उनके जैविक व्यवहार, सौम्य और घातक (बेनाइन और मैलिग्नेंट) कैंसर तथा हड्डी और रक्त कैंसर के बारे में गहरी जानकारी थी। उनके पास तो केवल मानव शरीर, मृत व्यक्ति का बारीकी से निरीक्षण तथा उनका अंतर्ज्ञान ही एकमात्र साधन था। आखिर में युवा वैज्ञानिकों के लिए कुछ बातें: क्या आप एक सम्मानित वैज्ञानिक कहलाना चाहते हैं? जीवन के सिद्धांत सख्त होते हैं! अपने काम के प्रति ईमानदार रहें और खुद से सच्चे रहें। अनुशासन बनाए रखें। अपने साथी वैज्ञानिकों के काम का कभी अपमान न करें। सतर्क रहें दृ अपनी लॉगबुक या रिकॉर्ड में किसी पहले से तय सिद्धांत के अनुसार कभी हेरा-फेरी न करें।

# पाकिस्तान से टेंशन के कम होने के बाद ब्रिटेन के साथ भारत की 'महाडील' पर ध्यान देने की बारी

**अशोक भाटिया**



हाल ही में भारत और ब्रिटेन ने एक बड़ा व्यापार समझौता किया है। यह समझौता फ्री ट्रेड एग्रीमेंट है। इसके साथ ही एक और समझौता हुआ है, जिसका नाम है डबल कंट्रीब्यूशन कन्वेंशन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटेन में उनके समकक्ष कीर स्टारमर ने इस बारे में बात की। दोनों देशों के बीच व्यापार को बढ़ाने के लिए यह समझौता बहुत महत्वपूर्ण है। इससे भारत और ब्रिटेन दोनों को फायदा होगा। व्यापार में आसानी होगी, निवेश बढ़ेगा, नौकरियां मिलेंगी और नए विचारों को बढ़ावा मिलेगा। यह समझौता तीन साल से चल रही बातचीत के बाद हुआ है।




इसका लक्ष्य है कि 2040 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 25.5 अरब पाउंड बढ़ जाए। ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस समझौते से 2040 तक ब्रिटेन की जीडीपी में 4.8 अरब पाउंड की बढ़ोतरी होगी। यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब भारत और पाकिस्तान के बीच टेंशन बढ़ी है। भारत और ब्रिटेन के मुक्त व्यापार समझौते पर सहमत होने के ठीक बाद भारत ने आधी रात के बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, और व्यापार के विकास को स्वाभाविक रूप से नजरअंदाज कर दिया गया। आज, लगभग एक हफ्ते बाद, भारत और पाकिस्तान एक हथियार समझौते पर पहुंच गए हैं, इसलिए मुक्त व्यापार समझौते के महत्वपूर्ण मुद्दे पर ध्यान देना समय होगा। डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दूसरे कार्यकाल में सत्ता में आने के बाद अलग-अलग तीव्रता के साथ दुनिया के सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने की नीति की घोषणा की। अन्य देशों ने अपने माल को अत्यधिक शुल्क के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका को बेच दिया। बदले में, उन्होंने अपने बाजारों में अमेरिकी सामानों पर भारी शुल्क लगाया। ट्रम्प ने वास्तव में सहयोगियों पर उतना ही आयात शुल्क लगाया जितना दुश्मनों पर। इस नीति में आर्थिक ज्ञान कम और खोखला राष्ट्रवाद अधिक था। बुद्धिमत्ता को महसूस करने के बाद, कई टैरिफ काट दिए गए या लागू किए गए।

जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका के इस रुख ने दुनिया भर में दो-राष्ट्र व्यापार समझौते की आवश्यकता पैदा की। यह भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते के पूरा होने का कारण है, जो कुछ वर्षों से बातचीत में अटका हुआ है। दोनों देश आगे बढ़ने के लिए सहमत हुए। सौदे के कुछ विवरण अभी तक स्पष्ट नहीं किए गए हैं। भारत के ठीक दो दिन बाद अमेरिका ने भी ब्रिटेन के साथ ट्रेड डील साइन की। उनमें से अधिकांश विवरण अभी तक जारी नहीं किए गए हैं। ब्रिटेन की पहल के कारण यूरोपीय संघ भी भारत के साथ व्यापार समझौते के लिए जोर दे रहा है। समूह की संयुक्त आर्थिक ताकत ब्रिटेन की तुलना में बड़ी है। जबकि यह सब चल रहा है, यह अत्यधिक संभावना है कि अमेरिका भी व्यापार सौदे को पूरा करने के लिए भारत के लिए 'प्यार खो देगा'। भारत के लिए, जिसने वर्षों से एक बंद अर्थव्यवस्था और सुरक्षित बाजारों को लागू किया है, इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ मुक्त या अधिकतर मुक्त व्यापार करने में, उसे कुछ प्रक्रियाओं का पालन करना होगा और कुछ व्यापार बाधाओं को छोड़ना होगा। यह स्पष्ट नहीं है कि इससे आर्थिक लाभ क्या होंगे। फिर भी कुछ विदेशी वस्तुओं से निपटने के लिए कृषि और लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्रों की आर्थिक और मानसिक तैयारी भारतीय बाजारों में सस्ती होगी। इस बारे में कुछ धारणाएं होनी चाहिए। जब दुनिया के किसी भी देश में व्यापार समझौता और टैरिफ कटौती होती है, तो संबंधित देशों में सभी प्रकार की प्रतिक्रियाएं होती हैं, हल्की, मध्यम और गंभीर। उन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व चुनावों को बहुत गंभीरता से ले रहा है, इसलिए सरकार को आर्थिक और राजनीतिक लाभों को संतुलित करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। पहला, भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते के बारे में। दुनिया की पांचवीं और छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच समझौता दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है। यह पहली बार है जब भारत ने एक प्रमुख देश के साथ इस तरह के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, और यह ब्रेक्सिट के बाद से यूके द्वारा सबसे बड़ा व्यापार सौदा था। यह अगले कुछ वर्षों में ब्रिटेन से भारत में आयात किए जाने वाले 90 प्रतिशत माल पर टैरिफ में कटौती करेगा, जबकि ब्रिटेन में भारत के निर्यात का 99 प्रतिशत विभिन्न दरों पर कटौती की जाएगी। समझौते के तहत दोनों देशों के 34 अरब डॉलर (करीब 3 लाख करोड़ रुपये) बढ़ने की उम्मीद है। भारत में कपड़ा, फल और सब्जियां, मांस, मछली, चमड़ा, वाहनों के स्पेयर पार्ट्स और आभूषणों के निर्यातकों को इससे लाभ होने की उम्मीद है, जबकि ब्रिटेन में शराब और ऑटोमोबाइल उद्योगों के लिए भारतीय बाजार टैरिफ कटौती के लागू होने के बाद उपलब्ध होगा। प्रसारित किए गए छोटे आंकड़ों के आधार पर, व्हिस्की और जिन पर 150 प्रतिशत आयात शुल्क घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा। इसे एक वर्ष के भीतर घटाकर 40 प्रतिशत तक लाने का प्रस्ताव है। ब्रिटेन निर्मित कुछ कारों पर आयात शुल्क चरणबद्ध तरीके से 100 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत किया जाएगा। लेकिन इस फैसले में कई कमियां हैं। इंजन क्षमता और कोर कीमतों पर विचार किया जाएगा। कम लागत वाली कारों को बाहर रखा गया है ताकि भारत में बड़े पैमाने पर कार निर्माण कंपनियों को ज्यादा नुकसान न हो।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

## गर्मी में शरीर को हेल्दी और हाइड्रेटेड रखने के लिए जरूर करें इन तीन ड्रिंक्स का सेवन

गर्मी के मौसम में शरीर को हाइड्रेट रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। खासकर उन लोगों के लिए जो दिनभर एक्टिव रहते हैं, फिर चाहे ऑनलाइन हो या फिर चलते-फिरते। गर्मियों में सिर्फ पानी ही काफी नहीं होता, शरीर को ऊर्जा और इलेक्ट्रोलाइट्स की भी जरूरत होती है, जो पसीने के रूप में शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इससे थकान, चक्कर आना या डिहाइड्रेशन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए आज हम आपको तीन ऐसे कूल और हेल्दी ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो न सिर्फ आपको तरोताजा रखेंगे, बल्कि आपके गर्मियों के दिनों को भी सुपरचार्ज कर देंगे।

### आम पन्ना...

उन्होंने आम पन्ना की तारीफ करते हुए कहा कि यह पसीने से खोए तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को फिर से भरने में मदद करता है और विटामिन सी से भरपूर होता है। श्वेता ने आगे कहा कि आम पन्ना पाचन स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है और इसमें काला नमक और जीरा पाउडर मिलाने से इसका स्वाद और बढ़ जाता है। यह विटामिन सी का भी एक बेहतरीन स्रोत है, जो गर्मियों में शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है।

### बेल का जूस...

श्वेता ने बताया कि बेल फल, जिसे वुड एप्पल भी कहा जाता है, पोषक तत्वों से भरपूर होता है। इसका जूस पाचन में सुधार करने और गर्मी से संबंधित समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। बेल फल के जूस का सेवन करने से आप गर्मियों में अपने स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं।

### फालसा जूस...

श्वेता ने बताया कि फालसा या भारतीय ब्लैकबेरी एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है और इसका जूस शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। उन्होंने कहा कि फालसा जूस एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है और इसका सेवन करने से आप अपने स्वास्थ्य को लाभ पहुंचा सकते हैं। श्वेता ने सलाह दी कि जूस को ज्यादा न छानें ताकि इसके पोषक तत्वों का पूरा लाभ मिल सके।

श्वेता ने अपने कैप्शन में इन जूस के सेवन के लिए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि बेल के जूस में कोई चीनी या स्वीटनर नहीं डालना चाहिए। आम पन्ना में चीनी या गुड़ मिलाने से इसका असर उलट हो सकता है और शरीर निर्जलित हो सकता है।

## ट्रम्प को चढ़ा नया फितूर

# भारत में उत्पादन पर ट्रम्प ने एप्पल को चेताया



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एप्पल के सीईओ टिम कुक से कहा है कि भारत में फैक्ट्रियां लगाने की जरूरत नहीं है। मैं नहीं चाहता हूं कि एप्पल के प्रोडक्ट वहां बनाएं। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल सीईओ के साथ हुई इस बातचीत की जानकारी ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ कार्यक्रम में दी। उन्होंने कहा कि एप्पल को अब अमेरिका में प्रोडक्शन बढ़ाना होगा। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि भारत ने हमें ट्रेड में जीरो टैरिफ डील की पेशकश की है। उन्होंने कहा कि भारत हमसे ट्रेड में कोई चार्ज नहीं लेने को तैयार है। ट्रम्प ने गुरुवार को कतर की राजधानी दोहा में बिजनेस लीडर्स के साथ एक कार्यक्रम में एप्पल सीईओ के साथ हुई बातचीत की जानकारी दी। मुझे कल टिम कुक के साथ थोड़ी परेशानी हुई। मैंने उनसे कहा, टिम, तुम मेरे दोस्त हो, मैंने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया, तुम 500 बिलियन डालर लेकर आ रहे हो, लेकिन अब मैं सुन रहा हूं कि तुम पूरे भारत में प्रोडक्शन कर रहे हो। मैं नहीं चाहता कि तुम भारत में प्रोडक्शन करो।

अगर तुम भारत का ख्याल रखना चाहते हो तो तुम भारत में निर्माण कर सकते हो क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा टैरिफ वाले देशों में से एक है। भारत में बेचना बहुत मुश्किल है और उन्होंने हमें एक डील आफर की है जिसके तहत वे हमसे कोई टैरिफ नहीं वसूलने को तैयार हैं। मैंने टिम से कहा, टिम, देखो, हमने तुम्हारे साथ बहुत अच्छा व्यवहार किया है, हमने वर्षों तक चीन में तुम्हारे द्वारा बनाए गए सभी संयंत्रों को सहन किया, अब तुम्हें अमेरिका में निर्माण करना होगा, हम नहीं चाहते कि तुम भारत में निर्माण करो। इंडिया अपना ख्याल खुद रख सकता है। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने हाल ही दिए एक इंटरव्यू में बताया था कि अमेरिकी बाजार में बिकने वाले 50 प्रतिशत आईफोन भारत में बन रहे हैं। कुक ने कहा कि भारत अप्रैल-जून तिमाही में अमे. रिका में बिकने वाले आईफोन्स का कंट्री आफ ओरिजिन बन जाएगा। उन्होंने बताया कि एयरपाड्स, एप्पल वाच जैसे अन्य प्रोडक्ट्स भी ज्यादातर वियतनाम में बनाए जा रहे हैं। फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए एप्पल काफी समय से अपनी सप्लाई चेन को वहां से बाहर शिफ्ट करने पर काम कर रही है। एप्पल अगर अपनी असेंबलिंग भारत की ओर इस साल के आखिर तक शिफ्ट कर लेती है, तो 2026 से यहां सालाना 6 करोड़ से ज्यादा आईफोन का प्रोडक्शन होगा। यह मौजूदा कैपेसिटी से दोगुना है। आईफोन के मैन्युफैक्चरिंग पर अभी चीन का दबदबा है। IDC के अनुसार, 2024 में कंपनी के ग्लोबल आईफोन शिपमेंट में इसका हिस्सा लगभग 28 प्रतिशत था।

## अंबानी ने दोहा में ट्रम्प, अमीर शेख से की मुलाकात

**दोहा।** रिलायंस उद्योग के अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने गुरुवार को दोहा में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और कतर अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी से मुलाकात की।

अमेरिका के राष्ट्रपति पश्चिम एशिया की यात्रा में है। इसमें अमे. रिका और कतर के बीच 1.2 लाख करोड़ डॉलर के आर्थिक आदान-प्रदान की घोषणा शामिल है। अंबानी की उपस्थिति रिलायंस इंडस्ट्रीज के वैश्विक पदचिन्हों के विस्तार और कतर निवेश प्राधिकरण जैसी संस्थाओं के साथ इसके रणनी. तिक संबंधों को रेखांकित करती है, जिसने रिलायंस उपक्रमों में निवेश किया है और गूगल और मेटा जैसी अमेरिकी तकनीकी दिग्गज कंपनियों के साथ है।

# भारत के हमले: पाक को भारी कीमत चुकानी पड़ी

### ज्यादा सटीक हमले किए, सैन्य ठिकानों व एयरबेस को बनाया निशाना

**न्यूयार्क।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चली सैन्य झड़प पिछले 50 सालों में सबसे बड़ी लड़ाई थी। दोनों देशों ने एक-दूसरे की एयर डिफेंस क्षमताओं को परखा और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों के लिए ड्रोन और मिसाइलों का इस्तेमाल किया। दोनों ने एक-दूसरे को गंभीर नुकसान पहुंचाने का दावा किया। सैटेलाइट तस्वीरों से पता लगा कि हमले काफी ज्यादा थे, लेकिन नुकसान दावे से कहीं कम था। इनमें भी ज्यादातर हमले भारत ने पाकिस्तानी ठिकानों पर किए थे। इस हाई-टेक वारफेयर की जमाने में दोनों पक्षों ने सटीक निशाना साधा। इस लड़ाई में दोनों पक्षों की सेनाओं को नुकसान भी उठाना पड़ा है। भारत ने पांच सैनिकों के नुकसान की बात स्वीकार की है, जबकि पाकिस्तान ने 11 सैनिकों के नुकसान की बात कही है।

हमलों से पहले और बाद की हाई रिजाल्यूशन तस्वीरों से पता चला है कि भारतीय हमलों से पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। ये हमले सीमित और सटीक थे। पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची से 150 किमी से भी कम की दूरी पर मौजूद भोलारी एयरबेस को भारत ने निशाना बनाया। भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुताबिक उन्होंने एक विमान हैंगर पर सटीक हमला किया। सैटलाइट तस्वीरों से भारत का यह दावा सही नजर आया। तस्वीरों में हैंगर वाली जगह पर साफ तौर पर बड़ा नुकसान दिखाई दे रहा है। पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर भारत ने नूर खान एयरबेस को निशाना बनाया। परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी और सिक्योरिटी यूनिट यहां से कुछ ही दूरी पर है। इस लिहाज से यह सबसे संवेदनशील सैन्य टारगेट था, जिस पर भारत ने हमला किया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के रहीम यार खान एयर खान एयरबेस को भी निशाना बनाया।

## मेक्सिको में हुए सड़क हादसे में 21 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मध्य-पूर्वी राज्य पुएब्ला में राजमार्ग दुर्घटना में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुएब्ला के आंतरिक मंत्री सैमुअल एगुइलर ने सोशल प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह हादसा तीन वाहनों से जुड़ा हुआ है और इसके कारण कई अन्य लोगों को चोटें आई हैं, जिनका इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना बुधवार सुबह कुआकनोपालन-ओक्साका राजमार्ग के किलोमीटर 31 पर हुई। घटनास्थल पर एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन सेवाएं काम कर रही हैं। स्थानीय मीडिया ने बताया कि घातक टक्कर उस समय हुई, जब एक ट्रक ने विपरीत लेन में जाने से पहले एक अन्य वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया और फिर एक बस को टक्कर मार दी, फिर एक परिवहन वैन से टकरा गया।

## शुभांशु शुक्ला 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे



**नई दिल्ली।** इंडियन एस्ट्रोनाट शुभांशु शुक्ला एक्सिओम मिशन 4 के तहत अब 8 जून को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाएंगे। यह मिशन पहले 29 मई को होना था लेकिन अब लॉन्च शेड्यूल में बदलाव हुआ है। नासा ने एक्स पर बताया-स्पेस स्टेशन की फ्लाइट शेड्यूल के रिव्यू के बाद कई मिशन के लॉन्च तारीखों में बदलाव हुआ है। एक्सिओम मिशन 4 फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से 8 जून शाम 6:41 बजे (भारतीय समयानुसार) लॉन्च होगा। एक्सिओम मिशन 4 में चार देशों के चार एस्ट्रोनाट 14 दिन के लिए स्पेस स्टेशन जाने वाले हैं। नासा और इसरो के बीच हुए एग्रीमेंट के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को इस मिशन के लिए चुना गया है।

## हमने भारत के घमंड को धूल में मिलाया: पाक पीएम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पंजाब प्रांत के सियालकोर्ट पसरूर छावनी में पाकिस्तानी सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमने भारत के अहंकार को धूल में मिला दिया है। डान न्यूज के मुताबिक पाक पीएम ने कहा-दुश्मन, जो हमसे बड़ा है, उसे इस बात पर घमंड था कि उसके पास अरबों डालर के मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। हमने उसे बहुत बड़ा झटका दिया है। हम युद्ध और शांति दोनों के लिए तैयार हैं। चुनाव आपका (भारत) है। शहबाज शरीफ ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा-अगर आप हमारा पानी रोकते हैं, तो यह हमारी रेड लाइन है। पानी पर हमारा हक है। हमारी सेना हमारे अधिकार के लिए लड़ेगी। पाक पीएम शहबाज शरीफ ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी सरगना मसूद अजहर को 14 करोड़ रुपये (पाकिस्तानी करेंसी में) देने का ऐलान किया है। बहावलपुर में जैश के आतंकी ठिकानों पर आपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की स्ट्राइक में मसूद के परिवार के 14 लोग मारे गए थे। इनमें मसूद की बहन और भांजे-भतीजे शामिल थे।

## इंडोनेशिया में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादी मारे गए

**जकार्ता।** इंडोनेशियाई सेना ने गुरुवार को कहा कि उसके गश्ती दल ने देश के मध्य पापुआ प्रांत के इंतान जया रीजेंसी में 18 संदिग्ध सशस्त्र अलगाववादियों को गोली ढेर कर दिया। टीएनआई के प्रवक्ता क्रिस्टोमी सियानतुरी ने एक बयान में कहा कि बुधवार सुबह स्थानीय समयानुसार सुबह चार से पांच बजे के बीच टिटिगी, नडुगुसिगा, जैनडापा, सुगापा लामा और ज़ानम्बा गांवों में गोलीबारी हुई। सियानतुरी के अनुसार गश्ती दल का उद्देश्य शुरू में उन गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा सेवाएं प्रदान करना था।

## सूडानी छात्र की चाकू घोंपकर हत्या, 6 पकड़े

**फगवाड़ा।** पंजाब के फगवाड़ा में एक निजी विश्वविद्यालय के निकट गुरुवार सुबह हुए हिंसक झगड़े में एक सूडानी छात्र की बेरहमी से चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई तथा अन्य एक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय छात्र समुदाय में शोक की लहर दौड़ गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गौरव तूरा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक रूपिंदर भट्टी और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में फगवाड़ा पुलिस टीम ने त्वरित और सराहनीय कार्रवाई करते हुए अपराध के पांच घंटे के भीतर सभी छह आरोपियों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना आज तड़के लॉ गेट के पास ग्रीन वैली इलाके में हुई, जो कि गांव माहेरू में है- यह अंतर्राष्ट्रीय छात्रों, खासकर अफ्रीकी देशों से आए छात्रों का आवासीय केंद्र है। तूरा ने बताया कि सतनामपुरा पुलिस थाने में दर्ज प्राथमिकी और घायल छात्र अहमद मोहम्मद नूर अहमद हुसैन के बयान के अनुसार, वह और मृतक मोहम्मद वादा बाला यूसुफ अहमद, दो सूडानी महिला छात्रों के साथ सुबह की नमाज (नवाज) से लौट रहे थे, जब उन्हें कुछ लोगों के एक समूह ने रोका।

# सीरिया पर लगे तमाम प्रतिबंध हटे

### 84 करोड़ के इनामी आतंकवादी से मिले ट्रम्प

**रियाद।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सीरिया पर लगाए गए सभी अमेरिकी प्रतिबंधों को खत्म करने का आदेश दिया है। ट्रम्प ने कहा कि यह फैसला सीरिया को दोबारा तरक्की करने का मौका देगा।

इस आदेश के अगले ही दिन ट्रम्प ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात की। कभी टाप मोस्ट वांटेड आतंकी रह चुके अल-शरा से ट्रम्प की मुलाकात की चर्चा पूरी दुनिया में हो रही है। अहमद अल-शरा ने 2011 में सीरिया में कई आत्मघाती हमले कराए थे।

अमेरिका ने उस पर 10 मिलियन डालर (करीब 84 करोड़ रुपये) का इनाम रखा हुआ था, जिसे 5 महीने पहले दिसंबर में हटा दिया गया था। ट्रम्प के साथ सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा (दाएं)। इस मुलाकात के दौरान सऊदी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (बाएं) भी मौजूद रहे। अहमद अल-शरा को पहले अबू मोहम्मद अल-जुलानी के नाम से जाना जाता था।

जुलानी 2003 में मेडिकल की पढ़ाई छोड़ अल कायदा नेताओं के संपर्क में आया। उसे अमेरिकी सेना ने 2006 में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल से छूटने के बाद अल-शरा ने 2012 में अल कायदा की सीरिया शाखा जबात अल-नुस्र का गठन किया।

2016 में वह अल कायदा से अलग हो गया और हयात तहरीर अल-शाम HTS की स्थापना की। दिसम्बर 2024 में बशर अल-असद के पतन के बाद जुलानी ने सत्ता संभाली। इसके बाद दुनिया को उसके असली नाम का पता चला।

# कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद में रिकॉर्ड गिरावट



पहलगाम में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित।

**नगर।** कश्मीर में स्थानीय आतंकवाद अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है, जहां पिछले तीन दिनों में दक्षिण कश्मीर में छह स्थानीय आतंकवादियों के मारे जाने के बाद सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या एकल अंक पर आ गई है।यह संख्या 1990 के दशक में आतंकवाद शुरू होने के बाद से सबसे कम है। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। उन्होंने कहा कि हालांकि,क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों की संख्या लगभग 40 है। मंगलवार को, लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन स्थानीय आतंकवादी-शाहिद कुट्टे, अदनान शफी डार और एहसान उल हक शेख केलर के ऊपरी इलाकों में एक मुठभेड़ में मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, शाहिद दक्षिण कश्मीर में लश्कर के ऑपरेशन कमांडर के रूप में काम कर रहा था।सभी शोपियां के रहने वाले थे।

अवंतीपोरा जिले के त्राल इलाके में गुरुवार को मुठभेड़ में तीन स्थानीय आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने कहा कि उनके मारे जाने के साथ ही कश्मीर में अब केवल सात स्थानीय आतंकवादी सक्रिय रह गए हैं। माना जाता है कि शेष बचे अधिकांश आतंकवादी वर्ष 2021 के बाद शामिल हुए हैं। अधिकारियों के अनुसार, उनमें से छह दक्षिण कश्मीर में सक्रिय हैं, जबकि एक उत्तरी कश्मीर में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि अधिकांश स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित हैं, हालांकि माना जाता है कि कुछ ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हथियारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। मंगलवार की मुठभेड़ से पहले केंद्रीय एजेंसियों ने क्षेत्र में सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या 14 आंकी थी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय आतंकवाद में गिरावट का मुख्य कारण हाल के वर्षों में नए आतंकवादियों की भर्ती में भारी कमी है, जिसके साथ-साथ आतंकवादी समर्थन नेटवर्क पर लगातार कार्रवाई भी की गई है।अधिकारियों ने यह भी नोट किया कि स्थानीय आतंकवादियों की कार्यशैली में बदलाव आया है। पहले के वर्षों के विपरीत, अब वे सोशल मीडिया पर तस्वीरें या दावा पोस्ट करने से बच रहे हैं और अधिक. ांशतः भूमिगत हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उनकी वर्तमान भूमिका में विदेशी आतंकवादियों को सैन्य एवं सामरिक सहायता प्रदान करना शामिल है, विशेष रूप से जंगली इलाकों में गुरिल्ला शैली में युद्ध करने के लिए मार्ग निर्देशन करने में। सक्रिय स्थानीय आतंकवादियों की संख्या हालांकि एकल अंक पर आ गई है, सुरक्षा एजेंसियों को हाइब्रिड आतंकवादियों को लेकर चिताएं बनी हुई हैं। हाल में हुए पहलगाम हमले के बाद, सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिया है, जिसमें आतंकवादियों के कई घरों को ध्वस्त करना शामिल है।

## सीईईडब्ल्यू के अरुणाभा घोष कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया के दूत नियुक्त

**नई दिल्ली।** जलवायु और ऊर्जा के क्षेत्र में एशिया के प्रमुख अध्ययन संस्थानों में एक राजधानी के काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के मुख्य अधिशासी अधिकारी डॉ. अरुणाभा घोष को जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन -कॉप 30 के लिए दक्षिण एशिया का दूत नियुक्त किया गया है। यह सम्मेलन इस साल नवंबर में 10 से 21 तारीख तक ब्राजील में बेलेम में आयोजित किया जाएगा। सीईईडब्ल्यू की विज्ञप्ति के अनुसार डॉ घोष कॉप 30 के लिए नियुक्त हुए आठ अंतर्राष्ट्रीय दूतों में से एक हैं, जो अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दूतों में जैसिडा अर्डर्न, पैट्रिशिया एस्पिनोसा, लॉरेंस ट्यूबियाना और अदनान अमीन (आईआरईएनए के पहले महानिदेशक और कॉप 28 यूएई के सीईओ) जैसी वैश्विक हस्तियां शामिल हैं।

**Recruitment For Teaching Staff**

Required:
Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed
B.A - Subjects: Political Science, Urdu
BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com

